

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 विराट को किसी भी कीमत पर टी-20 टीम में चाहते हैं ...

अरविंद केजरीवाल के लिए सिर्फ सीटों की लड़ाई नहीं, चेहरा बचाने की भी ... 12



वर्ष : 14 | अंक : 305 | नई दिल्ली, सोमवार, 18 मार्च, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## संक्षिप्त खबरें

### सारण में ट्रेन से कटकर दो लोगों की मौत

छपरा। बिहार में सारण जिले के पूर्वोत्तर रेलवे के छपरा जंक्शन-मांझी रेलखंड पर अलग-अलग घटनाओं में एक महिला समेत दो लोगों की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। छपरा जंक्शन राजकीय रेल थाना पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, छपरा-मांझी रेलखंड के मांझी स्टेशन के समीप ट्रेन से कटकर 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना में छपरा जंक्शन के पश्चिम रेलवे गुमटी संख्या 50-51 के मध्य में ट्रेन से कटकर एक महिला की मौत हो गई। मृतक महिला की उम्र करीब 65 वर्ष है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया गया है। सोशल मीडिया के माध्यम से मृतकों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

### राजस्थान में दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में चार लोगों की मौत

जयपुर/जैसलमेर। राजस्थान के जयपुर और जैसलमेर में रविवार सुबह दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में एक दंपति सहित चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि जयपुर-दिल्ली एक्सप्रेस हाइवे पर एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल पर जा रहे एक दंपति की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर के बाद बाइक सवार दंपति उछलकर 25 फीट ऊंची पुलिया से नीचे आकर गिरे। हादसे में दोनों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि हादसा रविवार सुबह खिरनी फाटक के पास हुआ। मृतक बाइक सवार दंपति की पहचान मालीराम वर्मा और पत्नी संजूलता के रूप में की गई है। दोनों सांगानेर जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में भेज दिया गया है और बाइक को टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है। जैसलमेर में एक निजी कंपनी के दो सुरक्षा गार्डों की ट्रेन से कटकर मौत हो गई।

### बिजनौर में दो कारों से 20 लाख 50 हजार रुपये बरामद

बिजनौर। उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले की कोतवाली शहर पुलिस ने शनिवार-रविवार दरमियानी रात को चेकिंग के दौरान दो कारों से 20 लाख 50 हजार रुपए बरामद किए। हालांकि अभी यह पता नहीं चल पाया है कि यह पैसा चुनाव के लिए था या नहीं। पुलिस के अनुसार, कार चालक नकदी के संबंध में संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। पुलिस ने पूरी रकम जब्त कर ली है और स्टेटिक सर्विलांस टीम को भी बुलाया है। शनिवार रात कोतवाली शहर थाने की टीम चार भगीरथ गंगा बैराज चौकी पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने दोनों कारों की तलाशी ली और उसमें से 20 लाख 50 हजार रुपये नकद बरामद किए। स्टेटिक टीम मजिस्ट्रेट विकास कुमार ने बताया कि दोनों वाहनों से 500-500 के नोटों की 41 गड्डियों में 20 लाख 50 हजार रुपये जब्त किए गए। किरतपुर के मोहल्ला महाजनान निवासी पीयुष गोयल की एनसीपी सत्तारूढ़ महायुति सरकार का हिस्सा है। इसके प्रमुख मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे (शिवसेना) हैं और भारतीय जनता पार्टी के देवेन्द्र फड़णवीस और अजित पवार उपमुख्यमंत्री हैं। सुप्रीम कोर्ट के नवीनतम फैसले का एनसीपी पर बड़ा राजनीतिक असर हो सकता है, जो 2024 का लोकसभा चुनाव घड़ी चुनाव चिह्न पर लड़ने की योजना बना रही थी।

---

**प्रधानमंत्री ने आंध्र प्रदेश के पलनाडु में एनडीए की रैली को किया संबोधित**

# देश कह रहा है अबकी बार 400 पार : मोदी

## बोलें-कांग्रेस का एक ही एजेंडा लोगों का इस्तेमाल करो और फेंक दो

प्रात : किरण



पलनाडु आंध्र प्रदेश/एजेंसी। चुनाव तारीखों के एलान के बाद पीएम मोदी ने रविवार को आंध्र प्रदेश के पलनाडु में एनडीए गठबंधन की पहली रैली में शिरकत की। खास बात यह है कि इस रैली में पीएम मोदी के साथ ही एनडीए में शामिल टीडीपी के चीफ चंद्रबाबू नायडू और जन सेना पार्टी के चीफ पवन कल्याण भी मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि तीसरे कार्यकाल में बड़े निर्णय लिए जाएंगे। विकसित भारत के लिए इस बार एनडीए 400 पार जाएगी। पीएम मोदी ने कहा कि एनडीए में हम सबको साथ लेकर चलते हैं, लेकिन दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी का एक ही एजेंडा है गठबंधन के लोगों को इस्तेमाल करो और फेंक दो। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस ने भले ही इंडी गठबंधन बना लिया हो, लेकिन उनकी सोच वही है। रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि देश कह रहा है अबकी बार 400 पार। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में हमारे सहयोगी लगातार बढ़ रहे हैं। एनडीए की ताकत बढ़ रही है। चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण लंबे समय से आपके अधिकारों और आंध्र प्रदेश के विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि एनडीए का लक्ष्य विकसित भारत के लिए विकसित आंध्र प्रदेश का निर्माण करना है। पीएम मोदी ने कहा कि आंध्र प्रदेश में केंद्र सरकार की योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू करने के लिए जनता को एनडीए सांसदों और विधायकों को जिताना होगा। एनडीए के सभी सांसद और विधायक जनता के लिए बहुत मेहनत से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि आंध्र को शिक्षा का केन्द्र बनाएंगे। ये मोदी की गारंटी है। इससे पहले जन सेना पार्टी की अध्यक्ष पवन कल्याण ने दावा किया कि 2024 में भी एनडीए सरकार बनाएगी। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। पवन कल्याण ने वाईएसआर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जगन मोहन रेड्डी ने आंध्र प्रदेश को शराब और नशे का गढ़ बना दिया है। आंध्र प्रदेश में पिछले 10 वर्षों में एनडीए यह पहली संयुक्त रैली है। आंध्र प्रदेश में 13 मई को एक चरण में लोकसभा और सभी विधानसभा सीटों के लिए चुनाव होंगे।

---

# श्रीलंका नौसेना ने 21 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

**सभी अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के करीब पकड़ रहे थे मछली**

प्रात : किरण



रामेश्वरम/एजेंसी। श्रीलंका की नौसेना ने रविवार को द्वीप राष्ट्र के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र में कथित तौर पर गैरकानूनी मछली पकड़ने की गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में 21 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और दो मशीनीकृत मछली पकड़ने वाली नावों को जब्त कर लिया। तमिलनाडु मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों ने यहां कहा कि गिरफ्तार मछुआरे रामनाथपुरम जिले के रामेश्वरम के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार की सुबह 2 हजार से अधिक मछुआरे मछली पकड़ने के लिए रामेश्वरम मछली पकड़ने वाले घाट से समुद्र में उतरे थे। उन्होंने बताया कि उनमें से 21 मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने उस समय हिरासत में ले लिया, जब वे अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के करीब मछली पकड़ रहे थे। इस बीच, श्रीलंकाई नौसेना ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर दावा किया कि उसने श्रीलंका के जलक्षेत्र से अवैध शिकार करने वाले भारतीय नावों को खदेड़ने के लिए एक विशेष अभियान चलाया था, जिसके कारण डेल्फ़्ट द्वीप के पास श्रीलंकाई जलक्षेत्र में 21 भारतीय मछुआरों को अवैध शिकार करते हुए पकड़ा गया और उनकी दो नावों को जब्त कर लिया गया। पकड़े गए मछुआरों को उनकी नावों के साथ कांकेसंथुराई हार्बर ले जाया गया और उन्हें आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए मैलाडी में मत्स्य पालन अधिकारियों को सौंप दिया जाएगा। श्रीलंकाई नौसेना ने गत शुक्रवार को इसी तरह के आरोप में तमिलनाडु के नागापट्टिनम जिले के रहने वाले 15 मछुआरों को पकड़ लिया और उनके मछली पकड़ने वाले मशीनी नावों को जब्त कर लिया। श्रीलंकाई नौसेना ने इस साल अब तक 146 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है और कुल 18 नावें जब्त की हैं।

---

**चुनाव आयोग ने दो राज्यों में मतगणना की तारीख में किया बदलाव**

# अरुणाचल व सिक्किम विस चुनावों की मतगणना दो जून को

प्रात : किरण




नई दिल्ली/एजेंसी। चुनाव आयोग ने अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभा चुनावों में मतगणना पूर्व घोषित चार जून की जगह दो जून को कराने की रविवार को घोषणा की। आयोग ने एक विज्ञप्ति में रविवार को कहा कि उसे इन दोनों रज्यों में चुनाव वहां वर्तमान विधानसभाओं की समाप्ति तिथि से पहले कराना है। दोनों राज्यों में विधानसभाओं का कार्यकाल दो जून को समाप्त हो रहा है।

इसे देखते हुए आयोग ने इन राज्यों में मतगणना दो जून को कराने का निर्णय लिया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इन राज्यों में दो जून तक चुनाव प्रक्रिया संपन्न करा दी जायेगी। इन विधानसभाओं के चुनाव के लिए शनिवार को घोषित अन्य कार्यक्रमों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। वहां लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए घोषित कार्यक्रमों में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है। अरुणाचल प्रदेश में सभी 60 विधानसभा सीटों का चुनाव लोकसभा के पहले चरण के मतदान के साथ 19 अप्रैल को होगा। इसके लिए अधिसूचना 20 मार्च को जारी होगी। नामांकन पत्र दाखिल 27 मार्च तक किए जा सकेंगे और उनकी जांच 28 मार्च को तथा नामांकन वापस लेने की तिथि 30 मार्च निर्धारित की गयी है। मतगणना दो जून को होगी तथा चुनाव प्रक्रिया छह जून को पूर्ण कर ली जाएगी। सिक्किम में विधानसभा चुनाव आम चुनाव के पहले चरण के साथ 19 अप्रैल को कराया जाएगा। राज्य की 32 सीटों वाली विधानसभा के लिए अधिसूचना 20 मार्च को जारी की जाएगी, नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 27 मार्च, जांच की 28 मार्च और वापस लेने की अंतिम तिथि 30 मार्च निर्धारित की गयी है। मतगणना दो जून को होगी।

---

# दो विचारधाराओं के बीच है लड़ाई : राहुल

## कहा- लड़ाई में हमारे साथ खड़ा है सच्चाई और हिंदुस्तान

प्रात : किरण



मुंबई/एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को भाजपा पर तंज करते हुए कहा कि लड़ाई दो विचारधाराओं के बीच है। एक विचारधारा मूलतः सत्ता के केंद्रीकरण में विश्वास करती है और दूसरी शिव की बारात की तरह सभी को एक साथ लेकर चलती है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने अपनी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा और महात्मा गांधी के परपोते तुषार गांधी के साथ रविवार को गैर सरकारी संगठनों और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों के साथ संवाद करते हुए यह बात कही। उन्होंने उन पांच गारंटी (न्याय) पर चर्चा की, जिनकी घोषणा उन्होंने शनिवार को चैत्यभूमि में संपन्न भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान की थी। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के साथ मुंबई और महाराष्ट्र के कांग्रेस नेताओं ने दक्षिण मुंबई में अगस्त क्रांति मैदान से मणि भवन तक पदयात्रा की। कांग्रेस नेता ने कहा, भारत जोड़ो न्याय यात्रा की ताकत केवल मैं ही नहीं, बल्कि मेरे साथ चलने वाले करोड़ों भारतीय थे। यह लड़ाई राहुल गांधी और नरेंद्र मोदी या कांग्रेस और बीजेपी तक सीमित नहीं है। लड़ाई दो विचारों के बीच है। एक कहता है कि देश ऊपर से चलेगा और सभी आदेश का पालन करेंगे। दूसरा कहता है, देश को विकेंद्रीकृत तरीके से चलाओ। हम इसे शिव की बारात कह सकते हैं।

उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे डरें नहीं, खासकर जब लड़ाई दो विचारधाराओं के बीच हो। उन्होंने कहा, कुछ लोग कहते हैं कि बीजेपी संविधान और सब कुछ बदल देगी। मैं आपको बता दूं कि उनमें संविधान बदलने की हिम्मत नहीं है। इस लड़ाई में सच्चाई और हिंदुस्तान हमारे साथ खड़ा है। उन्होंने कहा, गरीबों, दलितों, महिलाओं के खिलाफ अन्याय, देश में बढ़ती नफरत का मूल कारण है, क्योंकि बमुश्किल दो से तीन प्रतिशत लोगों को ही न्याय मिल पाता है, जिनके लिए सरकार और सभी संस्थाएं काम करती हैं। राहुल गांधी ने कहा, जब हम सरकार में थे और कृषि ऋण माफी का मुद्दा उठाया था, तो हमसे कहा गया था कि किसान आलसी हो जाएंगे। जब हम मनरेगा लेकर आये, तो हमसे कहा गया कि गरीब बर्बाद हो जायेंगे। उन्होंने सवाल किया कि दूसरी ओर जब 20-25 लोगों का 16 लाख करोड़ रुपये का बैंक ऋण माफ हो जाता है, तो क्या यह उन्हें बर्बाद नहीं करता है? कांग्रेस नेता ने कहा, यह समझना होगा कि न केवल मेरे खिलाफ, बल्कि मेरे भाई (अन्य) के खिलाफ भी अन्याय हो रहा है। उन्होंने कहा कि आंदोलन तब शुरू होता है, जब हर कोई एक-दूसरे के हितों की रक्षा करना शुरू कर देता है।

---

# पांच न्याय की 25 गारंटी घोषणा पत्र का हिस्सा : कांग्रेस

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस ने कहा है कि उसका घोषणा पत्र जल्द ही सामने आ जाएगा लेकिन पार्टी ने जिन पांच न्याय में जनता को 25 गारंटी देने का जो वादा किया है वे सब उसके चुनावी घोषणा पत्र का हिस्सा है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, पार्टी ने जो पांच न्याय घोषित किए हैं उनमें युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय, हिस्सेदारी न्याय शामिल हैं और इनमें दी गयी 25 गारंटी हमारे घोषणापत्र से ही आती हैं। उन्होंने कहा, हमारी मैनिफेस्टो वर्किंग कमेटी की परसों बैठक होगी। उसके बाद हम अपने घोषणापत्र को जारी करेंगे। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी जी ने कहा कि हम अन्याय के अंधकार में न्याय का दीया जला रहे हैं।

प्रवक्ता ने कहा, कल भारत जोड़ो न्याय यात्रा संपन्न हुई। यह उचित था कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा बाबा साहेब अंबेडकर की पवित्र चैत्य भूमि पर समाप्त हो। हमारे संविधान और संवैधानिक संस्थाओं को इस समय कमजोर किया जा रहा है। ऐसे समय में कल रात राहुल गांधी जी ने 70 लोगों के साथ संविधान को बचाने की शपथ ली।

---

### कच्छ में भूकंप का हल्का झटका महसूस किया गया, कोई हताहत नहीं

अहमदाबाद/एजेंसी। गुजरात के कच्छ जिले में शनिवार देर रात भूकंप का 3.3 तीव्रता का हल्का झटका महसूस किया गया। आईएसआर ने रविवार को यह जानकारी दी। गांधीनगर स्थित संस्थान ने बताया कि भूकंप का झटका शनिवार देर रात 12 बजकर 12 मिनट पर महसूस किया गया और उसका केंद्र खावडा के पास था। जिले के अधिकारियों ने बताया कि जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। कच्छ जिला अत्यधिक जोखिम वाले भूकंपीय क्षेत्र में स्थित है जहां कम तीव्रता के भूकंप अक्सर आते रहते हैं। इस महीने कच्छ में अब तक तीन बार भूकंप के हल्के झटके महसूस हो चुके हैं। आईएसआर रिकॉर्ड के अनुसार, जिले में पांच मार्च को 3.2 तीव्रता का और 11 मार्च को 3.5 तीव्रता का भूकंप आया था। साल 2001 में कच्छ में विनाशकारी भूकंप आया था। यह दो सदियों में कच्छ का तीसरा सबसे भीषण और भारत का दूसरा सबसे विनाशकारी भूकंप था।

---

# केंद्र ने लोस चुनाव की तारीखों को अधिसूचित करने के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। आम चुनाव के संदर्भ में माना जा रहा है कि केंद्र सरकार ने रविवार को निर्वाचन आयोग की सिफारिश राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेजकर सात चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव की तारीखों को अधिसूचित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। निर्वाचन आयोग की सिफारिश के मुताबिक 19 अप्रैल को 102 सीट पर पहले चरण में मतदान होगा जिसके लिए 20 मार्च को पहली अधिसूचना जारी की जाएगी। अधिसूचना जारी होने के साथ ही किसी विशेष चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू होती है। निर्वाचन आयोग द्वारा शनिवार को घोषित कार्यक्रम के अनुसार, 18वीं लोकसभा के लिए चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होंगे और उसके बाद 26 अप्रैल, सात मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून को चुनाव होंगे। सूत्रों के मुताबिक, रविवार सुबह मंत्रिमंडल की बैठक में राष्ट्रपति से विभिन्न चरणों के लिए अधिसूचना जारी करने की अनुशंसा की गई। निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव की तारीखों को अधिसूचित करने के लिए केंद्रीय कानून मंत्रालय को अनिवार्य रूप से सिफारिश भेजता है। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 14 (2) के तहत निर्वाचन आयोग, सरकार को अपनी सिफारिश भेजता है जो राष्ट्रपति से चुनाव की तारीखों की अधिसूचना को मंजूरी देने का अनुरोध करती है। निर्वाचन आयोग की सिफारिश के आधार पर कानून मंत्रालय केंद्रीय मंत्रिमंडल के लिए एक प्रस्ताव तैयार करता है, जो राष्ट्रपति से विभिन्न चरणों के लिए अधिसूचना जारी करने की मंजूरी देने की अनुशंसा करता है।

---

# आईएसआईएस आतंकी मॉड्यूल मामले में एनआईए ने चार संपत्तियां कुर्क कीं

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने देश में वैश्विक आतंकी संगठनों के नेटवर्क को खत्म करने के अभियान के तहत पुणे में आईएसआईएस आतंकी मॉड्यूल मामले में चार संपत्तियां कुर्क की हैं। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। एजेंसी के एक प्रवक्ता ने कहा कि कोंढवा क्षेत्र में कुर्क की गई संपत्तियां मामले में आरोपी 11 लोगों से जुड़ी हैं, जिनमें तीन भगोड़े भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इसका इस्तेमाल आईईडी निर्माण व प्रशिक्षण और आतंकवादी कृत्यों की योजना बनाने के लिए किया जा रहा था। एनआईए पिछले साल दर्ज मामले में सभी 11 आरोपियों के खिलाफ पहले ही आरोपपत्र दायर कर चुकी है। अधिकारी ने कहा कि गैरकानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम की धारा 25 के तहत कुर्क की गई संपत्तियां आरोपी मोहम्मद इमरान खान, मोहम्मद यूनुस साकी, मोहम्मद शाहनवाज आलम, मोहम्मद रिजवान अली, कादिर दस्तगीर पठान, सिमाब काजी, जुल्फिकार अली बड़ौदावाला, अब्दुल्ला फैयाज शेख, तल्हा लियाकत खान, शमिल नाचन और आकिफ नाचन से जुड़े मकान या फ्लैट हैं। प्रतिबंधित वैश्विक आतंकवादी संगठन के नेटवर्क को नष्ट करने और भारत के हितों की रक्षा करने के अपने प्रयासों के तहत, एनआईए ने हाल के महीनों में विभिन्न राज्यों में कई आईएसआईएस मॉड्यूल पर कार्रवाई की है। प्रवक्ता ने कहा कि आईएसआईएस की साजिश और गतिविधियों की जांच जारी है।

---

# शत प्रतिशत मतदान के लिए कमर कसेगा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ : होसबाले

प्रात : किरण



नागपुर/एजेंसी। आगामी लोकसभा चुनावों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने स्वयंसेवकों को देश का ध्यान राष्ट्रीय मुद्दों पर आकर्षित करने तथा शत प्रतिशत मतदान कराने का लक्ष्य दिया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के तीन दिन के अधिवेशन के समापन अवसर पर सभा में रविवार को पुनः निर्वाचित हुए सरकार्यवाह दत्तोत्रेय होसबाले ने संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र का महापर्व भी आ रहा है। देश को अधिक मजबूत करने की जरूरत है। देश की दृष्टि से लोकतंत्र को बनाये रखना और प्रगति की रफ्तार को बयान रखना आवश्यक है। शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रयत्न करना और समाज में किसी भी प्रकार के आंतरिक वैमनस्य एवं एकता के बिखराव को रोकने, देश की उन्नति एवं सफलता, सार्थकता के लिए काम करना हमारी राष्ट्रीय जिम्मेदारी है। आगामी लोकसभा चुनावों में संघ एवं स्वयंसेवकों की भूमिका के बारे में पूछे जाने पर श्री होसबाले ने कहा कि चुनाव में शत प्रतिशत मतदान हो, यह स्वयंसेवको का प्रयत्न होना चाहिए। दूसरा राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर समाज और लोगों का ध्यान आकर्षित करना और उन पर एकमत बने, ऐसा प्रयास करना चाहिए। संघ के स्वयंसेवक को पार्टी के कार्य नहीं करने चाहिए लेकिन लोकमत के परिष्कार के कार्य अवश्य करते रहने चाहिए। चुनावी बॉण्ड के बारे में चर्चाओं पर संघ का रुख पूछने पर सरकार्यवाह ने कहा कि प्रतिनिधि सभा की बैठक में इस पर कोई चर्चा नहीं हुई और ना ही कोई विचार मंथन हुआ है। पर संघ ने पहले कहा था कि चुनावी बॉण्ड प्रयोग के नाते लाया गया था, तो स्वाभाविक है कि उसे लेकर प्रश्न उठेंगे। ऐसे में उन सब बातों में संतुलन बनाना चाहिए। प्रयोग को छोड़ दिया जाये ऐसा संघ का मत नहीं है। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर बनने के बाद काशी एवं मथुरा के बारे में संघ का रुख पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से हर रोग के लिए एक ही दवा नहीं हो सकती है, उसी प्रकार से हर मुद्दे के लिए एक ही प्रकार को आंदोलन नहीं हो सकता है। अयोध्या का मामला अदालत से हल हुआ है, काशी एवं मथुरा के मुद्दे भी अदालत में हैं, देखते हैं कि ये दोनों मुद्दे भी अदालत से ही हल हो जाएं।

---

**अभियान** | **अरब सागर में भारतीय नौसेना ने लगभग 40 घंटे चलाया बचाव अभियान**

# नौसेना के ऑपरेशन में 35 समुद्री लुटेरों ने किये आत्मसमर्पण

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। भारतीय नौसेना ने अरब सागर में लगभग 40 घंटे चले बचाव अभियान में 35 समुद्री लुटेरों को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर किया और पूर्व मर्चेंट शिप रुएन के चालक दल के 17 सदस्यों को बचाया।

नौसेना ने रविवार को बताया कि उसने क्षेत्र से गुजरने वाले जहाजों को अपहरण करने के सोमाली समुद्री लुटेरों के मंसूबों पानी फेरने के लिए अरब सागर में आईएनएस कोलकाता को तैनात किया था। नौसेना ने कहा, पूर्व मर्चेंट शिप रुएन को 15 मार्च को आईएनएस कोलकाता ने रोका। रुएन का दिसंबर 2023 में अपहरण कर लिया गया था और यह सोमालियाई समुद्री डाकुओं के नियंत्रण में था। इसमें कहा गया कि आईएनएस कोलकाता ने जहाज से लॉन्च किए गए ड्रोन के जरिए एमवी रुएन पर सशस्त्र समुद्री लुटेरों की मौजूदगी का पता लगाया। नौसेना ने कहा, एक लापरवाह शत्रुतापूर्ण कार्रवाई करते हुए समुद्री डाकुओं ने ड्रोन को मार गिराया और भारतीय नौसेना के युद्धपोत पर गोलीबारी की। आईएनएस कोलकाता ने जहाज के स्टीयरिंग सिस्टम और नेविगेशनल सहायता को निष्क्रिय कर दिया, जिससे समुद्री डाकू जहाज को रुकने के लिए मजबूर हो गये।

नौसेना के एक अधिकारी ने बताया कि भारत की मुख्य भूमि से 1,400 समुद्री मील (2,600 किमी) दूर जारी समुद्री डकैती रोधी अभियान में भारतीय नौसेना के प्रयासों को क्षेत्र में आईएनएस सुभद्रा की तैनाती और सी-17 विमान द्वारा समुद्री कमांडो (प्रहार) को एयर-ड्रॉप करके बढ़ाया गया था। उन्होंने कहा, समुद्री डाकू जहाज को हेल आरपीए और पी8आई समुद्री टोही विमान द्वारा निगरानी में रखा गया था। भारतीय नौसेना तरफ से 40 घंटे से अधिक समय तक के निरंतर दबाव और सुविचारित कार्रवाई के कारण, सभी 35 सोमाली समुद्री लुटेरों ने 16 मार्च को आत्मसमर्पण कर दिया, जबकि एमवी रुएन के सभी 17 मूल चालक दल के सदस्यों को बिना किसी चोट के समुद्री डाकुओं के चंगुल से सुरक्षित निकाल लिया गया। उन्होंने कहा कि अवैध हथियारों, गोला-बारूद और प्रतिबंधित सामग्री की संभावित मौजूदगी के लिए जहाज तलाशी ली। नौसेना ने यह भी बताया कि 17 मार्च को मर्चेंट शिप रुएन की समुद्री योग्यता का आकलन किया जाएगा और लगभग 37,800 टन माल ले जाने वाले जहाज, जिसकी कीमत लगभग दस लाख डॉलर है, को सुरक्षित रूप से भारत लाया जाएगा।

---

# निर्वाचन आयोग ने चुनावी बॉण्ड से जुड़ा नया डेटा किया जारी

प्रात : किरण




नई दिल्ली/एजेंसी। निर्वाचन आयोग ने चुनावी बॉण्ड को लेकर नया डेटा रविवार को सार्वजनिक कर दिया। यह डेटा आयोग ने सीलबंद लिफाफे में उच्चतम न्यायालय को सौंपा था। न्यायालय ने बाद में आयोग से यह डेटा सार्वजनिक करने के लिए कहा था। माना जा रहा है कि ये विवरण 12 अप्रैल, 2019 से पहले की अवधि से संबंधित हैं। आयोग ने पिछले सप्ताह उपरोक्त तारीख के बाद के चुनावी बॉण्ड से संबंधित विवरण को सार्वजनिक किया था। आयोग ने एक बयान में कहा कि राजनीतिक दलों ने उच्चतम न्यायालय के 12 अप्रैल, 2019 के अंतरिम आदेश के अनुसार सीलबंद लिफाफे में चुनावी बॉण्ड से संबंधित डेटा दाखिल किया था। आयोग ने कहा, राजनीतिक दलों से प्राप्त डेटा सीलबंद लिफाफे में उच्चतम न्यायालय में जमा किया गया था। 15 मार्च, 2024 के उच्चतम न्यायालय के आदेश पर अमल करते हुए न्यायालय की रजिस्ट्री ने सीलबंद लिफाफे में एक पेन ड्राइव में डिजिटल रिकॉर्ड के साथ भौतिक प्रतियां वापस कर दीं।

# लोकसभा चुनाव 2024 : राजनीतिक परिपाटी बनाते और तोड़ते रहे हैं उत्तराखंड के मतदाता, एक ही दल पर पूरा भरोसा

**देहरादून, एजेंसी।**
देश में मतदान प्रतिशत में अव्वल गुजरात के बाद उत्तराखंड दूसरा राज्य रहा है, जो इस बार 75 प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को साधकर नया कीर्तिमान गढ़ने को बेताब है।

कोशिश भी कर, उम्मीद का रास्ता भी चुन, फिर थोड़ा मुकद्दर तलाश कर... लोकसभा चुनाव की रणभेरी बजते ही ये पंक्तियां उन घोषित और संभावित उम्मीदवारों पर सटीक बैठती हैं, जो मतदाताओं का दिल जीतने की भरसक कोशिश में ताल ठोकेंगे। उम्मीदवार पहाड़ की कठिन चढ़ाई और तराई-भाभर का मैदान मारने की हसरत लिए संसद की राह तलाशने की उम्मीद सजोएंगे।




पांच लोकसभा सीट वाले उत्तराखंड के मतदाता कई मायनों में अपनी अलग पहचान रखते हैं। देश में मतदान प्रतिशत में अव्वल गुजरात के बाद उत्तराखंड दूसरा राज्य रहा है, जो इस बार 75 प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को साधकर नया कीर्तिमान गढ़ने को बेताब है। बीते तीन लोकसभा चुनावों के नतीजे देखें तो मतदाताओं ने पांचों लोकसभा सीटों पर एक जैसा फैसला सुनाया है। बीते दो चुनावों 2014 और 2019 में भाजपा के सभी उम्मीदवारों को संसद भेजा। 2009 में ऐसा ही मौका कांग्रेस को दिया था। राज्य गठन से पहले और बाद में कई बार ऐसे मौके भी आए, जब मतदाताओं ने अपनी गढ़ी परिपाटी को एक झटके में तोड़ा भी है।

छोटे राज्य की राजनीतिक सोच और नजरिया लंबे समय से दो दल भाजपा-कांग्रेस के करीब ही रहा है। क्षेत्रीय दलों ने खुद को ज्यादा करीब साबित करने के लिए स्थानीय और भावनात्मक मुद्दों के साथ मजबूत उम्मीदवारों को भी उतारा, लेकिन आम मतदाताओं की अंगुली राष्ट्रीय दलों के बटन पर ही आकर रुकी। हां... 2012 के परिसीमन से पहले और राज्य गठन के बाद 2004 में हरिद्वार से समाजवादी पार्टी के सांसद को भी संसद पहुंचाया।

एक समय ऐसा भी था जब यहां के मतदाता राज्य में एक दल की सरकार बनाते और सांसद दूसरे दल का चुनकर भेजते। 2002 में राज्य में कांग्रेस की सरकार थी, लेकिन पांच में तीन सांसद भाजपा के जीते। 2009 में भाजपा की सरकार बनी, लेकिन उसके सभी सांसद उम्मीदवार हार गए। 2014 में राज्य में कांग्रेस की सरकार थी, बावजूद उसके उसका कोई भी उम्मीदवार नहीं जीत सका।

मतदाताओं का मिजाज भांपने में भाजपा कुछ मायनों में आगे रही है। शायद यही कारण है कि लोगों ने अपनी बनाई रणनीति और परंपरा को तोड़ना बेहतर समझा। राज्य में पांच-पांच साल का फार्मूला भाजपा को जिताकर तोड़ा। 2019 में भाजपा के पांचों सांसदों को पुन: जिताकर भेजा, जबकि राज्य में भाजपा की सरकार थी।

**पौड़ी:** इस लोकसभा क्षेत्र में आने वालीं 14 विधानसभा सीटों में भाजपा के पास 13 हैं। कांग्रेस के पास एक मात्र बदरीनाथ सीट है। इस लोकसभा सीट में एक विधानसभा नैनीताल जिले की रामनगर भी शामिल है। इस सीट पर कांग्रेस ने भाजपा से पहले अपने उम्मीदवार गणेश गोदियाल की घोषणा की थी। भाजपा ने इस सीट पर इस बार तीरथ सिंह रावत की जगह राज्यसभा सांसद रहे अनिल बलूनी को उम्मीदवार बनाया है। लोकसभा के जातीय गणित और मतदाताओं के ब्राह्मण-ठाकुर फार्मूले में यहां ठाकुर मतदाता निर्णायक माने जाते हैं। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही उम्मीदवार ब्राह्मण हैं।

**टिहरी:** लोकसभा क्षेत्र की 14 में से दो विधानसभा सीट कांग्रेस के पास हैं। इस लोकसभा क्षेत्र की आधी यानि 7 सीट देहरादून जिले में आती हैं। पहाड़ के साथ देहरादून के मतदाता भी निर्णायक की भूमिका में रहते हैं। देहरादून में मिश्रित आबादी और यूपी के सहारनपुर जिले से सटे होने के कारण विकासनगर, सहसपुर, कैंट का कुछ हिस्सा, राजपुर और रायपुर मुस्लिम आबादी का भी प्रतिनिधित्व करते हैं। हालांकि शहरी आबादी का फायदा भाजपा को ही मिलता रहा है। भाजपा ने यहां राजघराने पर भरोसा जताते हुए फिर से माला राज्यलक्ष्मी को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस ने टिहरी में वरिष्ठ नेता और मसूरी के पूर्व विधायक जोत सिंह गुनसोला को आजमाया है।

**हरिद्वार:** लोकसभा क्षेत्र की 14 विधानसभा क्षेत्रों में से भाजपा के पास मात्र छह विधानसभा क्षेत्र हैं। जबकि अन्य आठ में कांग्रेस के पास पांच, दो बसपा और एक निर्दलीय विधायक जीतकर पहुंचे। भाजपा ने हरिद्वार में भी बदलाव किया है। दो बार के सांसद रमेश पोखरियाल निशंक की जगह पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत को उतारा है।

## लॉकडाउन में बर्बाद देहरादून का बिजनेसमैन बना कोबरा गैंग का सरगना, हाई प्रोफाइल पार्टीज में सप्लाई करता था नशा

**देहरादून, एजेंसी।** दून पुलिस ने हाई प्रोफाइल नशे के साथ कोबरा गैंग के सरगना को गिरफ्तार किया है। आरोपित मेथिलीन डाइआक्सी मेथामफेटामाइन (एमडीएमए) को देहरादून में सप्लाई कर रहा था। एमडीएमए की तस्करी के मामले अधिकतर मुंबई आदि महानगरों में मिलते हैं। जब पूर्व में गैंग के छह सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया तो आरोपित नोएडा में छिप गया था। इससे पहले वह पिट एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत नौ महीने जेल में रह चुका है। एसएसपी अजय सिंह ने आरोपित को गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम को 10 हजार रुपये पुरस्कार देने की घोषणा की है।

एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि पूर्व में पटेलनगर कोतवाली व थाना राजपुर पुलिस ने नशा तस्करी में लिप्त कोबरा गैंग के छह सदस्यों को कोकीन के साथ गिरफ्तार किया था।

पूछताछ में सरगना शिवम गुप्ता निवासी देहराखास, पटेलनगर का नाम सामने आया था। तस्कर की गिरफ्तारी के लिए एसओजी टीम को निर्देश दिए गए थे। एसओजी प्रभारी लोकेंद्र बहुगुणा ने गुरुवार को आरोपित शिवम गुप्ता को रतन पार्क अपार्टमेंट ग्रेटर नोएडा से गिरफ्तार किया।

पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह पूर्व में अनुराग चौक पर एपल रेस्टोरेंट तथा विजय पार्क में दून काफी हाउस चलाता था, लेकिन लॉकडाउन में नुकसान होने के कारण वह नशा तस्करी करने लगा। वह पिछले कुछ समय से नशे के कारोबार में लिप्त है और अपने साथियों के माध्यम से अलग-अलग जगह नशे की तस्करी करता है।

आरोपित ने अपने पटेलनगर स्थित घर में कुछ नशा रखने की जानकारी दी। पुलिस टीम ने आरोपित की निशानदेही पर उसके टीएचडीसी कालोनी देहराखास स्थित घर से 240 ग्राम चरस व 10.08 ग्राम एमडीएमए बरामद की। आरोपित को कोर्ट के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सेवानिवृत्त आईपीएस पुष्पक ज्योति बने राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकरण के सदस्य

**देहरादून, एजेंसी।** देहरादून जिला पुलिस शिकायत प्राधिकरण में सेवानिवृत्त अपर सचिव सुमन सिंह वल्दिया और सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य कुसुम रानी नैथानी को सदस्य बनाया गया। सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी पुष्पक ज्योति को शासन ने राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकरण का सदस्य मनोनीत किया है। उनके साथ सेवानिवृत्त आईपीएस अजय जोशी और वरिष्ठ अधिवक्ता मोहन चंद तिवारी को भी सदस्य बनाया गया है। इनके अलावा देहरादून और हल्द्वानी के जिला पुलिस शिकायत प्राधिकरण में भी नए सदस्य बनाए गए हैं। देहरादून जिला पुलिस शिकायत प्राधिकरण में सेवानिवृत्त अपर सचिव सुमन सिंह वल्दिया और सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य कुसुम रानी नैथानी को सदस्य बनाया गया। हल्द्वानी में सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक निदेश चंद तिवारी को सदस्य बनाया गया है। सदस्यों के मनोनयन से संबंधित आदेश गृह विभाग ने गत 12 मार्च को जारी किया है

### सड़क हादसे में यूपीसीएल के आउटसोर्स लाइनमैन की मौत

**देहरादून, एजेंसी।** स्कूटर को ओवरटेक करते हुए एक मोटरसाइकिल सवार पिक-अप वाहन में टकरा गया। हादसे में मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। युवक यूपीसीएल में आउटसोर्स लाइनमैन था। इंस्पेक्टर पटेलनगर कमल कुमार लुंठी ने बताया कि मृतक की पहचान हामिद निवासी तेलपुर पटेलनगर के रूप में हुई है। हामिद शुक्रवार को मोटरसाइकिल से नया गांव की ओर जा रहा था। इसी दौरान वह स्कूटर से ओवरटेक करने लगा। इसी प्रयास में वह सामने से आ रही पिक-अप वाहन से टकरा गया। हामिद के शरीर पर कई गंभीर चोटें आईं। उसे अस्पताल ले जाया गया , लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### 30 साल बाद दो पुलिस कर्मी दोषी करार

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड की बहू-बेटियों की चीख और नौजवानों के लहू से सनी मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) की धरती आज भी सरकारी सिस्टम की बर्बरता की कहानी बयां करती है। रामपुर तिराहा कांड को 30 वर्ष बीत जाने के बाद कोर्ट ने दरिंदगी करने वाले दो पुलिस कर्मियों को दोषी करार दिया है। इससे उत्तराखंडवासियों के जख्मों पर कुछ मरहम तो लगा है, लेकिन एक लंबा अरसा बीतने से दिल में टीस भी है। कोर्ट के फैसले से उत्तराखंड के राज्य आंदोलनकारियों के कलेजे पर थोड़ी ठंडक तो पड़ी, लेकिन न्याय प्रक्रिया की खामियों पर उन्होंने नाराजगी भी व्यक्त की है। अब भी कई सवाल जस के तस तैर रहे हैं कि उत्तराखंड राज्य की मांग कर रही यहां की जनता पर बर्बरता किसके आदेश पर हुई। कांड के मुख्य आरोपितों को सजा कब मिलेगी। हालांकि, रामपुर तिराहा कांड में बलिदान हुए युवाओं और दुष्कर्म का शिकार हुई महिलाओं के जख्मों की भरपाई नहीं की जा सकती। सैकड़ों परिवार इस कांड का दंश आजतक झेल रहे हैं।

### सड़क नहीं तो वोट नहीं: कर्णप्रयाग में ग्रामीणों ने किया लोकसभा चुनाव का बहिष्कार

**चमोली, एजेंसी।** ग्रामीण लंबे समय से गांव में सड़क और कई जगहों पर डामरीकरण की मांग कर रहे हैं। लेकिन अभी तक किसी भी अधिकारी ने इसकी सुध नहीं ली है। उत्तराखंड में आगामी 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव होने हैं। वहीं, कर्णप्रयाग के किमोली और पारतोली के ग्रामीणों ने चुनाव का बहिष्कार कर दिया है। ग्रामीणों ने गांव में सड़क नहीं तो वोट नहीं के पोस्टर लगाए हैं। उन्होंने लिखा कि जनप्रतिनिधियों को गांव में घुसने नहीं दिया जाएगा। दरअसल, ग्रामीण लंबे समय से गांव में सड़क और कई जगहों पर डामरीकरण की मांग कर रहे हैं। लेकिन अभी तक किसी भी अधिकारी ने इसकी सुध नहीं ली है। जिसके चलते ग्रामीणों में आक्रोश बना हुआ है।

### कॉर्बेट पार्क में नेचर गाइडों के शुल्क में हुई वृद्धि

**रामनगर (नैनीताल), एजेंसी।** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में अब नेचर गाइडों के शुल्क में वृद्धि की गई है। यह वृद्धि दो साल बाद हुई है। अब सैलानियों को 800 के बजाय 900 रुपये खर्च करने होंगे। सीटीआर में हर दूसरे साल नेचर गाइडों के शुल्क (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक) में वृद्धि होती है। कोरोना काल के दौरान वृद्धि नहीं हुई थी, ऐसे में अब 2024 में शुल्क में वृद्धि की गई है। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. धीरज पांडेय ने बताया कि नेचर गाइडों के शुल्क में सौ रुपये की वृद्धि की गई है। पहले नेचर गाइड को पर्यटकों को भ्रमण कराने के लिए 800 रुपये दिये जाते थे, लेकिन अब वह 900 रुपये मिलेंगे। यह वृद्धि नियमानुसार की गई है। जंगल सफारी के दौरान पर्यटकों के साथ जाने वाले नेचर गाइडों के शुल्क में कार्बेट प्रशासन ने इजाफा कर दिया है। शुल्क बढ़ाए जाने की मांग नेचर गाइड लंबे समय से कर रहे थे। बता दें कि कार्बेट पार्क में ढाई सौ नेचर गाइड पंजीकृत हैं। गाइड ले जाना हर प्रत्येक के लिए अनिवार्य किया गया है।

## नाराज मतदाताओं को मनाएंगे जिलाधिकारी, बनाया प्लान

**देहरादून, एजेंसी।** प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दौरान व्यवस्था से नाराज मतदाता भी मतदान केंद्र तक पहुंचें, इसके लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने जिलाधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर दी है।

उनसे कहा गया है कि जहां भी मतदाता तंत्र की कार्यप्रणाली से नाराज हैं, वहां जिलाधिकारी उनसे संवाद कर समस्या का समाधान करने का प्रयास करेंगे। यदि किसी तकनीकी कारण के चलते समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है तो उस संबंध में भी उन्हें जानकारी दी जाए। साथ ही उन्हें मतदान करने के लिए भ प्रेरित किया जाए। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी डा बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने बताया कि इस वर्ष मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दिया है। लक्ष्य इस बार 75 प्रतिशत मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक लाना है। उन्होंने कहा कि इसके लिए लगातार स्वीप गतिविधियां चलाई जा रही हैं। इसके तहत अभी तक 34,94,000 मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई जा चुकी है।

प्रदेश में बीते पांच वर्षों में मतदाताओं की संख्या में इजाफा हुआ है। इस वर्ष 5,55,784 नए सामान्य मतदाता बने हैं। इस वर्ष कुल 83,21,207 मतदाता हैं। वहीं वर्ष 2019 में 7765423 मतदाता थे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव में मतदाता पहचान पत्र के अलावा 12 अन्य दस्तावेजों का प्रयोग मतदान के लिए किया जा सकेगा। इसमें आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, बैंक अथवा डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के तहत आरजीआइ द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन अभिलेख, केंद्र सरकार, राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों और सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों के द्वारा कर्मचारियों को जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों व एमएलसी द्वारा जारी अधिकारिक पहचान पत्र, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी विशिष्ट दिव्यांग फोटो पहचान पत्र सम्मिलित हैं।

## ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठे विधायक बेहड़

**पंतनगर, एजेंसी।** आनंदपुर में स्थित स्टोन क्रशर संचालकों की ओर से सड़क की मरम्मत नहीं कराए जाने से नाराज विधायक तिलकराज बेहड़ आनंदपुर मुख्य सड़क पर ग्रामीणों और समर्थकों के साथ धरने पर बैठ गए। उन्होंने क्रशर मालिकों पर खनन माफियाओं से मिलकर चोरी का माल सस्ते में खरीदने और पंजीकृत वाहन स्वामियों को कम रेट देने का आरोप मढ़ा। पांच घंटे तक चलते धरना-प्रदर्शन से सैकड़ों वाहन जाम में फंसे रहे।

धरने पर बैठे विधायक बेहड़ ने स्टोन स्वामियों पर आरोप लगाया कि बड़ी मात्रा में अवैध ओवरलोड वाहनों से उपखनिज की खरीद सस्ते में कर रहे हैं। ओवरलोड वाहनों के कारण मुख्य मार्ग से आनंदपुर के स्टोन क्रेशरों को जाने वाली सड़क करीब एक किलोमीटर तक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। सड़क से उठने वाली धूल से आनंदपुर, राघव नगर, कनकपुर, इंदरपुर, महाराजपुर, प्रतापपुर, नारायणपुर, कोठा, लाहोरी आदि गांव प्रभावित हैं। कहा जब तक इस मार्ग की मरम्मत करने और नियमित पानी छिड़काव का लिखित आश्वासन किसी सक्षम अधिकारी की मध्यस्थता में नहीं मिल जाता, तब तक वह धरने पर बैठे रहेंगे। धरने के दौरान दोनों ओर करीब दो से ढाई किमी लंबा जाम लग गया। इससे लोगों को परेशानियों से जूझना पड़ा। दोपहर करीब दो बजे एसडीएम रुद्रपुर मनीष बिष्ट, लोनिवि के सहायक इंजीनियर गोबिंद बल्लभ भट्ट धरनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने स्टोन क्रशर मालिकों से वार्ता की। क्रशर मालिकों की ओर से एक सप्ताह के भीतर क्षतिग्रस्त सड़क को ठीक कराने, नियमित पानी का छिड़काव कराने और चोरी का माल नहीं खरीदने का लिखित आश्वासन देकर धरना समाप्त करा दिया।

## नए विजन और कल्चर के साथ उभर रहा कुमाऊं विवि : राज्यपाल

**नैनीताल, एजेंसी।**
उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने कहा कि कुमाऊं विवि में एक नया वर्क कल्चर विकसित हो रहा है जिसमें पठन पाठन, शोध और इंफ्रास्ट्रक्चर का समग्र विकास शामिल है। उन्होंने प्राध्यापकों और शोधार्थियों से उच्च स्तर के जर्नल्स और प्रकाशकों के माध्यम से उत्कृष्ट लेखन का आह्वान करते हुए कहा कि किसी विवि के स्तर का आकलन वहां हो रहे शोध, लेखन और पेटेंट के रजिस्ट्रेशन से ही होता है। उन्होंने विद्यार्थियों और प्राध्यापकों से अधिकाधिक क्रिएटिविटी के साथ ही अधिक ऊर्जा, उत्साह और जज्बे से कार्य करने की भी अपील की।



राजभवन देहरादून में कुमाऊं विवि के समीक्षा कार्यक्रम में विवि के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने राज्यपाल को विवि की विभिन्न गतिविधियों का विस्तृत प्रेजेंटेशन देते हुए बताया कि विवि में मल्टीपल डिसीप्लीनरी एजुकेशन और रिसर्च यूनिवर्सिटीज (मेरू) के माध्यम से सौ करोड़ की राशि से नौ नई फैकल्टी शुरू की जानी हैं, विवि में शोधार्थियों, इंटर्नशिप करने जाने वालों, शोध संयोजकों को भरपूर प्रोत्साहन राशि देने की व्यवस्था की गई है।

मुख्यमंत्री शोध प्रोत्साहन योजना में विवि के 12 प्राध्यापकों के कुल लगभग डेढ़ करोड़ के प्रोजेक्ट स्वीकृत हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय संस्थानों ने शोध के लिए राशि देने की स्वीकृति दी है। डेढ़ करोड़ की राशि से रसायन विज्ञान और 67 लाख से विज्ञान प्रयोगशाला उच्चीकृत की जा रही हैं। पीएचडी थीसिस ऑनलाइन जमा करने की शुरुआत की गई है। इस अवसर पर पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष प्रो. गिरीश रंजन तिवारी और यूजीसी एमएमटीटीआई की निदेशक प्रो. दिव्या उपाध्याय भी मौजूद थीं।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने प्रेजेंटेशन के दौरान पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष प्रो. गिरीश रंजन तिवारी और प्रो. दिव्या उपाध्याय की सराहना करते हुए उन्हें विवि के महत्वपूर्ण पिलर्स का दर्जा दिया। कहा कि इनकी योग्यता और अनुभव का विवि को बहुत लाभ मिला है। राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने अनेक अवसरों पर इन दोनों की प्रतिभा और योगदान को देखा और महसूस किया है। राज्यपाल ने दोनों प्राध्यापकों को आगामी कार्यक्रमों के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी दी। उन्होंने पत्रकारिता विभाग को एक महत्वपूर्ण विभाग बताया।

## सहायक शिक्षक के करीब 1600 पदों पर भर्ती, इस दिन शुरू होगा पंजीकरण

**देहरादून, एजेंसी।**
उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने उत्तराखंड सरकार के शिक्षा विभाग में सहायक अध्यापक (सहायक शिक्षक)-एलटी ग्रेड रिक्तियों के लिए एक भर्ती अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना के मुताबिक, 1,544 पदों पर नियुक्ति की जाएगी। आवेदन प्रक्रिया शुरू होने पर इच्छुक और योग्य उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकेंगे। आवेदक ने अपनी कक्षा 10 या 12 की शिक्षा उत्तराखंड में पूरी की हो या उसे उत्तराखंड का निवासी होना चाहिए। सहायक अध्यापक (एलटी) पद के लिए उम्मीदवार के पास बीएड या (बीए, बीएड या बीएससी बीएड) + यूटीईटी या सीटीईटी पेपर- द्वद्व पास के साथ स्नातक डिग्री होनी चाहिए। यूकेएसएसएससी सहायक शिक्षक भर्ती 2024: आवेदन शुल्क यूकेएसएसएससी सहायक शिक्षक भर्ती के लिए आवेदन करने वाले सामान्य, ओबीसी वर्ग के आवेदकों को 300 रुपये का आवेदन शुल्क जमा करना होगा। वहीं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पीडब्ल्यूडी, ईडब्ल्यूएस श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को 150 रुपये आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा।

यूकेएसएसएससी सहायक शिक्षक भर्ती चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा, दस्तावेज सत्यापन और मेडिकल परीक्षण शामिल हैं। यूकेएसएसएससी सहायक भर्ती परीक्षा पैटर्न में सामान्य ज्ञान, सामान्य हिंदी, सामान्य अंग्रेजी, बाल मनोविज्ञान, शिक्षण योग्यता, संबंधित विषय (गणित, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन) जैसे विषय शामिल होंगे।

## हल्द्वानी रेलवे स्टेशन में जल्द शुरू होगा ग्रेविटी वॉल बनाने का काम, आईआईटी रुड़की ने मांगी रिपोर्ट

**नैनीताल, एजेंसी।**
काठगोदाम रेलवे स्टेशन में अक्तूबर 2021 में आई आपदा से शंटिंग लाइन गौला नदी में बह गई थी। गौला नदी से कटाव के चलते हल्द्वानी रेलवे स्टेशन की पटरी संख्या तीन के किनारे विद्युतीकरण के लिए लगा पोल भी बह गया था, जिससे यह प्लेटफार्म बंद पड़ा है।

काठगोदाम और हल्द्वानी रेलवे स्टेशन की शंटिंग लाइन करीब तीन साल से बंद पड़ी है। काठगोदाम रेलवे स्टेशन में अक्तूबर 2021 में आई आपदा से शंटिंग लाइन गौला नदी में बह गई थी। गौला नदी से कटाव के चलते हल्द्वानी रेलवे स्टेशन की पटरी संख्या तीन के किनारे विद्युतीकरण के लिए लगा पोल भी बह गया था, जिससे यह प्लेटफार्म बंद पड़ा है।






रेलवे अधिकारियों की ओर से वर्ष अक्तूबर 2023 में काठगोदाम स्टेशन में शंटिंग लाइन की मरम्मत और इसके बचाव के लिए कार्य शुरू किया गया था। वर्तमान समय में ग्रेविटी वॉल का कार्य करीब 60 फीसदी पूरा हो गया है। हल्द्वानी रेलवे स्टेशन में शंटिंग लाइन के बचाव के लिए बनाई जा रही ग्रेविटी वॉल का कार्य अभी शुरू नहीं हुआ।

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि वन विभाग की ओर से आरबीएम फिलिंग के लिए ट्रक चलाने की अनुमति देर से मिली थी। करीब दो महीने पहले अनुमति मिलने पर हल्द्वानी रेलवे स्टेशन में आरबीएम फिलिंग का कार्य शुरू हुआ था। इस कारण यहां पर ग्रेविटी वॉल बनाने का कार्य भी शुरू नहीं हो पाया।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार कुछ दिन पहले आईटीआई रुड़की ने विभाग से ग्रेविटी वॉल बनाने के लिए संस्तुति रिपोर्ट मांगी है। रेलवे अधिकरियों की ओर से इसके लिए मानचित्र भी तैयार किया जा रहा है जिसके बाद हल्द्वानी रेलवे स्टेशन में ग्रेविटी वॉल बनाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

शंटिंग लाइन से ही पिट लाइन में ट्रेनों को भेजकर कोच के पहियों समेत अन्य की जांच की जाती है। साथ ही धुलाई आदि भी होती है। जब कैरिज एंड वैगन विभाग संतुष्ट होने के बाद ट्रेन चलने के लिए अनुमति देता है, तो ही ट्रेन का संचालन होता है। शंटिंग लाइन बंद होने के कारण पिट लाइन में 18 कोच की ट्रेन को एक साथ न भेजकर छह-छह कोच को तीन बार भेजना पड़ रहा है। इसमें ट्रेन के डिब्बे शंट होने में अधिक समय लग रहा है।

पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि आईटीआई रुड़की ने इस कार्य के लिए रिपोर्ट मांगी है। जल्द ही हल्द्वानी स्टेशन की शंटिंग लाइन का बचाव कार्य शुरू कराया जाएगा। बरसात से पहले दोनों ही स्टेशनों में ग्रेविटी वॉल बनकर तैयार की जाएगी।

## उत्तराखंड हाईकोर्ट सख्त : सरकार से मांगा जवाब, कहा- दस दिन में बताएं नैनीताल जेल को शिफ्ट करोगे या सुधारोगे

**नैनीताल, एजेंसी।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नैनीताल जेल की स्थिति पर सरकार से सवाल पूछा है। हाईकोर्ट ने कहा कि नैनीताल जेल को शिफ्ट किया जाए या इसका सुधारीकरण किया जाए। हाईकोर्ट ने दस दिन के भीतर स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए हैं। नैनीताल हाईकोर्ट ने नैनीताल जेल में फैली अव्यवस्थाओं व जेल के जर्जर भवन का स्वतः संज्ञान वाली जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद राज्य सरकार को जेल को शिफ्ट करने या इसका सुधारीकरण किए जाने को लेकर दस दिन के भीतर स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने अधिवक्ता श्रुति जोशी को इस मामले में न्यायमित्र नियुक्त किया है। कोर्ट ने उनसे कहा है कि वह जेल का निरीक्षण करें। कैदियों से मिलकर उनकी समस्याओं से कोर्ट को अवगत कराएं। जिससे कि जेल में बंद कैदी समाज की मुख्य धारा से जुड़ सकें उन्हें रोजगारपरक प्रशिक्षण देने की व्यवस्था पर सुझाव देने को कहा है। ताकि जेल से बाहर आने के बाद वे बेहतर जीवन यापन कर सके।

मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी एवं न्यायमूर्ति रोकश थपलियाल की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने नैनीताल जेल के निरीक्षण के दौरान पाया कि 1906 में बना जेल का भवन काफी पुराना हो चुका है जो जर्जर हालत में पहुंच चुका है। जेल में क्षमता से अधिक कैदियों को रखा गया है। जेल में बंद कैदियों के लिए मूलभूत सुविधाओं का अभाव है।

जेल भवन मुख्य सड़क से काफी दूरी पर स्थित है। कैदियों के बीमार पड़ने पर उन्हें समय पर अस्पताल पहुंचाने की दिक्कतें होती है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि नैनीताल जेल भवन भूगर्भीय दृष्टि से भी संवेदनशील है। जो कभी भी भूस्खलन की जद में आ सकता है। जिसका हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है।

# केजरीवाल को ईडी के नौवें नोटिस पर बीजेपी का आप पर हमला, कहा सीएम जब सच्चे हैं तो दें जवाब

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने एक बार फिर समन भेजा है. यह 9वीं बार है जब केंद्रीय एजेंसी ने उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया है. उन्हें 21 मार्च को पेश होने के लिए कहा गया है. पिछले समन पर पेश नहीं होने के मामले में उन्हें शनिवार को ही दिल्ली की एक अदालत से जमानत मिली है. इसको लेकर दिल्ली की मंत्री आतिशी ने प्रेस कांफ्रेंस करते हुए केंद्र सरकार पर सवाल खड़े किए हैं उन्होंने कहा है कि सब कुछ केंद्र सरकार के इशारे पर हो रहा है. वहीं मंत्री आतिशी के आरोपों का जवाब देते हुए दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने भी अपने प्रतिक्रिया दी है. वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि जब आपने कुछ किया नहीं है तो फिर आप लोगों को डर क्यों लग रहा है? वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि ईडी के समन का चुनाव से कोई लेना-देना नहीं है दिल्ली के मुख्यमंत्री को पहले से ही नोटिस भेजे जा रहे हैं. लेकिन वो पेश नहीं हो रहे हैं. मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को केंद्रीय एजेंसी ने पहला समन 2 नवंबर 2023 को भेजा था लेकिन वह पेश नहीं हुए. इसके बाद एजेंसी ने उन्हें 21 नवंबर, 3 जनवरी, 18 जनवरी, 2 फरवरी, 19 फरवरी, 26 फरवरी और 4 मार्च को समन भेजा था. सीएम केजरीवाल किसी भी समन पर पेश नहीं हुए और केंद्र सरकार पर एजेंसी के गलत इस्तेमाल का आरोप लगाया. सबको पता है कि अगर शराब आबकारी नीति इतनी ही अच्छी थी तो आपने उसे बदला क्यों. शराब आबकारी नीति तो छोटा घोटाला है उससे भी बड़ा घोटाला दिल्ली जल बोर्ड में हुआ है. वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली की जनता सब जानती है कि किस प्रकार से शराब आबकारी घोटाला आम आदमी पार्टी ने किया है जिसके मुखिया दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल है. इस मामले में दिल्ली के उपमुख्यमंत्री जेल में बंद है. उनकी पार्टी के सांसद जेल में है उन्हें बेल नहीं मिल पाया है और खुद दिल्ली की मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जमानत पर बाहर घूम रहे है. अगर दिल्ली के मुख्यमंत्री इतने ही ईमानदार है ईडी के प्रश्न का जवाब देना पड़ेगा और वो उससे भाग नहीं सकते हैं. दिल्ली में शराब घोटाला जल बोर्ड घोटाला, पैनिक बटन घोटाला, दिल्ली में तमाम ऐसे घोटाले आप की सरकार में हुए है. दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सबका जवाब देना होगा. वहीं, भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा का कहना है कि आतिशी तो प्रेस कांफ्रेंस करके कह रही हैं कि अरविंद केजरीवाल को नया समन मिला है वह जमानत पर है. आतिशी की बात से तो ऐसा लग रहा है कि केजरीवाल सेना के फाइटर हो लेकिन केजरीवाल घोटालेबाज है बेईमान है क्रिमिनल है और जमानत एक क्रिमिनल को मिली है. सिरसा ने आतिशी को टारगेट करते हुए कहा कि वो कह रहीं है कि अब तो बीजेपी वालों के मुंह बंद हो गए. सिरसा ने कहा कि आप लोग एक बेईमान और एक लुटेरे को डिफेंड कर रही हो. सिरसा ने जल बोर्ड घोटाले को लेकर आप पार्टी और सीएम केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा.

# वुमेंस प्रीमियर लीग के फाइनल मुकाबले के लिए दिल्ली मेट्रो ने किया समय में बदलाव

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो, राजधानी में यातायात का एक बेहतरीन विकल्प है. अपने यात्रियों की सुविधा के लिए दिल्ली मेट्रो हमेशा बदलाव करता आया है. अगर आप भी मेट्रो से यात्रा करते हैं तो यह खबर आपके लिए काम की है. दरअसल दिल्ली मेट्रो ने अपने परिचालन ने कुछ बदलाव किए हैं. अरुण जेटली स्टेडियम में रविवार को वुमेंस प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबले के मद्देनजर दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने मेट्रो परिचालन के समय में बदलाव किया है. यात्रियों की सहूलियत को देखते हुए दिल्ली मेट्रो ने आज रात 00:15 बजे तक मेट्रो परिचालन जारी रखने का फैसला लिया है. ऐसा इसलिए किया गया है ताकि मैच देख कर घर लौटने वाले लोगों को इसका फायदा मिल सके. डीएमआरसी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया है कि अरुण जेटली स्टेडियम में आज रात वूमेंस प्रीमियर लीग फाइनल के समापन के बाद दर्शकों की सुविधा के लिए निकटवर्ती दिल्ली गेट स्टेशन (वॉयलेट लाइन पर) से मेट्रो सेवा आधी रात से 00:15 बजे तक उपलब्ध रहेगी. साथ ही यह लिखा गया कि सभी लाइनों पर टर्मिनल स्टेशनों तक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी. वहीं मैच के खत्म होने के मुताबिक और भी बदलाव किए जा सकते हैं. दिल्ली मेट्रो फाइल मुकाबले के लिए दिल्ली कैपिटल्स टीम को शुभकामनाएं देती है. बता दें कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है जब डीएमआरसी ने मेट्रो से सचालन में बदलाव किया है. इससे पहले राजधानी में आयोजित हुए वर्ल्ड कप मैच के दौरान भी मेट्रो के समय में बदलाव किया गया था.

# स्नेक वेनम केस: जब मेनका गांधी ने एल्विश यादव के खिलाफ खोल दिया था मोर्चा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



नोएडाः बिग बॉस ओटीटी-2 के विनर एवं यूट्यूबर एल्विश यादव को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर गौतमबुद्ध नगर कोर्ट में पेश किया। जहां से एल्विश यादव को कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इसके बाद पुलिस एल्विश यादव को लेकर ग्रेटर नोएडा की लुक्सर जेल पहुंची। चार नवंबर 2023 को बीजेपी सांसद मेनका गांधी ने एल्विश यादव के खिलाफ मोर्चा खोला था। उन्होंने एल्विश यादव को गिरफ्तार करने की मांग उठाई थी। साथ ही पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठाए थे। उनके ही एनजीओ की शिकायत पर नोएडा पुलिस ने छापा मारा था। मेनका गांधी ने कहा था कि सांप लुप्तप्राय प्रजाति की श्रेणी में आते हैं। नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है कि यूट्यूबर लोकप्रियता बटोरने के लिए गैर कानूनी तरीकों का इस्तेमाल करते हैं। मेनका गांधी ने एल्विश यादव को सांप के जहर को सप्लाई करने वाला सरगना बताया था। मेनका गांधी का एनजीओ पीपल फॉर एनिमल्स (पीएफ) पशु संरक्षण का काम करता है। मेनका गांधी ने तस्करों के चंगुल से लुप्तप्राय जीवों को बचाने में नाकाम होने पर चिंता जताई थी। साथ ही वन विभाग और पुलिस पर गंभीर सवाल उठाए थे। नोएडा पुलिस ने मेनका गांधी के एनजीओ पीएफए की शिकायत पर रेव पार्टी में छापा मारा था। रेव पार्टी से नौ सांप बरामद हुए थे। नोएडा सेक्टर-51 के बैक्वेंट हॉल में रेव पार्टी चल रही थी। एल्विश यादव से पहले छह आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस का जताया आभार वहीं, पीपल फॉर एनिमल में काम में करने वाले सौरभ गुप्ता ने गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह का आभार जताया। उन्होंने कहा कि हमारी ओर से किया किया गया नोएडा स्नैक वेनम केस पूरी तरह सत्य और सबूतों पर आधारित था, जोकि आज पूरी तरह सच साबित हो गया है। मारपीट वाला वीडियो भी आया था सामनेएल्विश यादव का हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ था। गुड़गांव सेक्टर-53 में स्थित साउथ पॉइंट मॉल में मारपीट की थी। एल्विश यादव और उसके साथियों के खिलाफ सेक्टर-53 थाने में शुक्रवार देर रात पुलिस ने मामला दर्ज किया था। इस मामले की अभी जांच की जा रही है। हालांकि, मारपीट वाले वीडियो के बाद एल्विश ने वीडियो शेयर कर सफाई भी दी थी।

# दस साल बाद सीधी टक्कर, दिल्ली की सातों सीटों पर कैसी है इस बार लड़ाई

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



नई दिल्लीः 2014 और 2019 में लोकसभा सीटों पर त्रिकोणीय संघर्ष हुआ था और दोनों ही बार बीजेपी ने एकतरफा जीत हासिल की थी। 2019 में तो कई सीटों पर बीजेपी उम्मीदवारों ने 50 फीसदी से अधिक वोट पाए थे। कुछ सीटों पर आप और कुछ पर कांग्रेस दूसरे नंबर पर रही थी। लेकिन, इस बार आप और कांग्रेस ने मिलकर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। ऐसे में अगर कोई बड़ा राजनीतिक उलटफेर नहीं हुआ तो चार सीटों पर बीजेपी उम्मीदवारों को आप और तीन पर कांग्रेस उम्मीदवार टक्कर देंगे। ईस्ट दिल्ली सीट : दस साल से ये सीट बीजेपी के पास रही है, लेकिन दोनों ही बार पार्टी ने अपने उम्मीदवारों को बदल दिया। 2014 में महेश गिरी और 2019 में यहां से बीजेपी ने गौतम गंभीर को उतारा और दोनों ने ही जीत हासिल की थी। इस बार बीजेपी ने हर्ष मल्होत्रा को मैदान में उतारा है, जबकि आप ने अपने विधायक कुलदीप कुमार को उम्मीदवार बनाया है। साउथ दिल्ली : इस सीट पर भी बीजेपी ने अपना उम्मीदवार बदलते हुए दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी को टिकट दिया है। जबकि आप ने अपने विधायक सही राम को उम्मीदवार बनाया है। इस सीट पर 2014 और 2019 में बीजेपी के रमेश बिधूड़ी ने चुनाव में जीत हासिल की थी। नई दिल्ली : किसी जमाने में इस सीट पर कांग्रेस का दबदबा था। 2004 और 2009 में कांग्रेस ने जीत हासिल की थी, लेकिन अब पिछले दो चुनाव से बीजेपी की मीनाक्षी लेखी जीत रही थीं। बीजेपी ने उनकी जगह इस बार अपनी दिवंगत नेता सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज को चुनाव लड़ाने का फैसला किया है। बांसुरी स्वराज का मुकाबला आम आदमी पार्टी के मौजूदा सीनियर विधायक सोमनाथ भारती से होगा। वेस्ट दिल्ली : इस सीट पर भी बीजेपी ने अपने उम्मीदवार को बदला है। प्रवेश वर्मा की जगह इस बार पार्टी ने नगर निगम में कई पदों पर कार्य कर चुकीं कमलजीत सहरावत को टिकट दिया है। उनका मुकाबला आप के महाबल मिश्रा से होगा। ये मुकाबला इसलिए दिलचस्प होने की उम्मीद है, क्योंकि मिश्रा यहां से कांग्रेस के सांसद रहे हैं। हालांकि अब वे आप के उम्मीदवार हैं। नॉर्थ ईस्ट दिल्ली : ये दिल्ली की ऐसी सीट है, जहां बीजेपी ने अपना उम्मीदवार नहीं बदला। मौजूदा सांसद मनोज तिवारी पर फिर से पार्टी ने भरोसा जताया है। आप और कांग्रेस गठबंधन में ये सीट कांग्रेस को मिली है। लेकिन अभी कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार का ऐलान नहीं किया। वैसे यहां से कांग्रेस की ओर से अनिल चौधरी, संदीप दीक्षित, भीष्म शर्मा समेत कई नामों पर विचार हो रहा है। इस सीट पर प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली का भी नाम था, लेकिन उन्होंने खुद ही चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। चांदनी चौक : पुरानी दिल्ली के मुस्लिम और वैश्य बहुल समुदाय वाली इस सीट पर बीजेपी ने अपने व्यापारी नेता प्रवीण खंडेलवाल को टिकट दिया है। लेकिन कांग्रेस ने इस सीट पर उम्मीदवार तय नहीं किया है। वैसे इस सीट पर जयप्रकाश अग्रवाल के अलावा अलका लांबा, हरिशंकर गुप्ता समेत कई चेहरों पर कांग्रेस विचार कर रही है। नॉर्थ वेस्ट दिल्ली : दिल्ली की एकमात्र सुरक्षित लोकसभा सीट पर बीजेपी ने हंसराज हंस का टिकट काटकर नगर निगम में कई बड़े पद संभाल चुके योगेंद्र चंदोलिया को टिकट दिया है। यहां भी अब तक कांग्रेस ने उम्मीदवार फाइनल नहीं किया। लेकिन यहां से बीजेपी से कांग्रेस में आए पूर्व सांसद उदित राज और राजकुमार चौहान भी दौड़ में हैं।

## रुपये देने से मना किया तो युवक की गर्दन पर धारदार हथियार से हमला बोला

नई दिल्ली। जगतपुरी इलाके में रुपये देने से मना करने पर एक बदमाश ने युवक की गर्दन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर मामला दर्ज किया। पुलिस के मुताबिक, मूलरूप से उत्तर प्रदेश के फतेहपुर निवासी 24 वर्षीय राहुल गुप्ता परिवार के साथ जगतपुरी के वेस्ट चंदर नगर में रहता है। वह रोहिणी सेक्टर-11 में मोबाइल की दुकान पर काम करता है। शनिवार को उसके दोस्त के यहां एक कार्यक्रम था। देर रात करीब 12.15 बजे राहुल पैदल ही अपने घर लौट रहा था। इस बीच हजारा पार्क में आरोपी आकाश चौधरी ने उसे रोक लिया और रुपयों की मांगने लगा। मना करने पर आरोपी ने धारदार हथियार से पीड़ित की गर्दन पर हमला कर दिया और फरार हो गया। आसपास के लोगों ने मामले की सूचना राहुल के परिवार को दी। बाद में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। पूछताछ के दौरान घायल ने बताया कि आरोपी ने पहले भी उसके साथ लूटपाट की थी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

## सीबीआई अधिकारी के घर से आभूषण चोरी

नई दिल्ली। मोहन गार्डन इलाके में गुरुवार को चोर ने एक सीबीआई अधिकारी के घर से लाखों के सोने के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर मामला दर्ज किया। द्वारका मोड़ इलाके में रहने वाले राजेन्द्र ने बताया कि वह सीबीआई में कार्यरत है। 14 मार्च को शाम करीब चार बजे उनकी पत्नी ने ताले-चाबी बनाने वाले एक व्यक्ति को घर बुलाया और अलमारी की चाबी को ठीक करने के लिए कहा। काफी कोशिश करने के बाद आरोपी ने कहा कि वह अपने भाई को बुलाकर ला रहा है। शाम को जब राजेन्द्र कार्यालय से घर आए तो पत्नी ने उन्हें ताले-चाबी वाले के बारे में बताया। उन्होंने तुरंत अलमारी चेक की तो वहां से सोने के चार कड़े, झुमके, गले का सेट, चार अंगूठी और चार कान की बाली गायब थी। उन्होंने तुरंत मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाल कर आरोपियों की पहचान करने में जुटी हुई है।

# केजरीवाल पढ़े-लिखे तो हैं, लेकिन उनका ज्ञान जीरो है : बांसुरी स्वराज

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी द्वारा नौवां समन जारी करने के बाद बीजेपी नेता बांसुरी स्वराज ने रविवार को कहा कि अरविंद केजरीवाल बहुत पढ़े-लिखे हैं, लेकिन जब कानून की बात आती है, उसका ज्ञान शून्य है। स्वराज ने एएनआई को बताया कि जब भी पीएमएलए के तहत समन आता है, तो कानूनन यह अनिवार्य है कि आप उसका सम्मान करें। बांसुरी ने कहा, ह्लसीएम अरविंद केजरीवाल और उनके कैबिनेट मंत्री काफी पढ़े-लिखे हैं, लेकिन जब कानून की बात आती है, तो उनका ज्ञान शून्य है। जो जांच चल रही है, वह शराब घोटाले के संबंध में है क्योंकि आरोप गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि आप नेताओं ने 100 करोड़ रुपये की रिश्वत ली है, जिसका इस्तेमाल केवल आप की गतिविधियों के लिए किया जाता है। अगर केजरीवाल जी पार्टी के प्रमुख हैं, तो उन्हें जांच में जवाब देना होगा। उन्होंने कहा, ह्लजब भी पीएमएलए के तहत समन आता है तो कानूनन यह अनिवार्य है कि आप उसका सम्मान करें। उन्होंने कहा, जब भी आप उनका अनादर करते हैं तो आप धारा 174 के तहत एक नया अपराध कर रहे होते हैं। इसके अलावा, बांसुरी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि ईडी के पिछले आठ समन को नजरअंदाज करके केजरीवाल ने खुद अपने खिलाफ इस मामले को आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा, ह्लदिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने ईडी के आठ समन का अनादर किया है। ईडी द्वारा आईपीसी की धारा 174 के तहत अदालत में याचिका दायर की गई है। कार्यवाही का इस तथ्य से कोई लेना-देना नहीं है कि ईडी के समन ह्यकानूनी हैं या अवैध। ह्य इस बीच, सूत्रों ने रविवार को बताया कि ईडी ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में अरविंद केजरीवाल को कल के लिए एक और समन जारी किया है।

# ब्राह्मण महासभा के दिल्ली अध्यक्ष राम प्रकाश भारद्वाज आम आदमी पार्टी में शामिल, आप मंत्री आतिशी ने दिलाई पार्टी की प्राथमिक सदस्यता

- एक तरफ अरविंद केजरीवाल हैं जो दिल्ली के लोगों के लिए अच्छे काम कर रहे हैं, दूसरी तरफ भाजपा की केंद्र सरकार है जो उन कामों को रोक रही है: आतिशी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली में आम आदमी पार्टी का परिवार तेजी से बढ़ रहा है। इसी कड़ी में रविवार को दिल्ली से ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष और पूर्व में भाजपा के युवा मोर्चा प्रदेश सचिव एवं किसान मोर्चा प्रदेश सचिव रहे राम प्रकाश भारद्वाज ने आम आदमी पार्टी ज्वाइन की। कालकाजी से आम आदमी पार्टी की विधायक और दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने राम प्रकाश भारद्वाज और उनके समर्थकों को टोपी और पटका पहनाकर आम आदमी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। इस मौके पर दक्षिणी दिल्ली से आम आदमी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी सहीराम पहलवान भी मौजूद रहे। राम प्रकाश भारद्वाज के पार्टी में शामिल होने पर दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा कि राम प्रकाश भारद्वाज और उनके समर्थकों का आम आदमी पार्टी में स्वागत है। हम सब मिलकर दिल्ली की आवाज संसद में उठाने के कड़ी मेहनत करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि आज दिल्ली के लोग देख रहे हैं कि किस तरीके से अरविंद केजरीवाल की सरकार द्वारा दिल्ली के लोगों के लिए किए जा रहे अच्छे कामों को भाजपा द्वारा रोका जा रहा है। एक तरफ अरविंद केजरीवाल जी हैं जो दिल्ली के लोगों को अच्छे स्कूल,अच्छे अस्पताल, मुफ्त बिजली और पानी, महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा जैसी सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। दूसरी तरफ भाजपा की केंद्र सरकार और छत्र्र हैं जो लगातार अरविंद केजरीवाल जी के कामों को रोक रहे हैं। जब दिल्ली के लोगों के कामों को भाजपा सरकार और छत्र्र द्वारा रोका जाता है तो दिल्ली के सातों सांसद तालियां बजाते हैं। दिल्ली के भाजपा सांसदों ने आज तक दिल्ली के हक के मुद्दे संसद में नहीं उठाए। आतिशी ने आगे कहा कि जब केंद्र सरकार दिल्ली के लोगों के हक छीनने के लिए कानून लेकर आती है तो यह सांसद खुश होते हैं। अब संसद में दिल्ली की आवाज को उठाने का वक्त आ चुका है। इस बार लोकसभा चुनाव में दिल्ली में इंडिया गठबंधन के सातों उम्मीदवार जीतेंगे और दिल्ली की आवाज को संसद में बुलंद करेंगे। इंडिया गठबंधन की जीत होगी और भाजपा की हार होगी। दिल्ली के कामों को रोकने का बदला दिल्ली की जनता इस बार भाजपा को हरा कर लेगी।

# दिल्ली पुलिस ने लापता हुए तीन वर्षीय बच्चे को ढूंढकर परिवार से मिलाया

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली जिले के कोटला मुबारकपुर थाने की पुलिस टीम ने लापता हुए तीन साल के बच्चे को महज कुछ घंटो के भीतर लिया. इसके बाद परिजनों को इसकी सूचना दी गई और बच्चे को उन्हें सौंप दिया गया. दिल्ली पुलिस के जवानों के इस कार्य की हर तरफ तारीफ की जा रही है.डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि, शनिवार को कोटला मुबारकपुर थाने में एक लावारिस बच्चे के संबंध में पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी. मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत पुलिस कर्मचारी मौके पर पहुंचे, जहां पिलंगी नई दिल्ली के पास लगभग 3 साल की उम्र का बच्चा पाया गया. इसके बाद पुलिस स्टाफ ने क्षेत्र में उनके माता-पिता की तलाश शुरू की. बच्चे के परिजनों की खोज के लिए एसीपी डिफेंस कॉलोनी और कोटला मुबारकपुर थाने के एसएचओ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया. इसमें सब इंस्पेक्टर राजेंद्र और महिला कॉन्स्टेबल को शामिल किया गया था. टीम ने बच्चे की तस्वीर को आरडब्ल्यूए और एमडब्ल्यूए के व्हॉट्सऐप ग्रुप में प्रसारित किया. इसके अलावा स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की गई. टीम ने कई बाजारों में जाकर बच्चे की तस्वीर लोगों को दिखाई।

# दिल्ली में रिंग रोड पर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग की बढ़ेगी सुविधा, हर 5 किलोमीटर पर बनेगा चार्जिंग स्टेशन

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




नई दिल्ली। दिल्ली में जैसे-जैसे इलेक्ट्रिक वाहनों के संख्या बढ़ रही है.दिल्ली सरकार चार्जिंग स्टेशन बढ़ाने की दिशा में भी काम कर रही है. दिल्ली के आउटर रिंग रोड पर हर पांच किलोमीटर पर एक चार्जिंग स्टेशन बनाया जाएगा. फ्लाईओवर के नीचे चार्जिंग स्टेशन बनाए जाने की योजना है, जिससे की यातायात भी प्रभावित नहीं हो और लोगों को सुविधा भी हो. लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता हटने के बाद चार्जिंग कॉरिडोर बनाने का काम शुरू होगा. रिंग रोड पर हर 5 सौ मीटर पर बनेगा चार्जिंग स्टेशन अधिकारियों के मुताबिक, आउटर रिंग रोड को एक ऐसे मार्ग के रूप में विकसित किया जाएगा,जहां ईवी चार्जिंग स्टेशन ढूंढना बेहद आसान होगा. इससे नए इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने वालों को चार्जिंग को लेकर चिंता दूर हो जाएगी. वर्तमान में स्थिति यह है की पेट्रोल पंप की तरह ईवी चार्जिंग स्टेशन नहीं दिखाई देते हैं. यदि किसी को चार्जिंग स्टेशन पर वाहन चार्ज करने के लिए जाना पड़ता है तो वह गूगल मैप का सहारा लेते हैं. नए ईवी चार्जिंग स्टेशन खुलने से ईवी मालिकों को बड़ी राहत मिलेगी और लोग आसानी से अपने इलेक्ट्रिक वाहन चार्ज कर सकेंगे. रिंग रोड पर हर 5 सौ मीटर पर बनेगा चार्जिंग स्टेश-47 किलोमीटर लंबी रिंग रोड आरके पुरम, मुनिरका, आईआईटी, नेहरू प्लेस, कालकाजी, ओखला उत्तर में आजादपुर, जहांगीर-पुरी, रोहिणी, मॉडल टाउन जैसे क्षेत्रों से होकर गुजरती है. एक अध्ययन के अनुसार रोजाना इस रोड से 10,000 से अधिक यात्री कार गुजरती हैं. नेशनल काउंसिल ऑन क्लीन ट्रांसपोर्टेशन इंडिया का कहना है कि, यदि कोई इलेक्ट्रिक वाहन लेकर बाहर से आता है तो उसे वाहन को चार्ज करने की चिंता नहीं होनी चाहिए. चार्जिंग स्टेशन खुलने से लोगों को लंबी कतार भी नहीं लगानी पड़ेगी. रिंग रोड पर हर पांच किलोमीटर पर एक चार्जिंग स्टेशन बनाने के साथ जगह-जगह साइनेज लगाए जाएंगे, जिससे लोगों को चार्जिंग स्टेशन ढूंढने में परेशानी नहीं होगी.

# 9 हफ्ते, 9 चोरियां... सूने घरों के टूट रहे ताले, दिल्ली पुलिस को आखिर किस बात का है इंतजार?

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



नई दिल्लीः रेलवे कर्मचारी पुरन सिंह गुरुवार तड़के रात की ड्यूटी करके निजामुद्दीन स्थित अपने घर लौटे रहे थे। पहुंचते ही उन्होंने देखा कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है घर में चोरी हो चुकी थी। चार दिन पहले ही पड़ोस के पंत नगर इलाके में रहने वाले 46 साल के एक शख्स के घर में भी सेंधमारी की गई थी। उस वक्त वह वो अपने गांव गए हुए थे। हालांकि, पिछले कुछ हफ्तों में राजधानी दिल्ली में चोरी का शिकार होने वाले ये दो लोग बस नहीं हैं। बीते कई दिनों से इलाके में लगातार चोरी की वारदातें हो रही हैं। हैरानी की बात यह है कि दिल्ली पुलिस इन चोर-लुटेरों को पकड़ने में कामयाब नहीं हो रही है। बीते दिनों में ऐसी 9 वारदातें हुई लेकिन पुलिस पता लगाने में फेल रही। सवाल उठने लगे हैं कि आखिर दिल्ली पुलिस हाथ पर हाथ रखकर क्यों बैठी है? चोरी करने से पहले करते हैं रेकी हाल की चोरी की वारदातों में कम से कम छह घटनाओं में, चोरों के चोरी करने का तरीका एक जैसा पाया गया है। इससे पुलिस और इलाके के रहने वालों को शक हो रहा है कि कहीं एक ही गैंग इलाके में बार-बार तो नहीं चोरी कर रहा है। हालांकि एक मामला दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज में नकाबपोश लोगों को हर घटना से पहले इलाके की रेकी करते हुए देखा गया है, लेकिन अभी तक कोई बड़ी सफलता पुलिस को नहीं मिली है। पवन सिंह ने टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया कि मुझे मेरे पड़ोसियों ने सतर्क किया था, उन्होंने देखा कि मेरा घर खुला हुआ था। पवन ने यह भी पाया कि लुटेरों ने उनके घरों के मुख्य दरवाजे को भी अंदर से बंद कर दिया था, ताकि रात में कोई आवाज न कर सके। घर में बच्चों को अकेला छोड़ने पर लगता है डर सिंह के घर से कुछ ही किलोमीटर दूर रहने वाले एक 45 साल के प्रॉपर्टी डीलर के घर से भी 6 मार्च को 1.3 लाख रुपये कैश और गहने चोरी हो गए थे। वह किसी शादी में शामिल होने के लिए अपने गांव गए थे। उन्होंने बताया कि हमारे जाने के सिर्फ एक घंटे बाद ही, चोर हमारे घर में घुस गए। आस-पास के घरों को अंदर से रॉड से लॉक कर के उन्होंने चोरी की। सालों की मेहनत से जो कुछ भी इकट्ठा किया था, वो पलभर में गायब हो गया। उनकी पत्नी ने आगे कहा कि अब तो हमें बच्चों को अकेला घर में छोड़ने में भी डर लगता है। कुछ भी हो सकता है। रिद्धि गोयल (19 साल) ने भी एक और एफआईआर दर्ज कराई है। उनके मुताबिक, उनके माता-पिता कहीं बाहर गए थे और वो खुद भी कॉलेज के लिए निकली थीं।

# कोर्ट के फैसले का इंतजार किए बिना भाजपा की ईडी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दोबारा समन भेजा

**एक ऐसा मामला जिसमें जाँच क्या चल रही है? क्या तथाकथित घोटाला हुआ है? जो शत प्रतिशत फर्जी है उसमें भेजा गया समन-आतिशी**

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

आप संयोजक और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कल राउज एवेन्यू कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश हुए। कोर्ट द्वारा उन्हें जमानत दे दी गई। और अब आगे ईडी के समन के लीगलिटी पर कोर्ट में बहस होगी। लेकिन कोर्ट के फैसले का इंतजार किए बिना भाजपा की ईडी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तथातकथित शराब घोटाले के साथ-साथ जल बोर्ड के फर्जी मामले में भी समन भेज दिया। इस बाबत प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से साझा करते हुए वरिष्ठ आप नेता व दिल्ली कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि, अरविंद केजरीवाल जी को गिरफ़्तार करने का मोदी जी का मकसद एक्साइज पॉलिसी के फर्जी केस में पूरा नहीं हो रहा तो नया फर्जी केस तैयार करवा दिया गया है। एक ऐसा मामला जिसमें जाँच क्या चल रही है? क्या तथाकथित घोटाला हुआ है? जो शत प्रतिशत फर्जी है उसमें भी केजरीवाल जी को समन भेजा गया है। क्योंकि मोदी जी और उनके गुंडे ईडी को कानूनी प्रक्रिया से कोई मतलब नहीं, उनका एकमात्र मकसद अरविंद केजरीवाल को गिरफ़्तार कर चुनाव में प्रचार करने से रोकना है। आतिशी ने कहा कि, आज के समय ईडी और सीबीआई मोदी जी के दो गुंडे बनकर रह गए है, जो उनका विरोध करता है, ईडी-सीबीआई उसके पीछे पड़ जाते है। उन्होंने कहा कि, ईडी-सीबीआई-




इनकम टैक्स डिपार्टमेंट मोदी जी के गुंडे है, वो सिर्फ.मोदी जी के विरोधियों को खत्म करने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे है। मोदी जी के इन गुंडों ने एक एक कर के विपक्ष की पार्टियों को टारगेट किया; इलेक्टोरल बांड मामले में भी साफ कि पहले ईडी-सीबीआई-आईटी मिलकर एक वसूली रैकेट चला रहे थे।और अब लोकसभा चुनाव से ठीक पहले अब मोदी जी अपने गुंडे ईडी के माध्यम से अरविंद केजरीवाल जी को गिरफ़्तार करना चाहते है। आप नेता आतिशी ने कहा कि, कल अरविंद केजरीवाल जी व्यक्तिगत रूप से राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए। उन्होंने तीन सप्ताह पहले कोर्ट को कहा था कि, जैसे ही बजट सत्र खत्म होगा, उसके तुरंत बाद वो कोर्ट के सामने पेश होंगे। क्योंकि आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल जी कानूनी प्रक्रिया का पालन करते है, इसलिए कल तय तारीख पर अरविंद केजरीवाल जी कोर्ट गए।और भाजपा के सभी नेताओं को जबाव दे दिया जो बार बार कह रहे थे कि अरविंद केजरीवाल कोर्ट से भाग रहे है, ईडी से भाग रहे है, कल केजरीवाल जी ने इन सबका मुँह बंद कर दिया। कोर्ट ने भी केजरीवाल जी को जमानत दे दी। उन्होंने कहा कि, अब कानूनी प्रक्रिया की शुरूआत होगी, केस पर बहस होगी और कोर्ट इस बात की जाँच करेगा कि जो समन ईडी अरविंद केजरीवाल जी को भेज रही है क्या वो समन कानूनी है या गैर-कानूनी है। क्या अरविंद केजरीवाल जी को उस समन पर जाना होगा या नहीं जाना होगा। अब इस पूरे मसले पर कानूनी बहस शुरू होगी। लेकिन भाजपा और मोदी जी कानूनी प्रक्रिया का सम्मान नहीं करते। वो इस बात का इंतजार तक नहीं कर रहे है कि कानूनी प्रक्रिया का क्या निष्कर्ष निकलेगा, कोर्ट क्या फैसला देगी। पर इन्हें कोर्ट से कोई मतलब नहीं है, जाँच से कोई मतलब नहीं है, सच्चाई से मतलब नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सिर्फ. एक चीज से मतलब है कि, किसी न किसी तरह से चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल जी को जेल में डाल दिया जाए, उन्हें चुनाव में प्रचार करने से रोक दिया जाए। यही मोदी जी, उनकी भारतीय जनता पार्टी और उनकी ईडी-सीबीआई का इकलौता मकसद है। आतिशी ने कहा कि, यही कारण है कि कोर्ट की प्रक्रिया के खत्म होने का इंतजार नहीं किया गया और कुछ ही घंटों के बाद उसी केस में जिसपर कोर्ट में बहस हो रही है, कल शाम को अरविंद केजरीवाल जी को एक और समन मोदी जी की ईडी ने भेज दिया। केजरीवाल जी की न केवल एक्साइज पॉलिसी में समन भेजा गया बल्कि जल बोर्ड के एक और फजी केस में समन भेजा गया। क्योंकि मोदी जी को लग रहा है कि, शायद केजरीवाल जी को गिरफ़्तार करने का उनका मकसद शायद एक्साइज पॉलिसी के फर्जी केस से पूरा न हो। उन्होंने कहा कि, एक ऐसा केस जिसके विषय में आज तक हमें पता भी नहीं चला है कि, इसमें जाँच क्या हो रही है, इसमें तथाकथित घोटाला क्या हुआ है? इसमें ईडी ने केस क्या दर्ज किया है? और इस शत प्रतिशत फर्जी मामले में भी कल मोदी जी की ईडी ने केजरीवाल जी को समन भेज दिया। आतिशी ने कहा कि, ये कैसी गुंडागर्दी है? आज के समय ईडी और सीबीआई मोदी जी के दो गुंडे बनकर रह गए है। जो मोदी जी का विरोध करता है, ईडी-सीबीआई उसके पीछे पड़ जाते है। हमने देखा कि कैसे मोदी जी के इन दोनों गुंडों ने एक एक कर के विपक्ष की पार्टियों को टारगेट किया। और अब जब इलेक्टोरल बांड का मामला सामने आया है तो ये भी साफ हो गया है कि, मोदी जी के गुंडे ईडी-सीबीआई-आईटी मिलकर एक एक्सटॉरशन रैकेट चला रहे थे। पहले कंपनियों को इनके समन भेजे जाते थे और फिर जैसे गुंडे हफ़्ता माँगते है वैसे ही उन कंपनियों से इलेक्टोरल बॉण्ड के जरिए पैसे माँगे जाते थे। उन्होंने कहा कि, आज ये बिलकुल साफ हो गया है कि ईडी-सीबीआई-इनकम टैक्स डिपार्टमेंट मोदी जी के गुंडे है। वो सिर्फ. मोदी जी के विरोधियों को खत्म करने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे है और अब मोदी जी चुनाव से पहले अपने गुंडे ईडी के माध्यम से अरविंद केजरीवाल जी को गिरफ़्तार करना चाहते है।

## पांचवीं पुण्यतिथि पर गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय रक्षा मंत्री स्वर्गीय मनोहर पर्रिकर को श्रद्धा सुमन अर्पित

- भारतीय राजनीति में सामाजिक चेतना के जुझारू और समर्पित राजनीतिज्ञ महायौद्धा थे मनोहर पर्रिकर: शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महासचिव रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) से पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से सांसद प्रत्याशी रहे शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय रक्षा मंत्री स्वर्गीय श्री मनोहर पर्रिकर की पांचवीं पुण्यतिथि पर उन्हें कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। वत्स ने कहा कि मनोहर पर्रिकर भारतीय राजनीति में सामाजिक चेतना के एक जुझारू और समर्पित महायौद्धा राजनेता थे। वे एक सुयोग्य राजनीतिज्ञ ही नहीं थे बल्कि वे एक समाज सुधारक भी थे। उन्होंने गोवा में दयानंद सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत राज्य के वरिष्ठ नागरिकों की आर्थिक सहायता की योजना को लागू किया। मनोहर पर्रिकर कला, साहित्य और सिनेमा के भी मर्मज्ञ थे। उनके प्रयासों से ही भारत का अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह गोवा में स्थायी रुप से आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए उन्होंने व्यक्तिगत रुप से सिनेमा के लिए संरचनात्मक ढांचे को सुदृढ किया और आज गोवा विश्व पटल पर अंतराष्ट्रीय सिनेमा के उन्नयन ओर संवर्धन के जाना जाता है। मनोहर पर्रिकर कैंसर जैसी असाध्य बीमारी के साथ जिस जीवटता के साथ लडे वह उनकी असाधारण इच्छा शक्ति का परिचायक है। वत्स ने कहा कि मनोहर पर्रिकर आम आदमी के प्रतीक थे और सादा जीवन उच्च विचार के सिद्धांतों में विश्वास रखते थे। ईमानदारी और सत्यनिष्ठा उनकी पहचान रही।

## 26 जोन और 120 सेक्टरों में बांटा जिला, चप्पे-चप्पे पर रहेगी नजर

**प्रशासन और पुलिस ने तैयार किया निष्पक्ष और शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव कराने का खाका**

- सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट के अलावा तीनों विधानसभा क्षेत्रों में तीस टीमों को किया तैनात

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

जिला प्रशासन और पुलिस ने लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण कराने के लिए सुरक्षा का खाका तैयार कर लिया है। जिले को 26 जोन और 120 सेक्टरों में बांटा गया है। सभी जोन में एक-एक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्र की गतिविधियों पर नजर रखेंगे। साथ ही, स्टेटिक सर्विलांस, फ्लाइंग स्क्वायड, वीडियो सर्विलांस सहित तीस टीमों को तीनों विधानसभा क्षेत्रों में तैनात किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जाएगा। किसी भी असामाजिक तत्व को माहौल बिगाड़ने नहीं दिया जाएगा। हर बूथ व क्षेत्र पर नजर रखी जाएगी। इसके लिए नोएडा विधानसभा में 10 जोन व 36 सेक्टर, दादरी विधानसभा में 10 जोन व 42 सेक्टर और जेवर विधानसभा में 6 जोन व 42 सेक्टर बनाए गए हैं। औसतन हर 20 बूथों पर एक सेक्टर और 74 बूथों पर एक जोनल मजिस्ट्रेट तैनात रहेगा। वहीं, तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 9 स्टेटिक सर्विलांस टीम, 9 फ्लाइंग स्क्वायड टीम, 3-3 वीडियो सर्विलांस टीम तैनात की गई है। टीमें क्षेत्र में दौरा कर नकदी व शराब समेत चुनाव व्यवस्था को बिगाड़ने वाली सभी गतिविधियों पर नजर रखेंगी। सीमा पर बढ़ी मुस्तैदी अपर पुलिस आयुक्त शिव हरी मीणा ने बताया कि जिले में दिल्ली व हरियाणा की सीमा से आने-जाने के 24 रास्ते हैं। जबकि बुलंदशहर, बागपत और गाजियाबाद से लगे हुए 23 रास्ते हैं। इन सभी पर पुलिस निगरानी रख रही है। सभी एंट्री प्वाइंट पर रजिस्टर भी रखा जाएगा जिसमें आने-जाने वाले संदिग्धों का रिकॉर्ड भी रहेगा। 1088 हिस्ट्रीशीटर की सूची तैयारपुलिस ने जिले के 1088 हिस्ट्रीशीटर की सूची तैयार की है। साथ ही, सभी थाना क्षेत्रों में असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा रही है। जिन पर गैंगस्टर, गुंडा एक्ट, रासुका समेत अन्य धाराओं में कार्रवाई की जाएगी। वहीं, 13,400 शस्त्र जमा करवाए जाएंगे। लाइसेंसधारक संबंधित थानों या फिर असलाह की तीन दुकानों पर शस्त्र जमा कर सकते हैं।

## लोकसभा चुनाव के लिए गौतम बुद्ध नगर में पुलिस प्रशासन ने कसी कमर

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 की रणभेरी बज गई है. देश में लोकसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा हो चुकी है. यूपी के गौतम बुद्ध नगर में दूसरे चरण में लोकसभा चुनाव होंगे. जिनके लिए 4 अप्रैल को नामांकन होंगे, वहीं 8 अप्रैल तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकते हैं. 26 अप्रैल को गौतम बुद्ध नगर में मतदान होंगे. जिसके लिए प्रशासन की तरफ से तैयारियों की जानकारी दी गई. गौतम बुद्ध नगर में मतदान के लिए 2269 मतदान स्थल बनाए गए है जिनपर 18 लाख से ज्यादा मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे. वहीं 24223 मतदाता पहली बार वोटिंग करेंगे. मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए 120 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 26 जोनल मजिस्ट्रेट बनाए गए हैं. चुनाव के दौरान एक लाख से ऊपर की सभी सस्पीसियस ट्रांजैक्शन को ट्रैक किया जाएगा. जिले में 51 मॉडल बूथ बनाए गए हैं वही 342 संवेदनशील पोलिंग स्टेशन चिन्हित किए गए हैं. दरअसल, आचार संहिता लागू होने के बाद गौतम बुद्ध नगर के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा और जॉइंट पुलिस कमिश्नर शिवहरि मीणा ने रविवार को कलेक्ट्रेट में एक प्रेस वार्ता आयोजित की. जहां चुनाव के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से करने के लिए 5000 पुलिसकर्मियों के साथ पैरामिलिट्री, पीएसी, होमगार्ड और पीआरडी जवान तैनात रहेंगे. जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि लगभग 18 लाख 30000 से ज्यादा वोटर हम लोगों की मतदाता सूची में शामिल हैं. जिले में तीन विधानसभाओं (नोएडा विधानसभा, दादरी विधानसभा और जेवर विधानसभा) को मिलाकर 1804 पोलिंग बूथ तैयार किए गए हैं. जिसमें बेसिक मिनिमम सुविधाओं को हम लोगों ने सही कर लिया है. पूरे जिले को लॉ एंड आर्डर के पॉइंट ऑफ व्यू से 120 सेक्टर और 26 जोनल सेक्टर में बांटा गया है. जिलाधिकारी ने बताया कि अभी हमने राजनीतिक दलों की भी बैठक बुलाई है,उसके बाद प्रिंटिंग प्रेस वालों की भी बैठक बुलाई है. संवेदनशीलता के दृष्टिकोण से हम लोगों ने अभी तक लगभग 342 बूथों को चिन्हित किया है. संवेदनशीलता को कम करने के लिए वहां पर पैरामिलिट्री फोर्स तैनात होगी. वही ईवीएम मशीनों की फर्स्ट लेवल चेकिंग हो चुकी है आगे गाइडलाइन के हिसाब से हम लोग सारी तैयारी पूरी कर लेंगे. हमारे जो स्ट्रांग रूम है वह मंडी में बनाई गई है उसका भी निरीक्षण कर तैयारी पूरी कर ली गई है. जॉइंट पुलिस कमिश्नर शिव हरी मीणा ने बताया कि गौतम बुद्ध नगर कमिश्नर पुलिस के द्वारा चुनाव की व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई थी. हमारे दो राज्यों के साथ लगभग 24 बैरियर पॉइंट है जहां पर 24 घंटे हम लोगों ने चेकिंग शुरू कर दी गयी है. गौतम बुद्ध नगर पुलिस का प्रशासन का वादा है सभी लोगों के साथ हम फ्री फेयर और इंसिडेंट फ्री इलेक्शन संपन्न करवाएंगे. मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि इस बार प्रशासन ने शहरी क्षेत्र में नजदीक पोलिंग बूथ बनाए हैं. सोसाइटी में पोलिंग बूथ बनने से शहरी क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा. हम लोगों ने चार कैटेगरी में इस बार पोलिंग बूथ बनाए हैं जिनमे एक बूथ वह होगा जो ऑल वूमेन बूथ होगा उसका मैनेजमेंट पूरी तरह से महिलाओं के हाथ में होगा. इसी तरह से दिव्यांग लोगों द्वारा मैनेज बूथ होगा यह भी बूथ बनाया गया है जहां पर सारे हमारे पोलिंग कार्यकर्ता दिव्यांग होंगे. इसी तरह से युवाओं के लिए बूथ बनाये गए है जिसको उनके द्वारा ही संचालित किया जाएगा. जहां पर यंगस्टर जो हमारे एम्पलाइज हैं उनको लगाया जाएगा. इसके साथ ही मॉडल बूथ हम लोगों ने बहुत सारे चिन्हित किये है. उसको भी और बेहतर बनाया जाएगा।

## गौतमबुद्ध नगर ने राज्य स्तरीय जिमनास्टिक में जीते 74 पदक

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

गौतमबुद्ध नगर के बालक-बालिकाओं ने प्रयागराज में संपन्न हुई जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में 74 पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। कुल 62 पदक जीतकर बालिकाएं प्रदेश में नंबर-1 रहीं हैं, जबकि जिला दूसरे स्थान पर रहा है। पिछले साल जिले के बालक-बालिकाओं ने जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में केवल 28 पदक जीते थे। जिम्नास्टिक एसोसिएशन गौतमबुद्ध नगर के सचिव राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि 15 से 17 मार्च तक प्रयागराज में 40 वीं राज्य स्तरीय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में जिले के 45 बालिकाओं और 10 बालकों ने शिरकत करते हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया। इन्होंने प्रतियोगिता में कुल 74 पदक जीते हैं। इनमें 62 पदक बालिकाओं ने और 12 पदक बालकों ने जीते। कुल जीते गए पदकों में 24 स्वर्ण, 26 रजत और 24 कांस्य पदक हैं। बताया गया है कि जिले की बालक-बालिका जिम्नास्टों को उच्च श्रेणी का प्रशिक्षण व और कॉम्पटीशन का माहौल दिया गया। इसी का परिणाम है कि गौतमबुद्ध नगर के बालक-बालिकाओं ने प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। अविधा सिंह का राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए चयन राजीव श्रीवास्तव का कहना है कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के दम पर खेतान वर्ल्ड स्कूल की छात्रा अविधा सिंह का चयन राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए हुआ हैं। राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन प्रयागराज में ही 22 मार्च से होगा।

## उत्तर पश्चिमी लोकसभा क्षेत्र विकास की दौड़ में सबसे पिछडा

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

दिल्ली आदर्श मूल ग्रामीण पंचायत 360 महासंघ के अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने उत्तर पश्चिमी लोकसभा क्षेत्र के पिछड़ेपन के लिए सबसे बड़ा कारण बाहरी पैराशूट सांसदों को इस क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया जाना बताया है। 1952 में पहले लोकसभा चुनावों में ही सी.के नायर और नवल प्रभाकर को यहां से सांसद प्रत्याशी बनाया गया था। यह दोनों बाहरी थे। उस समय यह बाहरी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र हुआ करती थी और यहां से दो सांसद चुने जाते थे। इसके बाद श्री कृष्ण लाल शर्मा, कृष्णा तीरथ, उदित राज और हंसराज हंस भी बाहर से थोपे गये। किसी भी स्थानीय निवासी को उम्मीदवार नहीं बनाया गया। 2014 और 2019 में भाजपा के ही सांसद उदित राज और हंसराज हंस रहे। लेकिन वे केंद्र सरकार की कोई भी एक ऐसी योजना अपने संसदीय क्षेत्र में लाने में विफल रहे जिससे कहा जा सके कि उन्होंने क्षेत्र में कोई काम किया हो। आम जनता ने चुनाव के बाद उनकी शक्ल तक नहीं देखी। परिवहनः पूरी दिल्ली में



मैट्रो कनेक्टिविटी है लेकिन बीते दो दशकों से हमारे यह दोनों सांसद अपने संसदीय क्षेत्र को रिठाला से होकर बरवाला, बवाना और नरेला तक मैट्रो की लाईन को केंद्र सरकार से मंजूरी नहीं दिला पाए। लोगों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। स्वास्थ्यः बवाना और नरेला में दो बड़े औधोगिक क्षेत्र चल रहे हैं जिनमें लगभग 35 हजार औधोगिक इकाईयां चल रही हैं जिनमें लाखों श्रमिक काम कर रहे हैं। रोज दुर्घटना होती है, आग लगती है, श्रमिक घायल और हताहत होते हैं लेकिन सांसद महोदय बीते दस सालों में इन श्रमिकों के लिए ईएसआई अस्पताल तक नहीं बनवा पाए। क्षेत्र की लाखों आम जनता के लिए केंद्र सरकार से एक भी एम्स या सुपरस्पेशलिटी अस्पताल नहीं बनवा सके। नरेला जीटी रोड से सटा है फिर भी यहां पर ट्रामा सेंटर नहीं बनवा पाए। जिसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। दिल्ली सरकार के दो अस्पताल बवाना में महर्षि वाल्मीकि और नरेला में राजा हरिश्चन्द्र अस्पताल केवल नाममात्र का है वहां बिल्डिंग तो है पर इलाज और दवा की व्यवस्था नहीं है। किसी भी आपातस्थिति में यह दोनों ही अस्पताल मरीज को शहर के अस्पतालों में रैफर कर देते हैं। यहां महत्वपूर्ण विभाग नहीं हैं। चिकित्सक और अन्य पैरामेडिकल स्टाफ नहीं है। आपरेशन थियेटर, आधुनिकतम मेडिकल लेबोरटरी तक नहीं है। आधुनिक मशीनों का अभाव है। स्वास्थ्य सुविधाएं दम तोड रही हैं। अस्पताल खुद बीमार हैं और वैंटिलेटर पर हैं। आम जनता प्राईवेट अस्पतालों या झोलाछाप डॉक्टरों के यहां जाने पर मजबूर हैं। शिक्षाः इस संसदीय क्षेत्र में बरसों पुराना अलीपुर गांव में स्वामी श्रद्धानंद कालेज है। नरेला में एक और कालेज के लिए गांव वालों ने मुफ्त भूमि सरकार को दी है लेकिन हमारे माननीय सांसद यहां एक भी कालेज नहीं खुलवा पाए। बवाना में दो दशक पहले अदिति महिला कालेज खुला था जो आज भी स्कूल की बिल्डिंग में चल रहा है। यातायात जामः बवाना में दिल्ली सरकार ने श्यामा प्रसाद औधोगिक क्षेत्र तो विकसित कर दिया पर वहां तक आने और जाने के लिए कोई नया वैकल्पिक रोड नहीं बनवाया। जिससे हजारों वाहन बरसों पुराने ओचंदी रोड से गुजरते हैं। साढे 82फुट की यह मुख्य बवाना रोड अतिक्रमण के कारण 40फुट की रह गयी है। हर रोज यहां पूठखुर्द, बरवाला, बवाना, प्रहलादपुर बांगर, शाहाबाद दौलतपुर गांव में भारी जाम लगता है। दस मिनट की दूरी दो से तीन घंटे में तय होती है। हमारे सांसद महोदय बीते दो दशकों में इस सड़क का चौड़ीकरण तक नहीं करा सके। जबकि यह बवाना की लाईफ लाईन हैं और यह सड़क दिल्ली और हरियाणा के सैंकड़ों गांवों को कनैक्ट करती है। बदहाल और खस्ताहाल सड़केंः बवाना और नरेला विधानसभा क्षेत्र में सारी मुख्य और संपर्क सड़कें जर्जर हैं। रोज एक्सीडेंट होते हैं। गांवों के फिरनी रोड टूटे हैं। बीसियों साल से टूटे पड़े हैं।

## अब तो किसी स्पीड ब्रेकर का उद्घाटन करने, बिल माफ कराने या किसी का अस्पताल में इलाज कराने पर भी ईडी का नोटिस आ सकता है: दिलीप पांडे

- जब झूठे केस में सीएम केजरीवाल को जमानत मिल गई तो भाजपा की केंद्र सरकार ने ईडी से एक और नोटिस भिजवाकर अपनी निराशा और व्याकुलता को दिखा दिया

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी ने सीएम अरविंद केजरीवाल को कोर्ट से जमानत मिलने के तुरंत बाद ईडी का एक और समन भेजने पर कड़ी आपत्ति जताई है। पार्टी ने समन भेजने में ईडी द्वारा दिखाई जा रही इस तेजी पर सवाल खड़ा करते हुए इसे भाजपा की निराशा का प्रतीक बताया। ह्लआपह्ल के वरिष्ठ नेता एवं विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि मामला कोर्ट में हैं। अब जब झूठे केस में सीएम अरविंद केजरीवाल को जमानत मिल गई है, तब भी भाजपा की केंद्र सरकार ने ईडी से एक और नोटिस भिजवाकर अपनी निराशा और आतुरता को दिखा दिया। सच तो यह है कि भाजपा किसी भी तरह सीएम केजरीवाल को गिरफ्तार करना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव में अपने स्टार प्रचारकों ईडी, सीबीआई और आईटी को उतार कर दिया है, जो भाजपा की हार के भय को जगजाहिर कर रहा है। पार्टी मुख्यालय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ह्लआपह्ल के वरिष्ठ नेता और विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को किसी भी तरह से गिरफ्तार करने के




लिए ईडी और बीजेपी की आतुरता साफ दिखाई दे रही है। ईडी ने तथाकथित आबकारी मामले में अरविंद केजरीवाल को पेशी के लिए एक के बाद एक समन भेजे। ईडी के हर समन का तर्कसंगत जवाब देते हुए उनसे जब सवाल पूछे गए तो ईडी को जवाब नहीं दिया गया। इसके बाद ईडी कोर्ट गई और अरविंद केजरीवाल के पेश होने के मामले पर खुद ही कोर्ट के फैसले को मानने से इन्कार कर दिया। चूंकि तीन हफ्ते पहले सीएम केजरीवाल कह चुके थे कि बजट सत्र के खुद हाजिर हो जाऊंगा। इस बात को कोर्ट ने भी समझा और पेशी के लिए 16 मार्च की तारीख दी। अरविंद केजरीवाल 16 मार्च को कोर्ट में पेश हुए और कोर्ट ने जमानत देकर ईडी के तमाम सवालों पर ताला लगा दिया है। उन्होंने कहा कि इतना सब होने के बावजूद ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट और बीजेपी का पेट अभी भरा नहीं है। इसको लेकर एक शेर है कि ह्लकिसी को मेरे बारे में पता कुछ भी नहीं है, इल्जाम हजारों हैं खता कुछ भी नहीं है ह्ल इसी तरह का सलूक अरविंद केजरीवाल के साथ किया जा रहा है। जब देखा कि बेबुनियाद और मनगढंत आरोप पर जब अरविंद केजरीवाल को जमानत मिल गई है तो जमानत मिलने के दिन सूर्यास्त का इंतजार किए बगैर बीजेपी शासित केंद्र सरकार ने अपनी आतुरता, कुंठा को ईडी के एक नोटिस के जरिए भिजवा कर दिखा दिया। ईडी के इस नोटिस ने आगामी लोकसभा चुनाव परिणामों को लेकर बीजेपी के भय को और अधिक स्पष्ट कर दिया है। बीजेपी ने ईडी के इस नये समन से अपने डर को दुनिया के सामने जता दिया कि आम आदमी पार्टी के कई नेता, मंत्री गिरफ्तार करने के बाद अब आम आदमी पार्टी के मुखिया को किसी भी तरह जेल के सलाखों के पीछे पहुंचा दिया जाए। दिलीप पांडे ने कहा कि हजारों रेड हुई, बयान दर्ज हुए, कई झूठी कहानियां गढ़ी गईं और इतना सबकुछ करने के बाद भी जब बीजेपी अरविंद केजरीवाल को फंसा नहीं पाई तो फिर से ईडी का एक नया समन भेज दिया गया। बीजेपी से कहना चाहते हैं कि देश में यह जो फिल्मी माहौल बना रखा है। अपने राजनीतिक अहंकार की भट्टी में केंद्रीय एजेंसियों की इज्जत को झोंक रखा है। यह जो ईडी, सीबीआई, आईटी डिपार्टमेंट को स्टार प्रचारक के रूप में लोकसभा चुनाव 2024 में उतार रखा है। यह केवल बीजेपी के भय को जगजाहिर कर रहे हैं। लेकिन आम आदमी पार्टी के नेता, विधायक, मंत्री और देश के सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इन सबसे डरने और घबराने वाले नहीं हैं। हम सच के साथ थे, हैं और रहेंगे। बीजेपी जितनी जल्दी यह बात समझ जाए, उतने जल्दी अपनी बची साख बचा पाएंगे और इन केंद्रीय एजेंसियों की मिट्टी में मिल चुकी इज्जत को पाताल में जाने से रोक पाएंगे। आप के वरिष्ठ नेता ने कहा कि आज आलम यह है कि किसी स्पीड ब्रेकर का उद्घाटन करने, किसी का बिल माफ कराने या किसी का अस्पताल में इलाज कराने पर नोटिस आ सकता है। अब तो यह तय हो गया है कि इन लोगों को नोटिस भेजने के लिए किसी वैधानिक आधार की आवश्यकता नहीं है।

## पांच न्याय की 25 गारंटी घोषणा पत्र का हिस्सा : कांग्रेस

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

कांग्रेस ने कहा है कि उसका घोषणा पत्र जल्द ही सामने आ जाएगा लेकिन पार्टी ने जिन पांच न्याय में जनता को 25 गारंटी देने का जो वादा किया है वे सब उसके चुनावी घोषणा पत्र का हिस्सा है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, पार्टी ने जो पांच न्याय घोषित किए हैं उनमें युवा न्याय,नारी न्याय,किसान न्याय, श्रमिक न्याय, हिस्सेदारी न्याय शामिल हैं और इनमें दी गयी 25 गारंटी हमारे घोषणापत्र से ही आती हैं। उन्होंने कहा, हमारी मैनिफेस्टो वर्किंग कमेटी की परसों बैठक होगी। उसके बाद हम अपने घोषणापत्र को जारी करेंगे। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी जी ने कहा कि हमअन्याय के अंधकार में न्याय का दीया जला रहे हैं प्रवक्ता ने कहा, कल भारत जोड़ो न्याय यात्राह्ल संपन्न हुई। यह उचित था कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा बाबा साहेब अंबेडकर की पवित्र चैत्य भूमि पर समाप्त हो। हमारे संविधान और संवैधानिक संस्थाओं को इस समय कमजोर किया जा रहा है। ऐसे समय में कल रात राहुल गांधी जी ने 70 लोगों के साथ संविधान को बचाने की शपथ ली। उन्होंने चुनावी चंदे को लेकर भी सवाल उठाया और कहा,जिन कंपनियों का मुनाफा 20 करोड़ रुपए है वे 400 करोड़ रुपए का इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदती हैं। ये पैसा कहां से आया, ये किसका पैसा है। इलेक्टोरल बॉन्ड साफ तौर से मनी लॉन्ड्रिंग का एक रूट है। चुनावी बाँड से मिले चन्दे की सूची में भाजपा को करीब 6000 करोड़ रुपये मिले हैं और सूची में कांग्रेस का तीसरा स्थान है।

## अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम विधानसभा चुनावों की मतगणना दो जून को

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

चुनाव आयोग ने अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभा चुनावों में मतगणना पूर्व घोषित चार जून की जगह दो जून को कराने की रविवार को घोषणा की। आयोग ने एक विज्ञप्ति में आज यहां कहा कि उसे इन दोनों रज्यों में चुनाव वहां वर्तमान विधानसभाओं की समाप्ति तिथि से पहले कराना है। दोनों राज्यों में विधानसभाओं का कार्यकाल दो जून को समाप्त हो रहा है इसे देखते हुए आयोग ने इन राज्यों में मतगणना दो जून को कराने का निर्णय लिया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इन राज्यों




में दो जून तक चुनाव प्रक्रिया संपन्न करा दी जायेगी। इन विधानसभाओं के चुनाव के लिए शनिवार को घोषित अन्य कार्यक्रमों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। वहां लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए घोषित कार्यक्रमों में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है। अरुणाचल प्रदेश में सभी 60 विधानसभा सीटों का चुनाव लोकसभा के पहले चरण के मतदान के साथ 19 अप्रैल को होगा। इसके लिए अधिसूचना 20 मार्च को जारी होगी। नामांकन पत्र दाखिल 27 मार्च तक किए जा सकेंगे और उनकी जांच 28 मार्च को तथा नामांकन वापस लेने की तिथि 30 मार्च निर्धारित की गयी है। मतगणना दो जून को होगी तथा चुनाव प्रक्रिया छह जून को पूर्ण कर ली जाएगी। सिक्किम में विधानसभा चुनाव आम चुनाव के पहले चरण के साथ 19 अप्रैल को कराया जाएगा। राज्य की 32 सीटों वाली विधानसभा के लिए अधिसूचना 20 मार्च को जारी की जाएगी, नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 27 मार्च, जांच की 28 मार्च और वापस लेने की अंतिम तिथि 30 मार्च निर्धारित की गयी है। मतगणना दो जून को होगी।

सम्पादकीय

## विवादित नेताओं की फिर कटी टिकट

भाजपा में विवादित नेताओं की टिकट कटने का सिलसिला जारी है। पार्टी ने पहली सूची में कई विवादित नेताओं को बेटिकट किया है। अक्सर अपने बयानों से विवादों में रही भोपाल की सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर को इस बार पार्टी ने टिकट नहीं दिया है तो संसद के अंदर बसपा सांसद दानिश अली पर विवादित बयान देने वाले रमेश विधूड़ी को भी टिकट नहीं मिली। यह सिलसिला दूसरी सूची में भी जारी रही। भाजपा ने 72 उम्मीदवारों की दूसरी सूची में कर्नाटक के दो ऐसे सांसदों की टिकट काटी है, जो पिछले कुछ दिनों से किसी न किसी कारण से विवादों में घिरे रहे थे और उनकी वजह से पार्टी को बैकफुट पर आना पड़ा। भाजपा ने इस बार कर्नाटक से अपने सांसद प्रताप सिम्हा की टिकट काट दी। पिछले दिनों वे इस बात को लेकर विवाद में आए थे कि उनकी सिफारिश पर कुछ लोगों का सांसद का पास बना था, जिन्होंने संसद भवन के अंदर विरोध प्रदर्शन किया। दो लोगों ने तो संसद की दर्शक दीर्घा से सदन के अंदर छलांग लगा दी थी और धुआं छोड़ा था। बाद में इनको गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि इस सिलसिले में प्रताप सिम्हा पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी तरह लोकसभा चुनाव में 370 सीटें जीत कर संविधान बदलने का बयान देने वाले भाजपा सांसद अनंद हेगड़े की टिकट भी कट गई है। उनके इस बयान पर भाजपा ने बहुत नाराजगी जताई थी और कारण बताओ नोटिस भी जारी किया था।

## ऐतिहासिक धरोहर मुंगेर के शासकों का प्रिय स्थल रहा है पीर पहाड़

मुंगेर। पीर पहाड़ हमेशा से मुंगेर के शासकों का महत्वपूर्ण व प्रिय स्थल रहा है। यह कई महत्वपूर्ण ऐतिहासिक गतिविधियों का गवाह भी है। यह शहर से करीब चार किलोमीटर दूर स्थित है। जब शाहजहां के पुत्र शाह सूजा यहां आए, तो उनसे पहले से ही इस पहाड़ पर एक पीर साहब रहा करते थे। पीर साहब की मृत्यु के बाद उनका मकबरा यहां बनवाया गया। इसके बाद पीर साहब के नाम पर ही पीर पहाड़ पड़ा है। यह जानकारी क्षेत्र के जानकार जेपी पॉल ने दी। आज पीर पहाड़ का ऐतिहासिक भवन व मकबरा खंडहर में तब्दील हो चुका है। बावजूद इसके लोग यहां घूमने आते हैं। हमेशा से इसे संवारने की बात होती रही है लेकिन आज तक ऐसा कोई ठोस कदम इस ओर नहीं उठाया गया है। क्षेत्र के किसी भी सांसद तथा विधायक ने ऐतिहासिक धरोहर पीर पहाड़ को सजाने संवारने की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं किया नहीं तो आज यह एक पर्यटन स्थल के रूप में पूरे बिहार में जाना जाता । पीर पहाड़ को को अगर विकसित कर दिया जाए तो क्षेत्र वासियों को रोजगार भी मुहैया हो पाएगा। यहां आज दूरदर्शन केंद्र, वायरलेस टॉवर व पानी जहाज का टॉवर लगा हुआ है। पीर पहाड़ की ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि पर एक नजर : मुगल बादशाह शाहजहां ने इस क्षेत्र पर शासन के लिए अपने बेटे शाह सूजा को मुंगेर भेजा था। शाह सूजा पीर पहाड़ पर रहकर ही बिहार, बंगाल और उड़ीसा पर शासन संचालित करते थे। इसके बाद मीर कासिम ने जब मुंगेर को अपनी राजधानी बनाई, तब उनके सेनापति गुर्गीन खान इसी पीर पहाड़ पर रहते थे। इसके बाद अंग्रेजी रेजिडेंट भी इसी पीर पहाड़ पर रहते थे। बाद में यहां नील की खेती होने लगी। अंतिम नीलकर साहब हर्शल से 1890 में कोलकाता के जमींदार प्रसन्न ठाकुर ने पीर पहाड़ को ले लिया। जानकार जेपी पॉल बनाते हैं कि इनके बाद कोलकाता के ही जमींदार अक्षय कुमार मंडल ने पीर पहाड़ को ले लिया। बाद में अक्षय कुमार मंडल के पोते संतु दा जब कोलकाता जाने लगे तो उन्होंने पीर पहाड़ को राष्ट्रीय धरोहर के रूप में सरकार को देने की इच्छा जाहिर की। लेकिन, ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। तब उन्होंने स्थानीय बनारसी यादव को पीर पहाड़ बेच दिया। गीतांजलि की कुछ हिस्सों की यहीं हुई थी रचना : प्रसन्न कुमार ठाकुर, रवींद्र नाथ टैगोर के चाचा थे। बताते हैं कि 1905 में रविंद्रनाथ टैगोर अपने चाचा के यहां रहने मुंगेर आए। उन्होंने इसी पीर पहाड़ को अपना निवास स्थान बनाया। साथ ही यहां प्रवास के दौरान उन्होंने गीतांजलि के कुछ हिस्सों की रचना भी की। इसी गीतांजलि पर उन्हें साहित्य का नोबेल पुरस्कार भी प्राप्त हुआ। सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण केंद्र था पीर पहाड़ : शाहजहां के बेटे शाहसूजा अपना शासन यहीं से चलाते थे। उनके बाद मीर कासिम के सेनापति ने इसे इस लिहाज से अपना निवास स्थान बनाया, ताकि यहां से पूरे शहर पर नजर रखा जा सके। बाद में अंग्रेजों के रेजिडेंट भी यहीं रहते थे। जेपी पॉल ने बताया कि मुंगेर किला परिसर के अंदर कष्टहरणी घाट के पास बने हुए सुरंग का सीधा संपर्क पीर पहाड़ से था। पीर पहाड़ पर बने सुरंग का इस्तेमाल राजा और सेनापति आपसी संपर्क के लिए करते थे। मीर कासिम ने अपने सुरक्षा के इन सुरंगों का इस्तेमाल करते थे।

## भाजपा के दक्कन अभियान की चुनौतियां

-अजीत द्विवेदी-

भौगोलिक रूप से हिमालय की चढ़ाई मुश्किल मानी जाती है लेकिन राजनीतिक रूप से उत्तर भारत की पार्टियों और शासकों के लिए दक्कन का अभियान हमेशा मुश्किल रहा है। मध्य काल में मुगल शासकों के लिए भी दक्कन की चुनौती हमेशा रही तो अंग्रेज, पुर्तगाली, डच, फ्रांसीसी सबने भारत का अपना अभियान दक्कन से शुरू किया लेकिन किसी का साम्राज्य दक्कन में ज्यादा फला-फूला नहीं। सबसे सफल औपनिवेशिक ताकत यानी ब्रिटिश राज भी गंगा के मैदानी इलाकों में ही समृद्ध हुआ। सतपुड़ा के घने जंगलों और विंध्य पर्वत के दक्षिण में उनको भी नाकों चने चबाने पड़े। आजादी के बाद शुरूआती कुछ दिनों तक कांग्रेस के सामने दक्षिण की चुनौती नहीं रही लेकिन जब चुनौती शुरू हुई तो एक एक करके दक्षिणी राज्यों से कांग्रेस के पांव उखड़ते गए। भारतीय राजनीति में अभी भाजपा केंद्रीय ताकत है लेकिन दक्षिण में कर्नाटक को छोड़ कर कहीं भी उसका मजबूत आधार नहीं बन सका है। कह सकते हैं कि भाजपा ने इससे पहले कभी भी दक्षिण को लेकर बहुत गंभीरता नहीं दिखाई थी और बहुत सुनियोजित अभियान नहीं चलाया था। अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी की भाजपा ने कभी सोचा ही नहीं कि उनको दक्षिण में या पूर्वोतर भारत में भी अपना विस्तार करना चाहिए। नरेंद्र मोदी और अमित शाह की भाजपा ने पहले पूर्वोत्तर की दीवार गिराई। कोई न कोई उपाय करके पूर्वोत्तर के राज्यों में भाजपा का संगठन बनवाया और सरकार भी बनाई। असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा और मणिपुर जैसे राज्यों में भाजपा ने लगातार दूसरी बार अपनी सरकार बनाई तो मेघालय और नगालैंड में सहयोगी पार्टियों के साथ सरकार में शामिल हुई। सिक्किम में भी भाजपा की सहयोगी पार्टी सरकार में है। एक मिजोरम को छोड़ कर बाकी सभी राज्यों में भाजपा एक मजबूत राजनीतिक ताकत है। उत्तर और पश्चिम में पहले से भाजपा का मजबूत जमीनी आधार था। सो, पूरब, पश्चिम और उत्तर के बाद भाजपा अब दक्षिण की ओर से चली है। वह दक्षिणायन हो रही है। सवाल है कि क्या दक्षिणावर्त भाजपा अपने अभियान में कामयाब होगी? क्या वह गंगा और नर्मदा के किनारे से निकल दक्कन के विशाल पठार चढ़ पाएगी? सतपुड़ा के घनों जंगलों को पार करना क्या भाजपा के लिए संभव हो पाएगा? एक बड़ा सवाल यह भी है कि क्या भाजपा इस बार के लोकसभा चुनाव में दक्षिण विजय करके वास्तविक अर्थों में पूरे देश की पार्टी बन पाएगी ?इन सवालों के जवाब आसान नहीं हैं क्योंकि भाजपा के लिए दक्षिण की राजनीति भी उलझी हुई है और सामाजिक व सांस्कृतिक स्थितियां भी वैसी नहीं हैं, जैसी उत्तर या पूरब और पश्चिम में उसे मिली हैं। उसे दक्षिण की सामाजिक व सांस्कृतिक स्थितियों के साथ सामंजस्य बनाना है या मौजूदा सामाजिक व सांस्कृतिक विमर्श के बरक्स एक नया विमर्श खड़ा करना है। दक्षिण की सामाजिक व सांस्कृतिक धरातल पर दोनों पैर टिका कर खड़े हुए बगैर भाजपा के लिए राजनीतिक जमीन को उर्वर बनाना आसान नहीं होगा। आमतौर पर भाजपा के दक्कन के अभियान को राजनीतिक नजरिए से देखा जा रहा है। इसमें कुछ भी गलत नहीं है। चूंकि भाजपा ने ऐसे राजनीतिक दांव चले हैं कि उनसे नजर नहीं हटती है और सारी व्याख्या उसी के ईर्द गिर्द घूमने लगती है। भाजपा ने कर्नाटक में, जहां उसकी अपनी जमीन मजबूत है वहां राज्य की एकमात्र प्रादेशिक पार्टी जेडीएस से तालमेल कर लिया। भाजपा लिंगायत तो जेडीएस वोक्कालिगा वोट की राजनीति करती है। इसी तरह आंध्र प्रदेश में, जहां वह एक फीसदी वोट की पार्टी है वहां उसने तेलुगू देशम पार्टी और जन सेना पार्टी से तालमेल कर लिया।

# सत्ता के भिखारियों की बगुला-भक्ति

**पुराने निष्ठावान समर्पित कार्यकताओं की कीमत पर आयातित दल-बदलुओं की ताजपोशी हो रही है। सिध्दान्त, आदर्श और मयार्दा को तो स्वार्थ, लालच और तिलिस्म के चादर में लपेटकर होलिका के साथ अभी से लकडियों पर बैठा दिया गया है। विश्वगुरु के सिंहासन पर आसीत रहने वाले देश में छल, कपट और झूठ को हथियार बनाकर निरीह नागरिकों पर प्रहार किये जा रहे हैं। मनगढन्त कहानियों को सत्य कथा के रूप में परोसा जा रहा है। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म से लेकर पंजीकृत संस्थानों तक का इच्छित उपयोग चुनाव की घोषणा से पहले ही दलों व्दारा किया जाने लगा था। केन्द्र सरकार के साथ अनेक राज्यों की सरकारों ने अपनी नीतिगत विसंगतियों के कारण नागरिकों हमेशा ही छला है। कल्याणाकारी योजनाओं को लागू करने में भी श्रेय लेने की होड देखने को मिलती रही है। सम्प्रदायगत खाई खोदने वालों ने अब जातिगत वैमनुष्यता का जहर बोना शुरू कर दिया है। तुष्टीकरण के आधार पर वोट बटोरने की परिकल्पना में आकण्ठ डूबे खद्दरधारियों ने मुफ्तखोरों की जमातों में निरंतर इजाफा ही किया है। कोरोना तो चला गया परन्तु कामचोरी का बुखार अब देश के चालबाज लोगों की हड्डियों तक में बैठ गया है। ईमानदार करदाताओं के खून-पसीने की कमाई को विभिन्न सरकारें अपनी दलगत मजबूती के लिए मुफ्तखोरों पर उडाने में जुटीं हैं। कहीं महिलाओं को भावनात्मक रूप से रिझाने हेतु धन दिया जा रहा है तो कहीं ग्रामीणों को ललचाने के लिए पैसों की बरसात की हो रही है।**





**डॉ. रवीन्द्र अरजरिया-**
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

चुनावी संग्राम की दुन्दुभी बज चुकी है। राजनैतिक दलों के महारथियों को उनके राजाओं व्दारा शक्ति संपन्न बनाकर मैदान में उतारा जा रहा है। जागीरों की पर कब्जा करने के लिए साम, दाम, दण्ड, भेद के पूर्व प्रशिक्षण में आधुनिक संसाधनों, परिस्थितिजन्य निदानों तथा अतिरिक्त बल का प्रयोग दिखने लगा है। दलगत दंगल में मीर जाफरों को खोज तीव्र हो चली है। कहीं टिकिट न मिलने पर असंतोष फैल रहा है तो कहीं पार्टी की उपेक्षा पर आक्रोश दिखाया जा रहा है। कहीं गठबंधन में सीटों की जंग सामने आ रही है तो कहीं अह्म का मसला खडा हो रहा है। ऐसे में मीर जाफरों की संख्या में खासा इजाफा होने लगा है। लालच की मगृमारीचिका के पीछे घमण्ड में चूर लोगों को दौडाने वाले अपने घातक हथकण्डे आजमा रहे हैं। प्रत्येक सीट पर जीत पक्की करने के चक्कर में कई पार्टियां लगभग अंधी हो चुकीं हैं। पुराने निष्ठावान समर्पित कार्यकताओं की कीमत पर आयातित दल-बदलुओं की ताजपोशी हो रही है। सिध्दान्त, आदर्श और मयार्दा को तो स्वार्थ, लालच और तिलिस्म के चादर में लपेटकर होलिका के साथ अभी से लकडियों पर बैठा दिया गया है। विश्वगुरु के सिंहासन पर आसीत रहने वाले देश में छल, कपट और झूठ को हथियार बनाकर निरीह नागरिकों पर प्रहार किये जा रहे हैं। मनगढन्त कहानियों को सत्य कथा के रूप में परोसा जा रहा है। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म से लेकर पंजीकृत संस्थानों तक का इच्छित उपयोग चुनाव की घोषणा से पहले ही दलों व्दारा किया जाने लगा था। केन्द्र सरकार के साथ अनेक राज्यों की सरकारों ने अपनी नीतिगत विसंगतियों के कारण नागरिकों हमेशा ही छला है। कल्याणाकारी योजनाओं को लागू करने में भी श्रेय लेने की होड देखने को मिलती रही है। सम्प्रदायगत खाई खोदने वालों ने अब जातिगत वैमनुष्यता का जहर बोना शुरू कर दिया है। तुष्टीकरण के आधार पर वोट बटोरने की परिकल्पना में आकण्ठ डूबे खद्दरधारियों ने मुफ्तखोरों की जमातों में निरंतर इजाफा ही किया है। कोरोना तो चला गया परन्तु कामचोरी का बुखार अब देश के चालबाज लोगों की हड्डियों तक में बैठ गया है। ईमानदार करदाताओं के खून-पसीने की कमाई को विभिन्न सरकारें अपनी दलगत मजबूती के लिए मुफ्तखोरों पर उडाने में जुटीं हैं। कहीं महिलाओं को भावनात्मक रूप से रिझाने हेतु धन दिया जा रहा है तो कहीं ग्रामीणों को ललचाने के लिए पैसों की बरसात की हो रही है। कहीं धार्मिक यात्राओं पर सरकारी खजाने लुटाये जा रहे हैं तो कहीं पारिवारिक दायित्वों का जिम्मा सम्हालने की कवायत चल रही है। केन्द्र से लेकर ग्राम पंचायत तक के खातों में नोटों की गड्डियां जमा हो रहीं हैं। उधार लेकर घी पीने की कहावत को आदर्श वाक्य मानने वाले लोग अब कार्यपालिका के नुमाइन्दों की तनख्वाय में अनावश्यक इजाफा करने में जुट गये हैं। ज्यादा तनख्वाय-ज्यादा महंगाई का सूत्र वाक्य को अनदेखा करने वालों को सीमापर के कंगाल होते देशों से सीख लेना चाहिए। वर्तमान के लाभ के लिए चंदन की लकडी को कोयला बनाकर बेचाने का क्रम निरंतर जारी है। वहीं अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर भारत की निरंतर ऊंची होती कुर्सी, सम्मान पाते भारतीय और बढती विकास दर से बौखलाने वाले देशों को अपनी चौधराहट के जाने का खतरा दिखने लगा है। ऐसे में गद्दारों की फौज तैयार करके राष्ट्र के सीने में खंजर भौंकने का एजेन्डा तेज क्रियान्वित किया जा रहा है। देश में आन्तरिक अस्थिरता पैदा करने हेतु कभी किसानों के वेश में असामाजिक तत्वों व्दारा संख्याबल दिखाकर कानून तोडा जाता है तभी यूनियन का सहारा लेकर संविधान की धज्जियां उडाई जातीं है। दलालों के गर्म होते चुनावी बाजार में धन, जन और बल की नीलामी अब चरमसीमा पर पहुंचती जा रही है। आत्मबलविहीन नेतृत्व ने हमेशा ही गुलामी की जंजीरों को श्रंगार-सामग्री ही माना है। बंगाल के रास्ते देश पर कब्जा करने वालों ने मीर जाफर के कन्धे पर रखकर बंदूकें चलाईं थी। यह अलग बात है कि बाद में उसे भी अपनी करनी का फल मिला। वर्तमान समय में अनेक राज्य अपनी-अपनी ढपली पर अपना-अपना राग अलाप रहे हैं। यह सत्य है कि फूट डालो-राज्य करो के सिध्दान्त पर आधारित विलायती शिक्षाग्रहण करने वाले लोग अपनी आने वाली पीढियों का भविष्य सुरक्षित करने हेतु देश को नीलाम करने से भी नहीं चूकेंगे। सत्ता, सुख और सम्मान के भूखे भिखारियों ने अपनी बगुला-भक्ति के उन्मुक्त प्रदर्शन को तीव्र कर दिया है। ललाट पर चंदन, शरीर पर परम्पारगत धोती और गले में रुद्राक्ष की माला डालकर मंदिरों की चौखटों को चूमने वालों से राष्ट्रभक्ति मतदाताओं को सावधान रहना होगा अन्यथा भावनात्मक प्रदर्शन पर आंसू बहाने वालों को बाद में स्वयं का माथा पीटने पर विवश होना पड सकता है। दूसरी ओर बिना हथियार उठाये ही दुश्मनों को कटोरा पकडाने तथा सुल्तान को घुटनों पर लाने के उदाहरणों के साथ नये भारत का उदय हो चला है परन्तु लाल, हरा, नीला, पीला, भगवां, बैगनी रंगों को आपस में लडाने वाले अपने अतीत के साथ स्वयं के हाथों में आज भी कटोरा देख रहे हैं। पुरातन संस्कारो में आत्मविश्वास के साथ उत्साह का प्रादुर्भाव होता है परन्तु सफलता के प्रति आश्वस्त लोगों को अतिउत्साह की विकृतियों से भी बचना होगा। सावधानी हटते ही दुर्घटना घटने की संभावनायें तेजी से पांव पसारने लगतीं है। पीठ पर वार करने हेतु दुश्मन का छुरा भितरघातियों के हाथों में तैयार ही रहता है। जीतने पर ईवीएम को पारदर्शी और हारने पर ईवीएम को धोखा बताने वाले लोग अभी से ईवीएम को कोसने लगे हैं। ब्लैकमेल यानी भयादोहन करने वाले अपनी जाति, वर्ग, क्षेत्र, धन, जन, बल के आधार पर दलों को ललचाने में लगे हैं। सीटों का बटवारा अब बंदरबांट की तर्ज तक पहुंच गया है। खास सीटों पर टिकिट देने के लिए संग्राम मचा है। अनेक दलों ने अभी तक सभी सीटों पर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा नहीं की है। मानने-मनाने का क्रम चल रहा है। वहीं दूसरी ओर सनातन में होलिकाष्टक के वर्जितकाल में केवल परमार्थ के कार्यो को करने का निर्देश दिया गया है। सांसारिकता के मनमाने आचरण इस मध्य पूरी तरह सेवर्जित होते हैं। इस अनुशासन का उलंघन करना, ज्योतिषीय विधा के अनुसार किसी अपराध से कम नहीं होता। रंगोत्सव के ठीक पहले तक इस विशेषकाल का प्रभाव सिर चढकर बोलता है। ऐसा ही रमजान के महीने का फरमान भी है जिसमें व्देष करना, वैमनुष्यता रखना और दूसरों को प्रताडित करना पूरी तरह से मना है। जरूरतमंदों की मदद करने, जकात निकालने तथा खुदा की इबादत में लगे रहने का हुक्म है। मगर मजहबी पैगामों पर अतिआधुनिकता के पाश्चात्य संस्कार काबिज होता जा रहा है। गोरों का जादू सिर चढकर बोलने लगा है। यह कहना अतिशयोक्ति न होगा कि चुनावी समर की इन्द्रधनुषीय आभा अब होली के रंगों के साथ मतदाताओं को प्रत्याशियों के साथ अठखेलियां करने का अवसर दे रही है ताकि वे बनावटीपन का नकाब उतारकर खुले मन से ठहाके लगा सकें।

# चुनावी बांड पटाक्षेप और गुलाम मीडिया में पसरा सन्नाटा

**विपक्ष का यह भी आरोप है कि इलेक्टोरल बांड खरीदने वाली कई कम्पनियाँ भी फर्जी हैं। जबकि कई ऐसी कंपनियों ने भी चुनावी बॉन्ड खरीदे हैं जिनकी कमाई तो बहुत ही कम है परन्तु उन्होंने अपनी कमाई से कई गुना अधिक के बांड खरीदे। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा चंदा दो, धंधा लो, हफ़्ता वसूली, ठेका लो, रिश्वत दो, मनी लॉन्ड्रिंग के लिए फजी कंपनियां जैसी भ्रष्ट नीतियां अपना रही है। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा उपलब्ध कराये गये डेटा के अनुसार जिन कंपनियों ने इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे हैं उनमें फ़्यूचर गेमिंग और होटल सर्विसेज, मेघा इंजीनियरिंग इंफ़्रा स्ट्रक्चर लिमिटेड, वेदांता लिमिटेड, लक्ष्मी मित्तल, भारती एयरटेल, डीएलएफ कामर्शियल डेवलपर्स, ग्रासिम इंडस्ट्रीज, पीरामल एंटरप्राइजेज, टोरेंट पावर, अपोलो टायर्स, एडलवाइस, पीवीआर, केवेंटर, सुला वाइन, वेलस्पन, और सन फार्मा जैसी अनेक कंपनियां शामिल हैं। सबसे ज्यादा कीमत के इलेक्टोरल बॉन्ड फ़्यूचर गेमिंग और होटल सर्विसेज और मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ़्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा खरीदे गये हैं। फ़्यूचर गेमिंग और होटल सर्विसेज ने 1,368 करोड़ रुपये के बांड खरीदे हैं जबकि मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ़्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा 966 करोड़ रुपये के चुनावी बांड खरीदे गये।**






**तनवीर जाफरी-**
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

लोकसभा चुनावों से ठीक पहले सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर आखिरकार भारतीय स्टेट बैंक ने चुनावी बॉन्ड खरीद का विस्तृत डेटा अदालत को पेश कर ही दिया। साथ ही यह भी सार्वजनिक कर दिया कि इन इलेक्टोरल बांड के माध्यम से किस राजनैतिक दल को कितने पैसे प्राप्त हुये। जैसा कि पहले भी होता आया है कि सत्तारूढ़ दल को ही प्रायः सर्वाधिक चंदा मिला करता है। इस बार भी सत्तारूढ़ दल यानी भारतीय जनता पार्टी को ही सबसे अधिक चुनावी चंदा हासिल हुआ। परन्तु बात केवल सर्वाधिक चंदा प्राप्त करने तक ही सीमित नहीं है। बल्कि इस लेनदेन के और भी कई ऐसे संदिग्ध पहलू हैं जिनके आधार पर विपक्ष भारतीय जनता पार्टी पर यह कहकर हमलावर है कि भाजपा द्वारा चुनावी बॉन्ड खरीद के नाम पर न केवल ह्यचंदे का धंधाह्ल यानी चंदा देदो-धंधा ले लो का अनैतिक खेल खेला गया है बल्कि कई ऐसी कंपनियों से भी चंदे ऐंठे गए हैं जिनपर पहले तो ईडी, आईटी या सीबीआई द्वारा छापेमारी की गयी उसके फौरन बाद ही इन्हीं कंपनियों ने इलेक्टोरल बांड खरीद लिये। और इलेक्टोरल बांड की खरीद होते ही इन पर की गयी ई डी, आई टी या सी बी आई की कार्रवाही ठन्डे बास्ते में चली गयी। विपक्ष का यह भी आरोप है कि इलेक्टोरल बांड खरीदने वाली कई कम्पनियाँ भी फर्जी हैं। जबकि कई ऐसी कंपनियों ने भी चुनावी बॉन्ड खरीदे हैं जिनकी कमाई तो बहुत ही कम है परन्तु उन्होंने अपनी कमाई से कई गुना अधिक के बांड खरीदे। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा चंदा दो, धंधा लो, हफ़्ता वसूली, ठेका लो, रिश्वत दो, मनी लॉन्ड्रिंग के लिए फजी कंपनियां जैसी भ्रष्ट नीतियां अपना रही है। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा उपलब्ध कराये गये डेटा के अनुसार जिन कंपनियों ने इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे हैं उनमें फ़्यूचर गेमिंग और होटल सर्विसेज, मेघा इंजीनियरिंग इंफ़्रा स्ट्रक्चर लिमिटेड, वेदांता लिमिटेड, लक्ष्मी मित्तल, भारती एयरटेल, डीएलएफ कामर्शियल डेवलपर्स, ग्रासिम इंडस्ट्रीज, पीरामल एंटरप्राइजेज, टोरेंट पावर, अपोलो टायर्स, एडलवाइस, पीवीआर, केवेंटर, सुला वाइन, वेलस्पन, और सन फार्मा जैसी अनेक कंपनियां शामिल हैं। सबसे ज्याद्दा कीमत के इलेक्टोरल बॉन्ड फ़्यूचर गेमिंग और होटल सर्विसेज और मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ़्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा खरीदे गये हैं। फ़्यूचर गेमिंग और होटल सर्विसेज ने 1,368 करोड़ रुपये के बांड खरीदे हैं जबकि मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ़्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा 966 करोड़ रुपये के चुनावी बांड खरीदे गये। न खाऊंगा न खाने दूंगा का दंभ भरने वाली वर्तमान भाजपा सरकार 2017 में एक वित्त विधेयक के माध्यम से इस चुनावी बांड योजना को लाई थी जिसे 2018 में लागू कर दिया गया था। हालांकि बीजेपी सहित कांग्रेस, एआईएडीएमके, बीआरएस, शिवसेना, टीडीपी, वाईएसआर कांग्रेस, डीएमके, जेडीएस, एनसीपी, तृणमूल कांग्रेस, जेडीयू, आरजेडी, आप और समाजवादी पार्टी जैसी पार्टियों ने इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से राशि प्राप्त की है। परन्तु अप्रैल 2019 और जनवरी 2024 के बीच चुनावी बॉन्ड के माध्यम से भाजपा को 6,060.51 करोड़ रुपये का सबसे अधिक चंदा हासिल हुआ है। सबसे अधिक धनराशि का बांड खरीदने वाली तमिलनाडु की कंपनी फ़्यूचर गेमिंग को 2019 में जितना लाभ हुआ था, इस कंपनी ने उसका छह गुना अधिक इलेक्टोरल बॉन्ड से चंदा दिया। एक रिपोर्ट के अनुसार 2022-23 में इस कंपनी को टैक्स देने के पहले 82 करोड़ का मुनाफा हुआ था और इसने 328 करोड़ का चंदा दिया था। इसी कंपनी ने चार साल में 1368 करोड़ के बॉन्ड खरीदे हैं। इसी तरह मेघा इंजीनियरिंग इंफ़्रास्ट्रक्चर लिमिटेड एमईसीएल ने भी 966 करोड़ के इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे हैं। विपक्षी दल कांग्रेस का आरोप है कि ह्यमेघा इंजीनियरिंग ने कलेश्वर लिफ़्ट इरिगेशन योजना के अंतर्गत मेड गुडा बराज का निर्माण किया जिसके कई खंभों में दरारें पड़ गई हैं क्योंकि इसमें घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। और इस कम्पनी ने तेलंगाना की जनता का 1,00,000 करोड़ रुपया चोरी किया गया हैह्ल। इलेक्टोरल बांड खरीद के माध्यम से हुये भ्रष्टाचार के बाद सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्टेट बैंक के प्रति बरती गयी सख़्ती का नतीजा यह हुआ था कि 11 मार्च को ही स्टेट बैंक से निवेशकों का भरोसा टूटने लगा था तभी स्टेट बैंक के शेयर्स में दो प्रतिशत की गिरावट भी दर्ज की गयी थी। सवाल यह है कि चुनावी चंदे के धंधे को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद स्टेट बैंक इंडिया के घुटनों पर आने, विपक्ष द्वारा इस विषय पर हमलावर होने और पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी से कराने और इसे दुनिया का सबसे बड़ा चुनावी चंदा घोटाला बताने के बावजूद इसी मुद्दे पर आखिर भारतीय मीडिया को क्यों सांप सूंघ गया है? देश का सबसे बड़ा घोटाला और उसपर मीडिया की खामोशी, क्या इस बात का संकेत नहीं कि जो भारतीय मीडिया जहाँ सत्ता का गुणगान करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ता वही उसकी कमियों, अनियमितताओं, अनैतिक आचरण तथा आर्थिक घोटाले पर भी पर्दा डालने में खुलकर सत्ता का साथ दे रहा है? कहना गलत नहीं होगा कि भारतीय मीडिया इस समय ह्रास, पतन और बेशर्मी के उत्कर्ष के दौर से गुजर रहा है। क्या लोकतंत्र का स्वयंभू चौथा स्तंभ धराशायी हो चुका है? सत्ता के लिए दर्पण रुपी भूमिका अदा करने वाली पत्रकारिता आज ह्यसत्ता के गुलामह्ल की भूमिका निभा रही है। यही वजह है कि सत्ता को आइना दिखने वाले अनेक कर्तव्यनिष्ठ पत्रकार अपनी नौकरी गंवा चुके हैं और अपने विभिन्न निजी सोशल प्लेटफॉर्म पर अपना कर्तव्य पूरी जिम्मेदारी से निभा रहे हैं। इलेक्टोरल बांड सम्बन्धी विस्तृत जानकारियां भी देश को मुख्य धारा के मीडिया से नहीं बल्कि सोशल प्लेटफॉर्म पर सक्रिय अनेक कर्तव्यनिष्ठ पत्रकारों की ही देन है। यह पत्रकारिता के इसी ह्यअंधकार मय युगह्ल की ही देन है कि अनेक टी वी एंकर पार्टी प्रवक्ता की भूमिका अदा करते नजर आ रहे हैं।

# बिसात पर भारतीय लोकतंत्र....

राकेश अचल-

भारत का लोकतंत्र अठारहवीं बार बिसात पर है। लोकतंत्र को जीतने के लिए बाजियां लग रहीं है। कोई जान की बाजी लगा रहा है तो कोई ईमान की बाजी लगा रहा है। किसी ने आँखें खोलकर बाजी लगाने की तैयारी की है तो कोई आँखें बंद कर ब्लाइंड खेलने पर आमादा है। सबकी अपनी-अपनी तैयारी है। किसी ने 2024 के लिए दांव लगाने का इंतजाम किया है और किसी की नजर 2047 पर है। यानि एक से बढ़कर एक योद्धा मैदान में हैं और बेचारे मतदाता की जान सांसत में है। लगता है जैसे वो खुद मोहरा है। सभी मिलजुलकर उसी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। भारत में चुनाव कोई नयी बात नहीं है। जब भारत आजाद नहीं था तब भी उसने चुनाव देखे हैं और आजाद होने के बाद से लगातार भारत और भारत का जनमानस चुनावों से गुजरता हुआ ही 1947 से 2024 तक आ पहुंचा है। चुनाव कराने के लिए भारत के पास एक केंद्रीय चुनाव आयोग है। इस आयोग को चुनाव लड़ने वाले और चुनाव में मोहरा बनने वाले लोग प्यार से केंचुआ कहते हैं, लेकिन मै ठहरा साहित्य का विद्यार्थी, इसलिए मै चुनाव आयोग को केंचुआ नहीं बल्कि भूमिनाग कहता हूँ। रामचरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास ने भी केंचुए को भूमिनाग कहकर ही इज्जत बक्शी है। आप केंचुआ को दंतहीन, नखहीन या विषहीन कहें लेकिन केंचुआ है कि पूरे पांच साल चुनावों की तैयारी करता है। ये तैयारी युद्धस्तर की होती है और हर चुनाव के बाद नया चुनाव केंचुआ के लिए एक बड़ी चुनौती होता है, क्योंकि हर चुनाव में मतदाताओं की संख्या में घट-बढ़ होती रहती है। देश की विविधता तथा संस्कृति ही नहीं बल्कि भूगोल भी केंचुआ की तैयारियों को प्रभावित करता है। मतदान कराने के लिए मतदाताओं तक चुनाव लड़ने वाले पहुंचे या न पहुंचें लेकिन केंचुआ वहां तक पहुंचता है। इसलिए केंचुआ तमाम निन्दा और आलोचनाओं के बावजूद प्रशंसा का पात्र भी है। केंचुआ पहाड़, जंगल, नदी-नाले, सर्दी, गर्मी, बरसात की तमाम बाधाओं को पार करने में सिद्धहस्त हो चुका है। समय के साथ केंचुआ की महारत भी लगातार बढ़ी है। देश में अठारहवीं बार संसद के लिए चुनाव करने जा रहे केंचुआ ने इस बार लगभग 97 करोड़ मतदाताओं को मताधिकार का इस्तेमाल कराने के लिए इंतजाम किये हैं ताकि झंझावातों में फंसा लोकतंत्र महफूज रह सके, उसका फ्यूज न उड़े। लोकतंत्र का फ्यूज उड़ाने की हालिया कोशिशों से सारा देश और दुनिया वाकिफ है, इसलिए इस पर विस्तार से फिर कभी। केंचुआ ने 18 साल के नवोदित मतदाता से लेकर शतायु हो चुके मतदाताओं की भी चिंता की है। देश का सौभाग्य है कि उसके पास आज भी दो लाख से ज्यादा ऐसे मतदाता हैं जिन्होंने पूरी शताब्दी देखी है। केंचुआ ने इस बार 85 साल की उम्र पार कर चुके मतदाताओं को घर बैठे मतदान करने की व्यवस्था भी की है, यदि वे चाहें तो। केंचुआ वृहन्नलाओं की भी बराबर फिक्र करता है। भारतीय लोकतंत्र में हर तरह का बल इस्तेमाल किया जाता है। केंचुआ के पास चुनाव के लिए डेढ़ करोड़ कर्मचारी और लाखों का फौज-फांटा होता है। केंचुआ के समाने केवल गौधन, गजधन, बाजधन और रतनधनों से निबटने की ही चुनौती नहीं होती बल्कि उसे इलेक्टोरल धन और बाहुबल से भी निबटना पड़ता है। हर किसी की कोशिश होती है कि वो लोकतंत्र की डोली बलात अपने घर ले जाये। कभी इसमें कामयाबियां भी मिलती हैं और कभी नहीं भी। बलाबल के इस्तेमाल से जब-तब चुनाव रक्तरंजित भी हो जाते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### आंजनेय ने किया नाम रौशन

छपरा। आंजनेय शरण ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 2024 में सफलता प्राप्त कर परिवार के साथ- साथ जिले का नाम रौशन किया है. विदित हो कि आंजनेय शरण के पिता डॉ. श्याम शरण कमला राय महाविद्यालय, गोपालगंज, जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा में हिंदी विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर एवं माता रीता कुमारी कुशल गृहणी है. डॉ. शरण ने बतलाया कि मेरा पुत्र आंजनेय शरण शुरू से ही मेधावी रहा है. उसने छपरा के प्रतिष्ठित दून सेंट्रल से क्लास 1 से 5 तक पढ़ाई की है. उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता- पिता के बाद दून सेंट्रल स्कूल के प्राध्यापकों को दिया हैं. मालूम हो कि आंजनेय शरण के सफलता पर उनके पैतृक घर मढ़ौरा अनुमंडल के अगहरा पंचायत के अगहरा गाँव में खुशी की लहर दौड़ पड़ी. इनके सफलता पर प्रो. विजय कुमार सिंह, प्रो.मीरा सिंह, प्रो. उषा कुमारी, विधान पार्षद प्रो. वीरेन्द्र नारायण यादव, प्रो. रणजीत कुमार सिंह, कुलचिव जे. पी. यू. छपरा, इनके दादा मैनेजर राय, डॉ. श्याम शरण, रीता कुमारी, गुड्डू कुमार, गुंजन कुमार, मुकेश कुमार आदि ने खुशी व्यक्त किया हैं.

### आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय वित्त समिति के सदस्य बने जेपीयू के कुलपति

छपरा सदर। जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो परमेन्द्र कुमार बाजपेई को कुलाधिपति-सह-राज्यपाल द्वारा एक और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। कुलपति को कुलाधिपति-सह-राज्यपाल द्वारा जे पी यू के कुलपति को आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय की वित्त समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। राजभवन द्वारा एमआईटी मुजफ्फरपुर के निदेशक प्रो एम के झा तथा संत लोंगोवाल अभियांत्रिकी एवं प्राद्यौगिकी संस्थान, संगरूर, पंजाब के निदेशक प्रो एम के पासवान को भी आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय वित्त समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है।

# एक युवक की संदेहास्पद स्थिति में हुई मौत, आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम

## बगही हरखपुर गांव में तरैया पुलिस जुटी जांच में

प्रात : किरण संवाददाता



थाना क्षेत्र के बगही हरखपुर गांव में तरैया से भलुआ जाने वाली ग्रामीण सड़क के किनारे मोटरसाइकिल सवार युवक कि संदेहास्पद स्थिति में हो मौत हो गई है।मृतक युवक बगही हरखपुर गांव निवासी विजय साह के सत्रह वर्षीय पुत्र नितेश कुमार था।घटना शनिवार के रात्रि की है।घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि मृतक के फोन पर किसी का कॉल आया तो वह मोटरसाइकिल से घर से बाहर चला गया।कुछ ही देर बाद सूचना मिली की युवक का शव भलूआ जाने वाली ग्रामीण सड़क के किनारे पड़ा है।परिजनों ने युवक को आनन फानन में रेफरल अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।रात्रि होने के कारण रविवार के सुबह में परिजन युवक का शव थाना पर रख कर प्रदर्शन करने लगे।उसके बाद परिजनों ने युवक के शव लेकर तरैया बाजार में रख कर सड़क को जाम कर दिए।जिससे आवागमन बाधित हो गया।थानाध्यक्ष ने मौके पर पहुंच कर परिजनों सहित आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बुझाकर मृतक युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिए।मृतक युवक बाहर काम करता करता था।दो महीने से घर पर रह रहा था।मृतक के पिता बाहर मजदूरी करते है। ग्रामीणों का कहना है कि रात्रि में बिजली के पोल से टकराने की तेज आवाज हुई उसी वक्त बिजली कट गई।बिजली पोल के पास मोटरसाइकिल की इंडिकेटर जल रही थी वही से घायल युवक को रेफरल अस्पताल तरैया ले गए। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## पं. महेन्द्र मिश्र के जयन्ती समारोह में लगी चित्र प्रदर्शनी

प्रात : किरण, संवाददाता

जलालपुरे पूर्वी धुन के सम्राट पंडित महेंद्र मिश्र की 159वीं जयंती पर बिहार सरकार के कला संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा प्रखंड मुख्यालय परिसर में आयोजित जयंती समारोह में मुख्य पंडाल में लगी पंडित महेंद्र मिश्र के व्यक्तित्व और कृतित्व पर आधारित चित्र प्रदर्शनी को देखने के लिए लोगो की भीड़ उमड़ पड़ीलोग उनकी गजलों, पूर्वी गीतों ,होली, कजरी, झूमर गीतों अखबार की कतरनों,नोट छापने की मशीन , सिक्का ढालने का ब्लाक का फोटो देखकर काफी प्रभावित थेक ई इसका वीडियो बनाते दिखे चित्र प्रदर्शनी के बारे में जानकारी देते हुए पंडित मिश्र के प्रपौत्र विनय कुमार मिश्र ने बताया कि पंडित मिश्र हर विधा में परिपूर्ण व निपुण थे वे महान स्वतंत्रता सेनानी थे भोजपुरी को समृद्ध करती हैउन्होने भारत सरकार से उन्हे भारत रत्न की उपाधि देने की मांग की।

## अपराध की योजना बना रहे चार सशस्त्र अपराधकर्मियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



प्रात : किरण, संवाददाता

माँझी। शनिवार की रात माँझी थाना क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुबारकपुर (कन्या पाठशाला) में इकट्ठा होकर किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे चार सशस्त्र अपराधकर्मियों को माँझी थाना पुलिस ने छापेमारी करके गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधकर्मियों के पास से पुलिस ने एक लोडेड देसी कट्टा तथा धारदार हथियार एवम मोबाइल आदि जब्त किया है। थानाध्यक्ष अमित कुमार राम द्वारा माँझी थाना में उक्त आशय की एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। थानाध्यक्ष द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में यह कहा गया है कि शनिवार की रात पुलिस पदाधिकारी रामजी यादव तथा डीएपी के सिपाही क्रमशः विवेकानंद कुमार,श्रवण कुमार यादव तथा सोनू कुमार के साथ वे रात्रि गश्ती हेतु थाना क्षेत्र के कटोखर पहुँचे तभी गुप्त सूचना मिली कि मुबारकपुर कन्या पाठशाला में लगभग आधा दर्जन अपराधकर्मी हरवे हथियार से लैस होकर किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना पाकर पहुँची माँझी पुलिस की टीम ने विद्यालय को घेरकर छापेमारी शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस ने चार अपराधकर्मियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधकर्मियों में थाना क्षेत्र के मुबारकपुर रेवल टोला निवासी शम्भू यादव का पुत्र चन्दन कुमार यादव,महम्मदपुर निवासी रंजीत पाण्डेय का पुत्र उपेन्द्र पाण्डेय,सिंगही गांव निवासी तूफानी महतो का पुत्र अभिमन्यु महतो उर्फ पंकज महतो तथा गरहन महतो का पुत्र अच्छे लाल कुमार शामिल हैं। गिरफ्तार किए गए चारों अपराधकर्मियों को पुलिस ने रविवार को जेल भेज दिया।

# कायस्थ परिवार का होली मिलन सह रंगोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न

प्रात : किरण, संवाददाता



छपरा। सांमाजिक एवं रचनात्मक कार्यो पर विशेष बल देने एवं चित्रांश परिवारों को एकजुटता प्रदान करने के प्रति संकलिप्त तथा सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने वाला संगठन कायस्थ परिवार द्वारा इस वर्ष होली के पुर्व रविवार को होली मिलन समारोह सह चित्रांश रंगोत्सव हर्षोल्लास व उमंग के साथ समन्न हुआ। इस भव्य व आकर्षक कार्यक्रम में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा से जुड़े पदाधिकारियों की अच्छी खासी उपस्थिति रही, जिन्हें कायस्थ परिवार द्वारा सभी को सम्मानित किया गया। इनमें मनहर कृष्ण अतुल, वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह प्रभारी बिहार अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, विजय कुमार प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय कायस्थ महासभा बिहार प्रदेश राकेश कुमार सिन्हा प्रदेश महामंत्री अखिल भारतीय कायस्थ महासभा बिहार प्रदेश अनिल कुमार सिन्हा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय कायस्थ महासभा बिहार प्रदेश आदित्य अम्बष्ट प्रदेश संगठन मंत्री अखिल भारतीय कायस्थ महासभा बिहार प्रदेश सुषमा सिन्हा प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ अखिल भारतीय कायस्थ महासभा बिहार प्रदेश अमरेश प्रसाद,राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अखिल भारतीय कायस्थ महासभा बिहार प्रदेश सहित अन्य शामिल रहें। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं चित्रगुप्त भगवान के तैल चित्र पर माल्यार्पण से हुआ।

## केवाईपी छात्रों के लिए मिल रहा जॉब का अवसर

- इस जॉब कैंप मे कुल 100 रिक्त पदों पर भर्ती किया जाना है

प्रात : किरण, संवाददाता



रक्सौल के युवाओं के लिए प्रखण्ड कौशल विकास केन्द्र पर जॉब कैम्प का आयोजन 19 मार्च 2024 को किया जा रहा है। उक्त केंद्र में 19 मार्च को प्रातः 11:00 बजे एक दिवसीय जॉब कैंप सह कैरियर मार्गदर्शन कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस जॉब कैम्प में उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक द्वारा भाग लिया जाएगा और अभ्यर्थियों का चयन कस्टमर रिलेशनशिप एक्जीक्यूटिव पद के लिए किया जाएगा। विभिन्न पदों के लिए योग्यता स्नातक एवं 12वीं पास आवश्यक है, उम्र पुरुष 18-27 वर्ष निर्धारित है। जॉब का कार्यस्थल बिहार के जिलों में होगा और मानदेय 9260 प्रति माह निर्धारित किया गया है। साथ ही साथ अन्य सुविधाएं भी दी जाएगी। इस जॉब कैंप मे कुल 100 रिक्त पदों पर भर्ती किया जाना है। अभ्यर्थी अपने रिज्यूम बॉयोडाटा, मूल प्रमाणपत्रों, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, फोटो के साथ रक्सौल प्रखण्ड कौशल विकास केन्द्र के कैंपस में रोजगार कैम्प में प्रातः 11:00 उपस्थित हो सकते हैं।

## इसुआपुर की बहु डॉ. पुष्पा बनी मेडिकल ऑफिसर

प्रात : किरण, संवाददाता

इसुआपुर। प्रखंड के इसुआपुर गांव निवासी मोहन सिंह की पुत्रवधू तथा जाने माने होम्योपैथी चिकित्सक डॉक्टर एच के रंजन की पत्नी डॉक्टर पुष्पा का होम्योपैथिक चिकित्सा पदाधिकारी के रूप में नियुक्ति हुई है। गांव की बहू का मेडिकल ऑफिसर के रूप में चयन होने पर ससुराल, मायके, सगे, संबंधियों, शुभचिंतकों में खुशी व्याप्त है। मालूम हो कि बिहार तकनीकी सेवा आयोग की ओर से आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, आयुष फिजिशियन, होम्योपैथिक चिकित्सक के लिए वेकैंसी निकली थी। जिसका हाल ही में रिजल्ट घोषित हुआ है। जिसमें डॉक्टर पुष्पा का चयन हुआ है। उन्होंने गोपालगंज में मेडिकल ऑफिसर के रूप में योगदान किया है।

# जय भोला भंडारी सेवा दल के कार्यालय का हुआ उद्घाटन



प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। जय भोला भंडारी सेवा दल के द्वारा अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए कार्यालय सह रजिस्ट्रेशन काउंटर का उद्घाटन छपरा शहर के लाह बाजार में सेवा दल के सदस्यों के द्वारा फीता काटकर किया गया कइस वर्ष जिन यात्रियों को अमरनाथ यात्रा करना है वह अपना मेडिकल एवं रजिस्ट्रेशन शहर के लाह बाजार में स्थित कार्यालय पर सम्पर्क कर करा सकते हैं। यह सेवा दल इस स्लोगन के साथ कार्य करता है : भूखे को अन्न, प्यासे को पानी, जय बाबा अमरनाथ बर्फनी क आपको बताते चलें कि इस सेवा दल के द्वारा श्री बाबा अमरनाथ जी की यात्रा मार्ग उधमपुर जम्मू-कश्मीर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है । जो वर्ष 2019 से लगातार किया जा रहा है क इस वर्ष चौथा विशाल भंडारा लगाया जाएगा। वहां भंडारे में अमरनाथ यात्रियों को भोजन, पानी, दवा, चाय, नाश्ता, रात्रि विश्राम, शौचालय आदि की निशुल्क व्यवस्था की जाती है ।इस आयोजन में सेवा दल के सदस्य- पप्पू चौहान, संजय प्रसाद,अमित कुमार, लाल बाबू राय, दिलीप जी, मंटू बाबा, रवि सोनी, रिशु कुमार, टिल्लू दादा, गोपाल गुप्ता, संतोष प्रसाद, किशन कुमार, पृथ्वीराज सिंह, आचार्य भागीरथ गोस्वामी, मुकेश कुमार, केदार कुमार, अशोक कुमार, भीम चौरसिया आदि ने भाग लिया।

# बेहतर कार्य के लिए चिकित्सक अवार्ड से सम्मानित हुए डॉ. सन्नी

प्रात : किरण, संवाददाता



परसा। प्रखंड के हसनपुरा निवासी स्किन डिजिट चिकित्सक डॉ सन्नी कुमार सिंह को उत्तर प्रदेश में बेहरत कार्य के लिए चिकित्सक अवार्ड से सम्मानित किया गया।जो जिला समेत परसा के लिए गर्व की बात है।उत्तर प्रदेश के वोर्थी वेलनेश फाउंडेशन द्वारा बिहार में एक सर्वे कराया गया था।जिसमें गुणवक्ता पूर्ण जिम्मेवारी के साथ कार्य निर्वाह कर रोगीयों को सुलभ व्यवस्था के साथ उपचार करने का निरीक्षण में पाया गया था।जिसके आलोक में बेहरत चिकित्सक सेवा के लिए चिकित्सक अवार्ड के लिए चयनित किया गया।चयनित चिकित्सक परसा प्रखंड के हसनपुरा निवासी धर्मेंद्र कुमार सिंह का पुत्र डॉ सन्नी कुमार सिंह पुत्र है।इस संबंध में चिकित्सक डॉ सन्नी कुमार सिंह ने बताया कि गत दस बर्षो से पटना और सारण जिला में स्किन डिजिट बीमारी पर पुरजोर कार्य किया जा रहा है।मरीजो को अधिक सुबिधा के साथ संतोषप्रद उपचार कर बीमारी से मुक्ति दिलाने का कार्य करने की बातें कही।चिकित्सक अवार्ड मिलने पर माता पिता के साथ डॉ सुनील,डॉ विवेक,अशोका नंद ठाकुर,डॉ मुकेश जॉप, डॉ राकेश ने खुशी जाहिर करते हुए उज्वल भविष्य की कामना किया।

# माँझी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बन्ध्याकरण ऑपरेशन से महिला की मौत

- ऑपरेशन में मौजूद चिकित्सक द्वारा पत्नी को जीवित बताकर तथा उसे जबरन एम्बुलेंस में लादकर आनन-फानन में छपरा भेज दिया गया



प्रात : किरण, संवाददाता

माँझी। शनिवार को माँझी सीएचसी में आयोजित बन्ध्याकरण शिविर में भर्ती एक महिला मरीज को बेहोश करने के घण्टों बाद होश नही आने पर चिकित्सकों ने उसे छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया जहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने महिला मरीज को मृत घोषित कर दिया। मृतका माँझी थाना क्षेत्र के कटोखर गाँव निवासी सुरेश पँडित की पत्नी देवरती देवी उम्र 35 वर्ष बताई जाती है। महिला मरीज की मौत के बाद उसके साथ गए परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे जिससे सदर अस्पताल में अफरा तफरी का माहौल उतपन्न हो गया। बाद में चिकित्सकों ने सारण के डीएम अमन समीर के निर्देश पर विशेष परिस्थिति में देर रात को पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। घटना की सूचना पाकर सदर अस्पताल पहुँचे भगवान बाजार थाना के पुलिस पदाधिकारी को दिए बयान में मृतका के पति सुरेश पँडित ने आरोप लगाया है कि सम्बन्धित चिकित्सक की कथित लापरवाही से उसकी पत्नी की मौत बन्ध्याकरण ऑपरेशन के दौरान माँझी सीएचसी में ही हो गई थी। हालाँकि ऑपरेशन में मौजूद चिकित्सक द्वारा पत्नी को जीवित बताकर तथा उसे जबरन एम्बुलेंस में लादकर आनन फानन में छपरा भेज दिया गया। उधर देर रात पोस्टमार्टम के बाद मृतका का शव लेकर लौटे परिजनों व दर्जनों ग्रामीणों ने माँझी प्रखण्ड मुख्यालय परिसर में पहुँचकर हंगामा शुरू कर दिया। पीड़ित परिजन माँझी सीएचसी परिसर में शव रखकर प्रदर्शन करने पर आमादा थे। हालाँकि मौके पर मौजूद पुलिस पदाधिकारियों के समझाने बुझाने तथा दोषी चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिए जाने के बाद परिजन शव लेकर कटोखर के लिए रवाना हो गए। रविवार को स्थानीय ड्यूमाइगढ घाट पर मृतका के शव का दाह संस्कार सम्पन्न हो गया। शव यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण आदि शामिल हुए। ग्रामीणों ने बताया कि मृतका के परिजन इन्दिरा आवास योजना से बने घर में अपना गुजारा करते हैं तथा पति पत्नी मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। ग्रामीणों ने बताया कि मृतका की बृद्ध सास पानपति कुँअर के अलावा पति सुरेश पँडित एवम उसके पाँच पुत्र क्रमशः सूरज, लक्ष्मण, मुन्ना, सरोज तथा सुमित एवम पुत्री स्वीटी सभी मानसिक तौर पर अर्द्ध विक्षिप्त व नाम मात्र के पढ़े लिखे हैं। परिवार की माली हालत को देखते हुए ग्रामीणों ने आपसी सहयोग स्वरूप चंदा एकत्रित कर मृतका का दाह संस्कार किया।

## नवोदय विद्यालय देवती में चार दिवसीय करियर गाइडेंश सह मोटिवेशनल कार्यशाला का शुरूआत

प्रात : किरण, संवाददाता

परसा। पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय देवती दरियापुर के तत्वाधान में आयोजित चार दिवसीय करियर गाइडेंश सह मोटिवेशनल कार्यशाला का शुरूआत किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को बदलते परिवेश में अपने लक्ष्य में आने वाले चुनौतियों से निपटना है.इंटेलस निदेशक सह प्रोफेशनल ट्रेनर एवम करियर काउंसलर डॉ विश्वकर्मा शर्मा ने छात्रों को व्यवहारिक अभ्यास कराया.डॉ शर्मा ने छात्रों को बताया कि बर्तमान की बदलते परिवेश में अपने लक्ष्य को सरलता एवं साक्ष्मता से प्राप्त कर सकते है. डा शर्मा ने कहा कि॥काम करना पड़ेगा॥ उसके बदले ॥काम करके मजा आएगा॥यह एक जादुई वाक्य है।इस वाक्य के अभ्यास से लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है. कार्यशाला में प्राचार्य डॉ समरकेतु,कॉर्डिनेटर जितेश राज, वि के झा, विजय कुमार समेत अन्य शिक्षक छात्र मौजूद थे.

# दिव्यांग कर्मियों ने चुनाव कार्य से मुक्त करने को ले जिलाधिकारी से लगाई गुहार

- 2020 के विधानसभा चुनाव में गठित मेडिकल बोर्ड के आधार का दिया हवाला

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के बाद जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गई है। चुनाव कार्य को गति देने के लिए प्रशासनिक महकमा पूरी तरह तैयार है, कर्मचारियों से लेकर प्रशासनिक पदाधिकारिओं व पुलिस बल की तैनाती की कवायत जोरों पर है। स्वच्छ वातावरण में लोकसभा चुनाव कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इन सबके बीच चुनाव कार्य में दिव्यांग कर्मियों की सहभागिता को लेकर नाम नहीं छापने की शर्त पर कई कर्मियों ने बताया कि 2020 के विधानसभा चुनाव की तरह इस बार भी दिव्यांग कर्मचारिओं को चुनाव कार्य में प्रतिनियुक्ति को लेकर कवायद चल रही है। इन दिव्यांग कर्मियों को पहले से ही सूची तैयार कर लिया जाता तो दिव्यांग कर्मियों की भी परेशानी से निजात दिया जा सकता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 2020 के विधानसभा चुनाव में भी जिला भर के दिव्यांग कर्मियों को चुनाव कार्य में लगाया गया था। चुनाव से संबंधित पत्र मिलते ही सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले दिव्यांग कर्मी जिला पदाधिकारी कार्यालय का चक्कर लगाने को विवश हो गए।

## जयप्रकाश विश्वविद्यालय में राज्यपाल का आगमन होगा

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा सदर जयप्रकाश विश्वविद्यालय के अधिषद की बैठक में बिहार के महामहिम सह कुलाधिपति राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर का आगमन दूसरी बार हो रहा है । जयप्रकाश विश्वविद्यालय के लिए छात्र 2024-- 25 के बजट को पारित करने के लिए जयप्रकाश विश्वविद्यालय में दूसरी बार राज्यपाल का आगमन सोमवार को होगा।

## स्वस्थ लोकतंत्र में युवाओं की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्णः जिला निर्वाचन पदाधिकारी



प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। लोकसभा आम निर्वाचन में अधिक से अधिक युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप कोषांग द्वारा अनेक माध्यमों से युवाओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक किया जा रहा है। विभिन्न उच्च माध्यमिक विद्यालयों में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब का गठन किया गया है। इस क्लब के माध्यम से युवाओं को लोकतंत्र में उनकी सहभागिता हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को स्वीप कोषांग द्वारा राजेन्द्र स्टेडियम, छपरा मे युवा मतदाता एकादश बनाम प्रशासन एकादश प्रदर्शनी क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। मैच से पूर्व जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्री अमन समीर ने स्टेडियम में वोटर सेल्फी पॉइंट का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री समीर ने युवाओं को संबोधित करते हुये कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र में युवाओं की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान से पूर्व जिला में 18-19 वर्ष आयुवर्ग के लगभग 5.5 हजार मतदाता ही निर्वाचक सूची में शामिल थे।

## जामिया इस्लामिया क्रिकेट टूनामेंट का मैच का उदघाटन राजद नेता टूना पाण्डेय और मुन्ना भवानी ने फीता काट कर किया

- मैच का कमेंट्री बुधन तिवारी और नौशाद अंसारी ने किया
- उप विजेता टीम के कप्तान को आगत अतिथियों के द्वारा ट्रॉफी प्रदान किया गया



प्रात : किरण, संवाददाता

माँझी। जामिया इस्लामिया क्रिकेट टूनामेंट इमादपुर के द्वारा टी 20 लीग का फाइनल मुकाबला शनिवार को पंजुआर और भुइली के बीच खेला खेला गया। इस दौरान पंजुआर ने टॉस जीत कर भुईली को बैटिंग करने का मौका दिया, जिसमें भुईली ने 5 विकेट खोकर 238 रन बनाया। वही पंजुआर ने मैच को 14 ओवर में ही 242 रन 6 विकेट खोकर बना लिया। पंजुआर के तरफ से खेल रहे नाहिद खान ने शानदार शतक जोड़ा। वही भूईली के टीम से भी दोनों ओपनर ने अर्थशतक बनाया। मैच का कमेंट्री बुधन तिवारी और नौशाद अंसारी ने किया। मुख्य अतिथि राजद नेता टूना जी पांडे और मुन्ना भवानी ने फीता काट कर मैच का विधिवत उद्घाटन किया। वहीं अंत में विजेता और उप विजेता टीम के कप्तान को आगत अतिथियों के द्वारा ट्रॉफी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में पैक्स अध्यक्ष संत सिंह, राजद उपाध्यक्ष विजय सिंह, विक्की सावन, रविंद्र ठाकुर, चंचल मिश्रा, मंजेश पाठक, सरफराज खान, अजीत सिंह, मनोहर हुसैन, तैयब अंसारी, अत्ताउल्लाह भाई, वसीम राइडर सहित सैकड़ो गणमान्य लोग और दर्शक मौजूद थे।

# पं. महेंद्र मिसिर के जयंती समारोह में दिग्गज लोक गायकों की होली और पूर्वी के मधुर गीतों के सुर सरिता में देर शाम तक गोता लगाते रहे लोग

प्रात : किरण, संवाददाता



जलालपुरेपूर्वी धुन के महान रचनाकार पंडित महेंद्र मिश्र की 159वीं जयंती पर बिहार सरकार के कला ,संस्कृति व युवा विभाग द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में रविवार की देर संध्या तक चर्चित लोक गायको रामेश्वर गोप ,आलोक पांडेय व गोपाल राय के होली व पूर्वी गीतों के सुर सरिता मे हजारो लोग गोता लगाते रहे `लोक गायक रामेश्वर गोप ने श्याम करे बरजोरी होली हो होली हो, मै कैसे होली खेलु प्रस्तुत किया तो लोग झूमने लगेस्टार लोक गायक गोपाल राय ने बारह बरिसवा के हो बारी मोर उमड़िया, बलमा मांगे ला रे गवनवा प्रस्तुत कर सबको भाव विभोर कर दियो वही स्थानीय जलालपुर पतीला की बेटी राजश्री ने अपनी मधुर आवाज मे हो मधुवन मे खेलत रंग गुजरिया प्रस्तुत किया तो लोग झूमने पर मजबूर हो गऐ कार्यक्रम में प्रसिद्ध लोक गायक उदय नारायण सिंह ने केहु गोदवाई रे हो गोदनवा पूनम श्रीवास्तव ने पटना से बैदा बोलाई द, नजरा गइली गुंईया. प्रियंका सिंह ने दियारा जाराई द आपन भैया के बुलाई द नशे नशे उठेला लहरिया रे हे ननदी. वही नन्हे बाल गायक रौनक रतन ने तु अगर डिढौड़ा पीटती प्रीत न करियो कोयल प्रस्तुत कर जमकर तालियां बटोरी .मनन गिरि ने राखी रले नयनवा मे लोभाय हा रे संवरिया लाल प्रसतुत किया.स्थानीय कलाकार विनोद मिश्रा ने बजरंगी हो तथा नजरा गईली गुईयां प्रस्तुत कियोवही गोपालगंज के स्टार गायक आलोक पांडेय ने आहे आहे उधो कौनो रे जोगणिया जोगवा साधे ला रे राम॥ प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी. वही सोशल मीडिया के स्टार हास्य कलाकार जेपी यादव ने लोगो को खूब हंसायो संचालन संजय भारद्वाज ने किया। इसके पहले संध्याकालीन कार्यक्रम का उद्घाटन सदर एस आआखडी ओ संजय कुमार राय, एडीएम संजय कुमार, बी डी ओ कुमारी अंजू ,सीडीपीओ नीतू सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कियोकार्यक्रम में साबिर और ग्रुप्स,फेस आफ फ्यूचर इंडिया व राधा सिंह ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सबका दिल जीत लियो इसके पहले दिवा कालीन कार्यक्रम में प्रियंका कुमारी, मिताली श्री, समृद्धि श्रेया, पंजतन, प्रीति और कीर्ति सिस्टर्स, कुसुमावती उपाध्याय, रामदास गिरी, अनीश अनु, युवराज कुमार साह, लखनलाल, कमलेश कुमार सिंह, डोली कुमारी, रेनू राज, जीविका सिंह, राजू रंजन मिश्रा, शेखर सुमन, अतुल कुमार सिंह, अंजली सिंह, संजय कुमार सिंह, अखिलेश कुमार यादव, अरुण अलबेला, चंदन कुमार सिंह, कंचन वाला, हैप्पी श्रीवास्तव, सोनम मिश्रा व पुष्पा सिंह ने. अपनी खूबसूरत आवाजों में महेंद्र मिश्रा की रचनाओं को प्रस्तुत कर दिन भर लोगों को झूमायो सुबह मे जिले के वरीय पदाधिकारियों समेत स्मारक निर्माण समिति के सदस्यो ने जलालपुर चौक स्थित पं महेन्द्र मिश्र के स्मारक पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए अपनी श्रद्धांजलि दी।

# बुनियादी साक्षरता परीक्षा को लेकर 9 विद्यालय में केंद्र निर्धारित

**प्रात : किरण संवाददाता।** परसा। बिहार सरकार द्वारा चलाई जा रही बुनियादी साक्षरता परीक्षा को लेकर प्रखंड के 9 विद्यालय में केंद्र निर्धारित किया गया।प्रत्येक केंद्र पर 20 साक्षरता अभ्यर्थी को शामिल होना है।इस संबंध में बीईओ युगल किशोर ने कहा कि बिहार सरकार के द्वारा संचालित अक्षर आँचल योजना के तहत आयोजित बुनियादी सरक्षरता परीक्षा में महा दलित,दलित,अल्पसंख्यक, अति पिछड़ा के महिलाओं को शामिल होना है।इसके लिए प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बाजीतपुर में दो,उत्क्रमित मध्य विद्यालय बनौता में दो,उत्क्रमित मध्य विद्यालय बहर मराड़, उत्क्रमित मध्य विद्यालय भेल्दी,उत्क्रमित मध्य विद्यालय अंजनी,हाई स्कूल चांदपुरा,हाई स्कूल शोभेपुर बसतपुर में परीक्षा केंद्र बनाया गया।प्रत्येक केंद्र पर 20 परीक्षार्थी को शामिल होना है।उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केंद्र पर प्राचार्य के साथ वीक्षक को तैनाथ करने के बातें कहा।

## संक्षिप्त खबरें

### रेलवे सुरक्षा बल ने यात्रियों के बीच चलाया जागरुकता अभियान



डेहरी ऑन सोन (रोहतास) रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डेहरी ऑन सोन के अधिकारी एवं स्टाफ द्वारा स्टेशन प्लेटफार्म सहित निर्धारित गाडियों के समय 14:50 से 16:00 बजे तक शनिवार को जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें यात्रियों को यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या होने पर रेलवे टोल फ्री नंबर 139 पर संपर्क करने के लिये जागरूक किया गया। साथ ही महिला कोच व विकलांग कोच में अनाधिकृत रूप से यात्रा ना करने, बिना किसी उचित कारण के एसीपी ना करने, पायदान पर बैठकर या खड़े होकर यात्रा ना करने, किसी अपरिचित से मेलजोल ना बढ़ाने, ज्वलनशील पदार्थ के साथ यात्रा ना करने और ऐसे बच्चे जो अकेले भूले भटके सहमें हुए दिखाई दे तो रेलवे चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 को सूचना दे। वही चलती ट्रेन में पत्थर ना फेंकने के प्रति लोगों जागरूक किया।

### भाजपा ने लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया

बिक्रमगंज (रोहतास) रविवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने विशेष लाभार्थी संपर्क अभियान नगर परिषद के तेंदुनी गांव में चलाया। लाभार्थियों को देशवासियों के नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पत्र भी दिया गया तथा उनके आवास पर लाभार्थियों की समृद्धि मोदी की गारंटी स्टीकर भी चिपकाए गए। लाभार्थियों ने भी अपने विचार साझा किया उनके विचार भी मोदी के प्रति उनके प्रेम प्यार को दर्शाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जुड़ने के लिए 9638002024 मिस कॉल भी कराया गया। साथ साथ ही साथ मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इस विशेष संपर्क अभियान के शुभ कार्यक्रम में काराकाट लोकसभा के संयोजक नवीन चंद्र शाह ,नगर अध्यक्ष नागेश्वर कुशवाहा ,युवा मोर्चा नेता रितेश राज ,व्यवसायिक प्रकोष्ठ के सहसंयोजक सतीश कुशवाहा ,नगर महिला मोर्चा अध्यक्ष रूबी कुमारी ,बूथ अध्यक्ष जितेंद्र ठाकुर ,बूथ अध्यक्ष पंकज कुमार, युवा मोर्चा अध्यक्ष उत्तम कुमार सिंह ,काराकाट विधानसभा के विस्तारक माधव केसरी, अविनाश शर्मा ,पप्पू सेठ ,श्रद्धा देवी इत्यादि की गरिमा मयी सहभागिता रही ।यह कार्यक्रम कल भी बिक्रमगंज नगर परिषद के आनंद नगर में चलेगा।

### ट्रक-बाइक के टक्कर में एक जख्मी

नोखा (रोहतास) थाना क्षेत्र के बराव मोड़ समीप ट्रक - बाइक के बीच हुई टक्कर में एक घायल हो जाए। घायल व्यक्ति बिशनपुरा गांव निवासी सोनू गोस्वामी बताया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि आरा सासाराम मुख्य सड़क पर बराव गांव से कुछ दूरी एक ट्रक आ रहा था। जिसकी चपेट में बाइक सावर आ गया। जिस घटना में बाइक चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसे इलाज के लिए स्थानीय लोगों ने जिला सदर अस्पताल सासाराम भेजा दिया।

### आचार संहिता लगते ही बीडीओ ने होडिंग उतरवाया

नोखा (रोहतास) लोकसभा चुनाव को लेकर के आचार संहिता लगने के साथ ही पोस्टर बैनर हटाने का निर्देश जारी कर दिया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी अतुल गुप्ता सहित सीओ मधुसूदन चौरसिया के द्वारा शहर व गांवों में बैनर पोस्टर हटवाने का कार्य जोरों पर है। इसको लेकर नगर परिषद क्षेत्र के बस स्टैंड और मुख्य बाजार में कई जगहों पर पोस्टर को भी हटवाया। इस मौके पर प्रखंड सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित प्रशासन कर्मी मौजूद थें।

### नाजायज संबंध को ले सगे पुत्र ने हीं मां को मारी थी गोली

कैमूर। दुर्गावती थाना क्षेत्र के उधपुरा गांव में अहले सुबह एक विधवा महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसका पुलिस ने महज कुछ हीं घंटे के बाद खुलासा करते हुए हत्या करने वाले मृतिका के सगे पुत्र को गिरफ्तार कर लिया। घटना का खुलासा होने के बाद मोहनिया डीएसपी दिलीप कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया को जानकारी दी। पुलिस के समक्ष आरोपी भीम शर्मा ने बताया कि मेरी मां का किसी से नाजायज संबंध पिछले कुछ सालों से चल रहा था। जिसको मुझे देखा नहीं गया और मैने देसी कट्टा से अपनी हीं मां के सर में गोली मारकर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार मृतिका उधपुरा गांव निवासी स्व. विजय शंकर शर्मा की पत्नी सबिता कुंवर उम्र 50 वर्ष के रूप में हुई है। घटना के संबंध में अनुमंडल डीएसपी दिलीप कुमार ने दुर्गावती थाने में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया को बताया कि आज सुबह उधपुरा गांव में एक 50 से 55 वर्षीय महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी जिसे पुलिस ने महज कुछ ही घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# अंतिम चरण में सासाराम व काराकाट में होंगे लोकसभा चुनाव

## 7 मई को अधिसूचना एवं 1 जून को होगा मतदान, चुनावी बिगुल बजते ही डीएम ने आदर्श आचार संहिता किया लागू

प्रात : किरण संवाददाता




सासाराम (रोहतास) लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता की घोषणा किए जाने के साथ हीं रोहतास जिले में भी आचार संहिता लागू हो गई। चुनाव आयोग ने 18वीं लोकसभा के गठन हेतु होने वाले आम चुनावों के तारीखों की भी घोषणा कर दी है। जिसको लेकर जिला समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में शनिवार को जिला निवार्ची पदाधिकारी सह जिलाधिकारी नवीन कुमार ने पत्रकारों को संबोधित कर चुनाव संबंधी विस्तृत जानकारी दी। इस संदर्भ में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए डीएम ने बताया कि 18वें लोकसभा के गठन हेतु आम चुनाव की तिथियों की घोषणा हो चुकी है। जिले के सासाराम, काराकाट एवं बक्सर संसदीय क्षेत्र के चुनाव सातवें व अंतिम चरण में होंगे। जिसके नामांकन की अधिसूचना 7 मई को जारी की जाएगी। चुनाव की घोषणा के साथ ही जिले में आचार संहिता लागू हो चुकी है तथा सभी पार्टियों के बैनर व पोस्टरों को 72 घंटों में हर जगह से हटा दिया जाएगा। जिले के सातों विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 2243264 है। जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 1167192, महिला मतदाताओं की संख्या 1076012 एवं ट्रांसजेंडर मतदाताओं की संख्या 60 है। नामांकन की अंतिम तिथि 14 मई निर्धारित की गई है। 15 मई को नामांकन पत्रों की स्कूटनी की जाएगी तथा 17 मई को नाम वापसी की तिथि निर्धारित की गई है। जबकि मतदान 1 जून को होगा। जिसके बाद 4 जून को मतगणना की जाएगी। जिले में सभी विधानसभा को मिलाकर कुल मतदान केंद्र की संख्या 2354 है। जिसमें 494 शहरी क्षेत्रों में तथा 1860 ग्रामीण क्षेत्रों में है। मतदान केंद्रों पर उन्हीं व्यक्तियों को प्रवेश की अनुमति होगी जिनके नाम उस मतदान केंद्र के निर्वाचक सूची में दर्ज है छूटे हुए व्यक्तियों के नाम सतत अधिकरण की प्रक्रिया में नामांकन की अंतिम तिथि के 3:00 बजे तक जोड़े जा सकते हैं। हालांकि मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से महिला एवं युवा वोटरों पर विशेष फोकस किया जा रहा है। जिसके लिए मतदान केंद्रों तक स्वीप कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। जिला स्तर पर शिकायतों के त्वरित निष्पादन हेतु नियंत्रण कक्ष एवं कॉल सेंटर बनाए जाएंगे तथा किसी भी तरह की जानकारी व शिकायत के लिए चुनाव आयोग की तरफ से 1950 टोल फ्री नंबर जारी किया गया है। इधर लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्मार्ट तकनीकों का भी प्रयोग किया जा रहा है। सक्षम ऐप, सी विजिल ऐप, वोटर हेल्पलाइन मोबाइल ऐप एवं इनकोर ऐप लॉन्च किए गए हैं। जिसके माध्यम से मतदान केंद्रों की स्थिति, उपलब्ध सुविधाएं, शिकायत, समाधान सहित नाम पंजीकरण एवं विलोपन का कार्य भी आसानी से कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं जैसे पेयजल, शौचालय, बिजली, रैंप इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। मतदान का कार्य ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के द्वारा किया जाएगा। डीएम ने कहा कि चुनाव में गड़बड़ी फैलाने वालों को चिन्हित करने का काम पुलिस द्वारा किया जा रहा है तथा उनके विरुद्ध 107 के तहत कार्रवाई हो रही है। भयमुक्त माहौल में निष्पक्ष चुनाव करने के लिए प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। आचार संहिता के उल्लंघन करने वालों पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जाएगी। वहीं चुनाव में मतदान कर्मियों एवं पदाधिकारियों की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर डीडीसी विजय कुमार पांडे, एडीएम चंद्रशेखर प्रसाद सिंह, डीपीआरओ धर्मवीर सिंह, उप निर्वाचन अधिकारी पुष्कर कुमार आदि मौजूद रहे।

## जिलास्तरीय लाभार्थी संपर्क अभियान को लेकर महिला मोर्चा की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



सासाराम (रोहतास) मोदी सरकार की योजनाओं को लाभार्थियों द्वारा घर-घर जाकर कर रहें जनसंपर्क। जिस अभियान में तेजी को लेकर सासाराम में जिला कोर कमेटी की बैठक जिलाध्यक्ष आरती गुप्ता के नेतृत्व में की गई। जिलाध्यक्ष आरती गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार लोगो के हक की गारंटी देता है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुक्त राशन दिया जा रहा है। जो 4 करोड़ से अधिक गरीब को पाक का मकान दिया गया है, प्रधानमंत्री कृषि सम्मान योजना के तहत 11.8 करोड़ किसान लोगों को 2.8 लाख करोड़ से अधिक राशि की मदद की जा रही है अन्य कई योजनाएं सरकार द्वारा दी जा रही है। इस योजना को सफल बनाने के लिए प्रत्येक मंडल में काम किया जाएगा ताकि मोदी की गारंटी देने के लिए घर-घर जाकर लोगों बताई जायेगी। मौके पर महामंत्री सरिता सिंह, महामंत्री इंदु देवी, उपाध्यक्ष बीना देवी, पूनम सिंह, मंत्री मंजू देवी, लालसा देवी,ममता देवी, कार्य समिति सदस्य अनीता देवी, अनीता ओझा, सुषमा कुमारी अन्य पदाधिकारी उपस्थित थें।

## वाहन से जख्मी अज्ञात वृद्ध व्यक्ति की मौत, चालक फरार

काराकाट (रोहतास) नेशनल हाईवे 120 बिक्रमगंज-डिहरी मुख्य मार्ग पर काराकाट के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक अज्ञात वृद्ध व्यक्ति जख्मी होकर सड़क पर गिर पड़े। सूत्रों के अनुसार घटना को अंजाम देकर चालक वाहन को लेकर भागने में सफल रहा। घटनास्थल के आसपास मौजूद लोगों ने जख्मी अज्ञात वृद्ध व्यक्ति को सीएचसी गोड़ारी पहुंचाया। जहां पर अस्पताल के चिकित्सकों ने जख्मी अज्ञात व्यक्ति का प्राथमिक इलाज किया। चिकित्सक के अनुसार जख्मी अज्ञात व्यक्ति की प्राथमिक इलाज कर नाजुक स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सासाराम रेफर कर दिया गया। जख्मी अज्ञात व्यक्ति को सदर अस्पताल सासाराम ले जाने के क्रम में नोखा के समीप उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी सीएचसी प्रभारी डॉ राजीव कुमार से ली गई तो बताया कि जख्मी हालत में अज्ञात व्यक्ति को स्थानीय थाना की पुलिस के द्वारा अस्पताल लाया गया। जहां अस्पताल में ड्यूटी के दौरान उपस्थित चिकित्सक ने प्राथमिक इलाज किया लेकिन जख्मी व्यक्ति की नाजुक स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर सासाराम भेज दिया गया। अस्पताल जाने के क्रम में व्यक्ति की मौत नोखा के समीप हो गई। जबकि घटना की विस्तृत जानकारी के लिए काराकाट पुलिस से बात की गई तो बताया कि जख्मी हालत में व्यक्ति को स्थानीय लोगों के द्वारा सीएससी पहुंचाया गया।

# एडीएम अनिल बसाक भूमिहीनों का हमदर्द बन दिला रहें उनका हक

प्रात : किरण संवाददाता




बिक्रमगंज (रोहतास) अनुमंडलीय पदाधिकारी अनिल बसाक ने पदभार ग्रहण के बाद महज कुछ दिनों में ही अपने सराहनीय कार्य से असहाय गरीबों का हमदर्द बन गए है। जिनके नाम सुन अब गरीब लोगों के बीच उनके हक मिलने की उम्मीद की नई किरण जग गई है। जिनके सपनों को साकार करते हुए एसडीएम बसाक ने 33 भूमिहीन लाभुकों को रहने का आशियाना के लिए भूमि उपलब्ध कराया है। इस संबंध में उन्होंने बताया कि अनुमंडलीय डीसीएलआर संतोष कुमार सहित अंचलाधिकारी द्वारा अभियान बसेरा-2 कार्यक्रम के तहत अनुमंडल क्षेत्र में कुल 33 लाभुकों को 97 डिसमिल भूमि बिहार सरकार के तत्वधान में बंदोबस्ती पर्चा निर्गत किया गया। जिसमें अनुमंडल क्षेत्र के प्रखंड दावथ, प्रखंड दिनारा सहित प्रखंड नसारीगंज क्षेत्र के सभी 33 भूमिहीन लाभार्थी सूची में शामिल थें। जिनको एसडीएम ने अपने कार्यालय कक्ष में शनिवार को बंदोबस्ती पर्चा सौंपा। ज्ञात हो कि भूमि सुधार नियम के तहत बिहार सरकार ने गांव-गांव में गरीबों के बीच 3 डिसमिल जमीन देकर उन्हें बसाने की कवायद शुरू किया है। जिसके अंतर्गत अब बहुत से परिवार इस योजना से लाभान्वित भी हो रहें है। साथ ही एसडीएम ने बताया कि अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में भूमिहीन गरीबों की सूची तैयार करने के लिए विभागीय पदाधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किया गया है। ताकि इस योजना से वंचित अन्य असहाय परिवार को भी पक्के मकान का आशियाना मिल सकें। दूसरी तरफ अनुमंडल पदाधिकारी निरंतर अनुमंडल क्षेत्र के आमजन की समस्याओं से रूबरू होते हुए विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों से लंबित पड़ी कार्यो पर गहन पूछताछ कर रहें है। जिसके द्वारा जनहित में विभिन्न विकास कार्यो से बिक्रमगंज अनुमंडल संवरने लगा है। मौके पर बंदोबस्ती पर्चा सौंपते हुए सभी लाभार्थियों सहित अन्य लोगों को जागरूक करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार करने उपयोग का एसडीएम ने अपील की।

## संतश्री देवराहा शिवनाथ दास जी महाराज का अवतरण दिवस

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। अंतरराष्ट्रीय महायोगी ब्रम्हलीन श्रीदेवराहा बाबाजी महाराज के परमशिष्य त्रिकालदर्शी संतश्रीदेवराहाशिवनाथदासजी महाराज का अवतरण दिवस श्रद्धालु भक्तों के द्वारा महादेवा के अन्नपूर्णा ट्रेडर्स के ऊपर मनाया गया। श्रद्धालु भक्तों के द्वारा संतश्रीदेवराहाशिवनाथदासजी महाराज का षोडशोपचार विधि से पूजा -अर्चना किया गया। वहीं इस अवसर पर श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए संतश्रीदेवराहाशिवनाथदासजी महाराज ने कहा कि जिस प्रकार ऊपर से स्नान करते-करते भीतर शीतलता आ जाती है ठीक उसी प्रकार हृदय से राम नाम लेते -लेते जीव के कुविचार और दुगुर्णो का नाश हो जाता है।इस स्थिति में जीव सदाचारी हो जाता है और वह सबको अपना मानने लगता है। वह अपने को सबमें और सबमें अपने को देखता है।सिमिटि -सिमिट जल भरहि तलाबा। तिमि सद्गुण सज्जन पहि आवा। संकीर्तन चलता रहता है। संतश्री ने आगे कहा कि जिस जीव के अंदर अहर्निश राम नाम चलता रहता है।वह सांसारिक बंधनों से मुक्त हो जाता है और धीरे धीरे वह शिव के समान हो जाता है। संतश्री ने कहा कि राम नाम महामंत्र है।जिसे भगवान शिव हमेशा जपते रहते।जिसका उपदेश काशी में मुक्ति का कारण है। महामंत्र जोइ जपत महेसू।कासीं मुकुति हेतु उपदेसू। वहीं इसके बाद चना खेवटिया के मंटू ब्यास और धर्मेन्द्र धड़कन गुड़ी के संकीर्तन मंडली ने अपने संकीर्तन के द्वारा भक्तों को मुग्ध कर दिया। वहीं इसके बाद भंडारे में हजारों भक्तों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। वहीं इस कार्यक्रम को सफल बनाने में धर्मेन्द्र सिंह भाजपा नेता, रामनवमी शोभायात्रा समिति के महासचिव श्री शंभु प्रसाद चौरसिया,धीरु सिंह उर्फ कल्लू सिंह, मुक्तिनाथ सिंह मुनमुन जी, वीरु जी, लोजपा रामविलास जिलाध्यक्ष राजेश्वर पासवान,अधिवक्ता सहित समस्त भक्तों का अद्भुत सहयोग रहा।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पखवाड़ा सह बाल मेला का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पखवाड़ा सह बाल मेला का आयोजन आरा प्रखंड के अलीपुर गांव में भोजपुर महिला कला केंद्र के द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पखवाड़ा सह बाल मेला का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम का शुभारंभ भोजपुर महिला कला केंद्र के सचिव सह महामहिम राष्ट्रपति महोदय द्वारा सम्मानित श्रीमती अनीता गुप्ता, ममता शाह, सुप्रिया वर्मा, प्रीति कुमारी, डॉ प्रवीण कुमार द्विवेदी सीनियर साइंटिस्ट केवीके भोजपुर , कल्पना मेहता, कुसुम देवी, गीता देवी, अनामिका पासवान, प्रेमती, हसनपुरा पंचायत के मुखिया वीर बहादुर सिंह हसनपुरा पंचायत के सरपंच विमलेश सिंह के द्वारा सामूहिक रूप से द्वीप प्रज्वलित किया गया। भोजपुर महिला कला केंद्र के सचिव अनिता गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि भोजपुर जिला के आरा और उदवंत नगर प्रखंड के 10 गांवों में दलित एवं महादलित समुदायों के महिलाओं के बीच उनका स्वयं रोजगार को स्थापित एवं उनकी पहचान स्थापित करने का काम कर रहे है। दलित एवं महादलित समुदाय के बच्चे एवं किशोरियों को शिक्षा, स्वास्थ्य और साफ सफाई जैसे गंभीर समस्याओं के निवारण हेतु विभिन्न कार्य किया जा रहा है। महिलाओ को हस्तशिल्प के माध्यम से रोजगार मुहैया करवाया जा रहा है। आज इस बाल मेला में हमलोगों उन बच्चों को अवसर प्रदान करने का कोशिश करते है जिन्हे कभी अवसर नहीं मिल पाता है। हसनापुरा पंचायत के मुखिया वीर बहादुर सिंह ने कहा की बहुत सौभाग्य की बात है आज वंचित बच्चों और किशोरियों के उत्साहित करने के लिए भोजपुर महिला केंद्र संस्था ने इस तरफ का समाजिक उत्थान के लिये कार्य कर रही है। ममता साह ने बताया कि ये बच्चे को किशोरियों जो हमारे भविष्य है। इसलिए इनको शिक्षित होना बहुत ही आवश्यक है। दलित एवं महादलित समुदाय हसनपुरा, पिपरहियां, जमीरा, करवां गाँव हस्तशिल्प एवं खाद्य प्रसंस्करण का व्यवसाय अपनी आर्थिक स्थिती में सुधार लाकर स्वावलंबन बान रही है वैसी महिला गीता देवी पिपरहियां, रूबी देवी जमीरा, निकहत प्रवीण, आरा, कुसुम देवी हसनपुरा, आदि को सम्मानित किया गया साथ ही साथ नन्हे बचपन के बच्चों के द्वारा बाल मेला का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। नन्हे बाचपन विधालय एवं शक्ति वर्धनी समूह की किशोरियों के द्वारा हस्तशिल्प के सामानों की प्रदर्शनी लगायी जिसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया भोजपुरी महिला कला केंद्र के कार्यकारिणी निदेशक संतोष कुमार के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में परियोजना प्रबंधक रंजीत कुमार, रणवीर कुमार, राजेश कुमार, पुनम दूबे, गीता देवी, पुनम कुमारी, रूपा कुमारी अतुल कुमार, सोनु कुमार, सारिता कुमारी, पुष्पा कुमारी, शिवानी कुमारी एवं छोटक कुमार का योगदान रहा है।

# ओलंपियाड में रंगारंग कार्यक्रम किया गया प्रस्तुत

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। जूनियर 30 प्ले स्कूल आरा एक विशिष्ट स्कूल है, जहाँ 17 मार्च को सत्र की समाप्ति एवं ओलंपियाड में बेजोड़ प्रदर्शन के उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जो अत्यंत ही सराहनीय एवं मनमोहक था। श्रोता गण कार्यक्रम की प्रस्तुति देख दंग रह गए। सभी ने जमकर प्रशंसा की। बच्चों के साथ माता एवं बहनों ने भी अपनी कला का प्रदर्शन किया, जिसने कार्यक्रम को अविस्मरणीय बना दिया कार्यक्रम नाट्य, संगीत, भाषण एवं स्किट्स का मनोहर मिश्रण था। दर्शकों ने बच्चों का तालियों की गड़गड़ाहट से उत्साहवर्धन किया।

माता-पिता अपने बच्चों के प्रदर्शन से झूम उठे। बच्चों को अगले वर्ग में प्रोन्नत किया गया और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। उसके बाद बच्चों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ट्राफी एवं मैडल प्रदान किया गया।

श्रीजा कश्यप को स्टूडेंट ऑफ द ईयर, अवनी मिश्रा को ऑलराउंडर एवं स्टडी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मानस एवं कृषिव को ट्रॉफी दी गई। रौशनी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। रॉकी, देवांश, भव्या, शिव्या, प्रांश, प्रियल और अनिकेत को अचीवमेंट अवार्ड दिया गया। रुद्र और देवांश को अनुशाशन के लिए मेडल दिया गया। मानस को शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए पुरस्कृत किया गया 1

जूनियर 30 के बच्चों ने पूरी दुनिया में अपना परचम लहराया है। पूरी दुनिया में ओलिंपियाड में अवनी मिश्रा की अंग्रेजी में 129, साइंस में 193 और मैथ में 259, अकुल की साइबर में 203, जीके में 344, शिवांश की मैथ में 913, रेयॉन्स की फोनिक्स में 454, वासु की अंग्रेजी में 870, मैथ में 1433, साइंस में 1218, मानस की अंग्रेजी में 881, हिंदी में 217, मैथ में १७२३ देवांश की मैथ में 463, श्रीजा की इंग्लिश में 468, मैथ में 1484 रैंक रही। इस प्रकार ओलिंपियाड में यहाँ के बच्चों का प्रदर्शन बेमिसाल रहा।

अपने उद्घाटन भाषण में सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया गया एवं बच्चों के साथ साथ माता-पिता को भी प्रोत्साहित किया गया।

समापन भाषण में बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। मंच का सञ्चालन डॉ. स्मृति अनुपम ने किया, सहयोग श्रीमती गुंजन जैन टइअ ने किया। डॉ. दिव्या वाईस प्राचार्य ने कार्यक्रम का निर्देशन एवं सञ्चालन किया। चीफ गेस्ट मिस्टर सौरभ गुप्ता लखनऊ द्वारा ट्रॉफी एवं मैडल प्रदान किये गए। सभी आगंतुकों को फलों का गमला भेंट किया गया।

## कनेक्शन कटने के बाद बिजली चोरी में आठ पर लगा जुर्माना

प्रात : किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) बिजली चोरी व बिल बकाया के खिलाफ सहायक अभियंता राज कुमार पुनः एक बार एक्शन मूड बना लिया है। जो बिलिंग गुणवत्ता एवं बकायेदार उपभोक्ताओं की जांच को लेकर एक जांच दल टीम गठन किया है। जिसके तहत अभियान चला अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी में कनीय विद्युत अभियंता,दिनारा नवदीप गोयल ने प्राथमिकी दर्ज कराया है। साथ ही बकायेदार उपभोक्ताओं का विद्युत विपत्र की राशि बकाया रहने के कारण विभाग के निर्देश पर उपभोक्ता के विद्युत कनेक्शन काटा जा रहा है। लेकिन कुछ उपभोक्ताओं द्वारा बिना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा किये अवैध रूप से तार जोड़कर विद्युत ऊर्जा की चोरी करने में संलिप्त थे। जिसको लेकर ग्राम-बागाढ़ एवं धरकन्धा के उपभोक्ताओं का बकाया पर विद्युत कनेक्शन कटने के पश्चात अवैध रूप से तार जोड़कर जलाने को लेकर कमल सिंह पर 34470 रुपए, बीरेंद्र सिंह 54912, सुरेंद्र सिंह 32278, राजेन्द्र सिंह 32464, ब्रजेश कुमार पर 40761 रुपये राजस्व की क्षति लगाई गई है। इस संबंध में कनीय अभियंता ने बताया कि बिना कोई विद्युत कनेक्शन लिए, अवैध रूप से बिजली चोरी को लेकर ग्राम धरकन्धा के ओम प्रकाश सिंह पर 14132, अनिल कुमार सिंह पर 23776, गोपाल पांडेय पर 15936 दंडित राशि लगाई गई है। जिन व्यक्तियों के परिसर में मीटर भी नहीं लगा था एवं बिजली संबंधित कागजात की मांग करने पर कोई कागजात भी नहीं दिखाई गई। जबकि सहायक विद्युत अभियंता राज कुमार ने उपभोक्ताओं से आग्रह किया कि जिनका बकाया पर लाइन कटा हुआ है वो अपना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा करने के पश्चात ही विद्युत ऊर्जा का उपभोग करें एवं अनावश्यक होने वाली परेशानियों से बचें। जो उपभोक्ता मीटर बाईपास कर विद्युत ऊर्जा की चोरी कर रहे हैं वह दुरुस्त कर लें तथा जो व्यक्ति बिजली का कनेक्शन नहीं लिए हैं वह कनेक्शन ले लें अन्यथा पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी अभियुक्तों के खिलाफ विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

# कुल्हड़िया टोल प्लाजा के पास से स्कार्पियो में लदी 32 कार्टून शराब जब्त

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। उत्पाद विभाग की टीम ने शराब बरामदगी में फिर एक सफलता हासिल की है। दिलचस्प यह है कि यह कार्रवाई भी सकड्डी टोल प्लाजा पर हुई है। दो दिनों में यह दूसरी कार्रवाई उत्पाद विभाग के द्वारा की गई है। जिले के पटना-बक्सर फोरलेन पर कोईलवर थाना क्षेत्र के कुल्हड़िया टोल प्लाजा से उत्पाद विभाग की टीम ने स्कार्पियो से शराब लेकर जा रहे दो शराब तस्करों को शराब के साथ पकड़ा है।

टीम ने यह कार्रवाई रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर कुल्हड़िया स्थित टोल प्लाजा से की है। मिली जानकारी के अनुसार उत्पाद विभाग को सूचना मिली थी कि एक स्कार्पियो पर भारी मात्रा में शराब ले जाया जा रहा है।

जिसके बाद कुल्हड़िया स्थित टोल प्लाजा पर दबिश बनाई गई। इसी क्रम में जैसे ही स्कार्पियो टोल पर पहुँची पहले से टोल प्लाजा पर मौजूद उत्पाद विभाग की टीम ने स्कार्पियो को रुकवाकर जब जांच की गई तो उसमें में शराब मिला। जिसके बाद पुलिस ने गाड़ी को जब्त कर लिया। पकड़े गए तस्करों की पहचान वैशाली जिले के देशरी थाना क्षेत्र महनार के धनिक राय के पुत्र धीरज कुंअर और गोपालगंज जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र के सवारेजी निवासी रामजी प्रसाद के पुत्र संजीत कुमार के रूप में की गई है। पकड़े गए स्कार्पियो से उत्पाद विभाग की टीम को 32 कार्टून में 278.280 लीटर विदेशी शराब मिली है। जिसके बाद टीम ने वाहन को जब्त कर दोनों तस्करों को जेल भेज दिया है।


# द डीएससी स्कूल के एक्सीलेंट इलेवेन में 1024 छात्र हुए शामिल

प्रात : किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) स्थानीय शहर के द डिवाइन पब्लिक स्कूल, धावां में लगातार छठवे साल एक्सीलेंट इलेवन परीक्षा का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि एक्सीलेंट इलेवन द डिवाइन पब्लिक स्कूल की एक कल्याणकारी योजना है जिसका उद्देश्य ग्रामीण परिवेश की मेधावी प्रतिभाओं का उन्नयन है जो आर्थिक तंगी के कारण अपनी शिक्षा पूरी नहीं कर पाते। यह एक प्रतियोगिता परीक्षा है जिसमें वर्ग पांचवी में पढ़नेवाले छात्र भाग लेते हैं।

इस परीक्षा में हिंदी, इंग्लिश, साइंस, मैथ्स, रिजनिंग जैसे विषयों से प्रश्न पूछे जाते हैं। कुल 200 अंकों की परीक्षा में वस्तुनिष्ठ तथा वर्णनात्मक दोनों प्रकार के प्रश्न होते हैं। कुल सम्मिलित परीक्षार्थियों में से ग्यारह सार्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों का चयन किया जाता है। उन चयनित विद्यार्थियों का नामांकन कक्षा 6 में होता है तथा कक्षा दशवीं तक उनको निःशुल्क शिक्षा दी जाती है। इस परीक्षा के द्वारा अब तक दो दर्जन से अधिक छात्र - छात्राएं विद्यालय में निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। प्रारंभिक दो सत्रों सत्र 2016-17 तथा 2017-18 के चयनित विद्यार्थी मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं। वर्ष 2016-17 में इसकी पहली परीक्षा आयोजित की गई थी। पहले वर्ष से ही क्षेत्र में इसकी चर्चा हर जुबान पर आ गई थी। आज स्थिति यह है कि इस परीक्षा में भोजपुर, रोहतास के अलावा बक्सर, भभुआ, औरंगाबाद जिलों से भी विद्यार्थी सम्मिलित हो रहे हैं। प्रदेश की तो बात ही मत पूछिए। अब यह योजना बिहार प्रदेश की सीमा लांघकर दूसरे प्रदेशों में भी अपनी धमक का अहसास करा रही है। बिहार के विभिन्न जिलों से परीक्षार्थियों ने फॉर्म भरा। जिला रोहतास के नौवां से राजरौशनी वर्मा पिता लेनिन वर्मा, जिला भोजपुर के करथ से कैफ अली पिता अब्दुल हुसैन, बक्सर के सोनवर्षा से प्रिया कुमारी पिता शिवजी राम,भभुआ से रौशन चौबे पिता रविशंकर चौबे, जिला बक्सर से शुभम कुमार पिता प्रेमचंद प्रसाद, जिला औरंगाबाद के कटरिया से मयंक कुमार पिता दीपक कुमार, पटना के सैदाबाद से सिद्धि कुमारी पिता चंदन गुप्ता, दीघा घाट पटना से आरव राज पिता अर्जुन कुमार इत्यादि जैसे परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। कुल 1024 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। इस अवसर पर विद्यालय के सह निदेशक ने समस्त परीक्षार्थियों की सफलता की कामना की। उन्होंने बताया कि विद्यालय की यह योजना हर साल नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। यह अभिभावकों का हमारे ऊपर विश्वास का प्रतीक है। अतः सभी शिक्षकों को प्रयास करना है कि यह विश्वास टूटने न पाए। हम विद्यार्थियों के उत्थान के लिए अपना सर्वोत्तम देने को हमेशा तैयार रहें। एक्सीलेंट इलेवन मात्र परीक्षा नहीं है। यह एक पुनीत कार्य है जिसके द्वारा हम समाज के निचले पायदान पर खड़ी प्रतिभा को भी ऊपर उठाने का कार्य कर रहे हैं।इस अवसर पर अभिभावकों में भी काफी उत्साह देखने को मिला।अभिभावकों ने बताया कि अखिलेश कुमार ने इस परीक्षा के द्वारा समाज में क्रांति ला दी है। गरीब से गरीब माता-पिता को भी एक संबल मिला है कि अगर उनके बालक में अद्वितीय प्रतिभा है तो अथार्भाव उसकी पढ़ाई में बाधा नहीं बनेगा।



# बेटे वेदांग की अन्य स्टार किड्स से तुलना पर भड़के आर माधवन

अभिनेता आर माधवन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म शैतान को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म रिलीज हो गई और आर माधवन के किरदार ने दर्शकों की खूब तारीफें भी बटोरी हैं, अभिनेता के लुक ने दर्शकों को पूरी तरह से आश्चर्यचकित कर दिया। आर माधवन के खौफनाक अवतार की दर्शक जमकर तारीफ कर रहे हैं और फिल्म को देखने के लिए उनका उत्साह सातवें आसमान पर पहुंच गया है। अब हाल ही में, आर माधवन ने नेपोटिज्म पर अपनी राय साझा की है। आइए जानते हैं कि अभिनेता ने क्या कहा है। आर माधवन ने हाल ही में खुलासा किया कि अपने बेटे वेदांत को वह सबसे अलग मानते हैं और भाई-भतीजावाद की बहस के बीच फिल्म इंडस्ट्री में बाकी स्टार किड्स से उनकी तुलना पर वह और उनकी पत्नी काफी निराश भी हैं। अभिनेता का मानना है कि वेदांत अपनी काबिलियत से अपनी पहचान बनाने में विश्वास रखते हैं। उन्होंने कहा कि वह सोशल मीडिया पर चल रहे मीम्स और पोस्ट को देखते हैं। हालांकि, वह ऐसे मीम्स का समर्थन नहीं करते हैं। बता दें कि माधवन के बेटे वेदांत एक तैराक हैं, जिन्होंने दुनिया भर में कई मेडल जीते हैं। उन्होंने 48वीं जूनियर नेशनल एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में 4 स्वर्ण पदक और 3 रजत पदक जीते। पिछले साल मलेशियाई ओपन में उन्होंने भारत के लिए 5 गोल्ड मेडल जीते थे। आर माधवन ने कहा, सरिता और मैं इससे बहुत खुश नहीं हैं। एक बच्चे की तुलना दूसरे बच्चे से करने पर हमें अफसोस है। देखिए मीम्स हंसने और आनंद लेने के लिए होते है। हालांकि, मैं इनका बिल्कुल भी समर्थन नहीं करता हूं। मुझे लगता है कि यह मीम्स कई बार बहुत लोगों को काफी नुकसान पहुंचाते हैं। एक सेलिब्रिटी का बच्चा होना आसान नहीं है। वह अपने ज्यादातर दोस्तों की तुलना में बहुत अच्छा कर रहे हैं। आर माधवन के वर्कफ्रंट की बात करें, तो अभिनेता के पास इस साल चार फिल्में पाइपलाइन में हैं। आर माधवन फिल्म शैतान के अलावा फिल्म टेस्ट में काम करेंगे। इस फिल्म में उनके साथ साउथ अभिनेत्री नयनतारा नजर आएंगी।



## मल्टी टैलेंटेड है ये अभिनेत्रियां

# एक्टिंग ही नहीं बिजनेस में भी है माहिर

बॉलीवुड की अभिनेत्रियां सिर्फ एक्टिंग में ही नहीं, बल्कि बिजनेस में भी हाथ जमा चुकी है हर क्षेत्र में एक्ट्रेस का जवाब नहीं है। कई बार मौका मिलने पर इन्होंने अपना ब्रांड लॉन्च किया है तो कहीं अपना स्टार्टअप शुरू किया है। इस कड़ी में आलिया भट्ट से लेकर दीपिका पादुकोण जैसी हीरोइनों के नाम शामिल है। उन्होंने एक्टिंग की दुनिया से अलग बिजनेस में भी नाम कमाया है सबसे बड़ी बात तो यह है कि इनका हुनर सिर्फ प्रोडक्शन हाउस खोलने तक में ही नहीं बल्कि इसे हटकर कई ब्रांड में इन्वेस्ट करना भी है।

### सारा अली खान


सारा अली खान की बात करें तो एक्टिंग की दुनिया में एक्ट्रेस का जवाब नहीं है सुपरहिट फिल्मों के जरिए सारा अली खान ने फिल्मों की दुनिया में अपनी पहचान बना ली है और इसमें वह कामयाब भी रही है। इसके अलावा बिजनेस की बात की जाए, तो सारा अली खान अपनी सूझबूझ और समझदारी मेहनत के बल पर बिजनेस में भी खुद को साबित कर चुकी है। सारा अली खान ने कपड़ों के एक स्टार्टअप में निवेश किया है इसके अलावा लाइफस्टाइल ब्रांड में उन्होंने पैसा लगाया है।

### आलिया भट्ट

बॉलीवुड की खूबसूरत अभिनेत्री आलिया भट्ट हिंदी सिनेमा में कमाल दिखाती है। वही, इन्होंने अपने हुनर की पहचान बिजनेस में भी दी है। बॉलीवुड की टॉप हसीनो में शुमार आलिया भट्ट ने खुद का क्लॉथिंग लाइन लॉन्च किया है जिसका नाम एड ए मामा है। यहां पर 2 से 12 साल के बच्चों के कपड़ों का ब्रांड मिल जाता है। इसके अलावा आलिया भट्ट ने बिजनेस में काफी रुचि दिखाई है यह वजह है कि उन्होंने एक्टिंग में पांव जमाने के बाद आप बिजनेस में भी कमाल कर दिया है।

### दीपिका पादुकोण

दीपिका पादुकोण बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत और हुनर वाली अभिनेत्री है। दीपिका पादुकोण एक्टिंग के साथ-साथ बिजनेस में भी बेहतरीन काम करती हैं। उनके कपड़ों का लेबल और ब्रांड में काफी नाम कमाया है। उनके ब्रांड का नाम लीव, लव, लाइफ है इसके अलावा दीपिका ने अपना स्टार्टअप भी शुरू किया है।




# विजय देवरकोंडा-मृणाल ठाकुर की फैमिली स्टार की शूटिंग पूरी


साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म फैमिली स्टार को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म में उनके साथ अभिनेत्री मृणाल ठाकुर नजर आएंगी। यह फिल्म इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। परशुराम पेटला द्वारा निर्देशित इस फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। इसके साथ ही फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन पर काम चल रहा है, जो अब पूरा होने की कगार पर है। विजय देवरकोंडा ने पोस्ट साझा करते हुए फैंस को फिल्म का फिल्मांकन पूरा होने की खुशखबरी दी। अब यह फिल्म अपनी रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार है। फिल्म की रिलीज को एक महीने से भी कम समय बचा है, ऐसे में फिल्म को लेकर प्रचार तेज हो गया है। हाल ही में फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म के टीजर के साथ-साथ इसका दूसरा सिंगल साझा किया था। वहीं अब, विजय देवरकोंडा ने सोशल मीडिया पर एक मनमोहक वीडियो साझा करते हुए घोषणा की है कि फिल्म ने अपना फिल्मांकन पूरा कर लिया है। वीडियो में तीन पैनल दिखाए गए, जिनमें बीच में परशुराम पेटला, मृणाल ठाकुर और कुशी अभिनेता खड़े थे, और अन्य दो उन्हें गले लगा रहे थे। अभिनेता ने यह भी बताया कि फिल्म पांच अप्रैल को सिल्वर स्क्रीन पर रिलीज होगी। वीडियो के साथ कैप्शन में विजय ने लिखा, और यह फिल्म का अंत है। आप सभी से पांच अप्रैल को सिनेमाघरों में मिलेंगे। हम सभी बेहद उत्साहित हैं। इसके अलावा अब फिल्म का निर्माण पूरा होने के साथ, यह अनुमान लगाया जा रहा है कि फिल्म का ट्रेलर भी निर्माताओं मार्च के अंत तक जारी कर देंगे।



# क्रू पुरुषों की आलोचना वाली नहीं, कॉमेडी फिल्म है

**फिल्म क्रू रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार है। फिल्म में करीना कपूर खान, तब्बू और कृति सैनन मुख्य भूमिकाओं में नजर आने वाली हैं। अभिनेत्री कृति ने फिल्म को लेकर बात की।**

उन्होंने कहा कि फिल्म किसी मुद्दे या पुरुषों की आलोचना नहीं करती, बल्कि दर्शक देखेंगे कि महिलाएं बहुत अच्छी कॉमेडी कर सकती हैं। फिल्म क्रू का ट्रेलर शनिवार को लॉन्च किया गया। ट्रेलर में कॉमेडी की झलक देखने को मिलती है, जिसे दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। तीनों एयर होस्टेस (करीना, तब्बू और कृति सैनन) एक डकैती को अंजाम देने के लिए रोमांचक यात्रा पर निकलती हैं। ट्रेलर लॉन्च के दौरान कृति ने कहा कि मुझे लगता है कि हमें ज्यादातर पुरुषों के साथ काम करने का मौका मिलता है। वास्तव में महिलाओं के साथ काम करना बहुत ताजगी भरा एहसास था। तब्बू और करीना कपूर के साथ काम करने का बहुत ही शानदार एक्सपीरियंस रहा है। कृति सैनन ने आगे कहा कि मुझे लगता है, जब भी महिलाओं या लड़कियों वाली कोई फिल्म रिलीज होती है, तो हर कोई सोचता है कि यह बहुत गंभीर है या कोई मुद्दा होगा या पुरुषों की आलोचना होगी, वगैरह-वगैरह। इसलिए, इसमें ऐसा कुछ भी नहीं है। आप देख सकते हैं कि महिलाएं बहुत अच्छी कॉमेडी कर सकती हैं। मैं सचमुच उम्मीद करती हूं कि आप सभी को यह पसंद आएगी। फिल्म में दिलजीत दोसांझ और कपिल शर्मा की भी विशेष भूमिका है। बालाजी टेलीफिल्म्स और अनिल कपूर फिल्म एंड कम्युनिकेशंस नेटवर्क द्वारा समर्थित, क्रू का निर्देशन राजेश ए. कृष्णन ने किया है। यह फिल्म 29 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



# मडगांव एक्सप्रेस में हुई पुलकित सम्राट और वरुण शर्मा की एंट्री?

एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर द्वारा निर्मित आगामी फिल्म मडगांव एक्सप्रेस को लेकर फैंस का उत्साह चरम पर है। इस फिल्म के साथ कुणाल खेमू निर्देशन की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। यह फिल्म अपनी कॉमेडी के लिए चर्चा पैदा कर रही है क्योंकि इसमें दिव्येंदु शर्मा, प्रतीक गांधी और अविनाश तिवारी जैसे कलाकार एक साथ आ रहे हैं। अब इसकी स्टारकास्ट से जुड़े एक नए अपडेट ने इसे वापस से सुर्खियों में ला दिया है। रिपोर्ट्स की मानें तो मडगांव एक्सप्रेस में लोकप्रिय कॉमेडी फेंचाइजी फुकरे के सदस्यों के भी कैमियो होंगे। जानकारी के अनुसार, फिल्म में कुछ दिलचस्प विशेष भूमिकाएं भी हैं। एक मीडिया रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से कहा गया है, एक्सेल एंटरटेनमेंट के निर्माता दर्शकों के लिए कुछ बड़ी योजना बना रहे हैं। यह अनुमान लगाया जा रहा है कि लोगों का मनोरंजन का भरपूर डोज देने के लिए इसमें फुकरे फेंचाइजी के मुख्य कलाकारों पुलकित सम्राट और वरुण शर्मा का दिलचस्प कैमियो हो सकता है। मडगांव एक्सप्रेस में दिव्येंदु शर्मा, प्रतीक गांधी और अविनाश तिवारी के साथ नोरा फतेही, उपेंद्र लिमये और छाया कदम जैसे सितारे मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म लोगों को मनोरंजन का भरपूर डोज देने का वादा करती है। यह दर्शकों को कॉमेडी, पागलपन भरे रोमांच और शुद्ध मनोरंजन के मिश्रण से भरी एक आनंदमय यात्रा पर ले जाएगी। मडगांव एक्सप्रेस 22 मार्च को दस्तक देगी।



# विराट कोहली की बायोपिक करना चाहते हैं ऑपरेशन वैलेंटाइन एक्टर परेश पाहुजा

परेश पाहुजा एक एक्टर हैं, जिन्हें टाइगर ज़िंदा है, तांडव, कड़क सिंह और ऑपरेशन वेलेंटाइन जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। 21 अप्रैल को अहमदाबाद में जन्मे एक्टर ने फिल्म और ओटीटी दोनों में काम किया है और तारीफें हासिल की हैं। एक्टिंग के अलावा, परेश पाहुजा एक सिंगर और म्यूजिशियन भी हैं, जो हर तरह के म्यूजिक में हाथ आजमा रहे हैं। उनकी आने वाली सीरीज अमेज़ॅन प्राइम की बंदिश बैंडिट्स हैं।

**आप ऑपरेशन वैलेंटाइन में हाल ही में नजर आए, बताएं कि आपकी शुरुआत कहां से हुई?**

मैं अहमदाबाद में पैदा हुआ हूं। मेरी पहली फिल्म टाइगर जिंदा है थी। उसके बाद मैंने कई सारी फिल्मों में काम किया है। एक्टिंग के साथ मुझे म्यूजिक में भी शौक है। मैंने कई सारे गाने गाए हैं।

**ऑपरेशन वैलेंटाइन के बारे में कुछ बताइए, शूटिंग के दौरान का अनुभव कैसा रहा?**

फिल्म बालाकोट सर्जिकल स्ट्राइक के बारे में है और इसमें मैंने पायलट का रोल प्ले किया है। शूटिंग के दौरान काफी कुछ देखा और अलग महसूस किया। मानुषी एयर कंट्रोलर हैं। फिल्म इस बारे में नहीं है कि देश के लिए जान देना है, इसमें ऐसा है कि अगर आपको देश से प्यार है तो आपको इसे प्रोटेक्ट करना है न कि इसके लिए जान देना है।

**आपने मानुषी छिल्लर के साथ काम किया है, उनके बारे में बताएं कि वो कैसी हैं, आप लोग कैसे वक्त बिताते थे**

मानुषी छिल्लर बहुत ही प्यारी लड़की है। बहुत प्यारी एनर्जी है उनकी। वो कभी भी अपना काम करके वैन में नहीं भाग जाती थी। वो सेट पर ही बैठी रहती थी। बहुत ही मिल-जुलकर रहने वाली लड़की है। ऐसा लग रहा था कि हम पहले से जानते हैं एक-दूसरे को।

**आपने टाइगर जिंदा है में सलमान खान के साथ भी काम किया है, उनके बारे में कोई खास चीज!**

वो बहुत ही अच्छे हैं। दिखता है कि वो स्टार हैं। साथ ही, वो सबका ध्यान भी रखते हैं। एक बार हम सब उनके यहां लंच करने के लिए गए। मैंने तो खाना खा लिया था फिर भी गया कि भाईजान को कौन मना करे और मैं शाकाहारी हूं, तो उन्होंने मेरे लिए अलग से वेजिटेरियन खाना बनवा रखा था। वो इतनी केयर करते हैं सबकी। वो सबको परिवार की तरह रखते हैं। सलमान खान को लोगों का स्वागत करना बहुत पसंद है।

**आगे क्या आने वाला है, ओटीटी और फिल्मों में, कहां दिखाई देंगे?**

ये तो वही बात हो गई कि लोग पूछते हैं कि शादी कब करोगे। लेकिन मेरी अगली सीरीज आने वाली है बंदिश बैंडिट्स। इसका दूसरा सीजन जल्द ही आने वाला है। जिसने भी सीजन 1 देखा है उसे सीजन 2 काफी अच्छा लगेगा। इसके बाद मेरी फिल्म ब्राउन आने वाली है, जिसमें करिश्मा कपूर हैं।

**एक्टिंग के अलावा म्यूजिक में भी हाथ आजमाया है, शुरू से आपको यही करना था या कुछ और प्लान था?**

एक्टिंग तो कहीं से भी नहीं करनी थी मुझ। मैं जिस परिवार से आता हूं, वहां पर तो ऐसा है कि पढ़ाई करके नौकरी करनी है। लेकिन मैं कॉलेज की एक्टिविटीज में बहुत एक्टिव था, इसलिए कहीं न कहीं ऐसा मौका मिला। युथ फेस्टिवल में मैं गाता था। मैं पूरा दिन कॉलेज में ही रहता था और कई सारी चीजें करता था। मैं फिर मुंबई आया, मास मीडिया की पढ़ाई की और फिर जब मैं अंधेरी में रह रहा था तो मेरी फ्लैटमेट ने मुझे एक ऐड का ऑफर दिया। उसका ऑडिशन देने के बाद वो मुझे मिल गया और फिर वहां से शुरू हुई जर्नी।

**आपको इंडस्ट्री में 10 साल हो चुके हैं। इतने सालों में कोई बुरा एक्सपीरियंस रहा है या नहीं?**

दरअसल, ऐसा कुछ नहीं हुआ है। मुझे लोग कहते थे कि फिल्म इंडस्ट्री में ऐसा होता है लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं है। मेरे साथ ऐसा कुछ नहीं हुआ। मैं बहुत लकी रहा हूं। चीजें आपके ऊपर भी डिपेंड करती हैं और आज के वक्त में ऐसा कुछ होना भी मुश्किल है।

**आपका कोई ड्रीम रोल है, जिसे आप करना चाहेंगे?**

मैं विराट कोहली की बायोपिक करना चाहता हूं। क्योंकि वो मुझे बहुत पसंद हैं। साथ ही, मुझे क्रिकेट बहुत पसंद है। मेरा पहला सबसे बड़ा सपना क्रिकेटर बनना ही था। उसके बाद एक म्यूजिकल फिल्म जैसे रॉकस्टार थी। उसमें कोई इंटेंस लव स्टोरी हो और बहुत सारा म्यूजिक हो।

**ऐसी कौन सी एक्ट्रेस है, जिनके साथ आप काम करना चाहते हैं**

मुझे आलिया भट्ट बहुत पसंद है। मैं उनके साथ जरूर काम करना चाहता हूं। वो हर तरह के कैरेक्टर कर सकती हैं। वो बेहतरीन हैं।



टी-20 वर्ल्ड कप 2024

# विराट को किसी भी कीमत पर टी-20 टीम में चाहते हैं रोहित शर्मा

## वर्ल्ड चैंपियन खिलाड़ी कीर्ति आजाद ने किया बड़ा दावा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विराट कोहली को टी20 वर्ल्ड कप टीम में ना लिए जाने की खबर तेजी से फैली, ये खबर सबसे पहले अखबार 'टेलीग्राफ' में छपी थी। लेकिन पूर्व भारतीय क्रिकेटर कीर्ति आजाद ने इस खबर को गलत बताया है। 1983 वर्ल्ड कप जीतने वाले खिलाड़ी का कहना है कि टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने बीसीसीआई सेक्रेटरी जय शाह को बताया है कि टीम को 'हर हाल में' कोहली की जरूरत है।

### जून में खेला जाएगा टी20 वर्ल्ड कप

विराट कोहली को ना लेने की खबर इसलिए आई क्योंकि सूत्रों के मुताबिक, बीसीसीआई सिलेक्टर्स को लगता है कि कोहली टी20 फॉर्मेट में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं।आईपीएल खत्म होने के बाद ही जून 2 से 29 तक अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी20 वर्ल्ड कप होगा। 2013 चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद से भारत कोई भी आईसीसी टूर्नामेंट नहीं जीत पाया है। विराट कोहली करीब दो महीने से क्रिकेट के मैदान से दूर हैं। बेटे की जन्म की वजह से वह लंदन में थे। आईपीएल शुरू होने से पहले विराट कोहली भारत लौट चुके हैं।

### कीर्ति आजाद ने क्या लिखा

कोहली को वर्ल्ड कप टीम में ना लिए जाने की खबरों को गलत बताते हुए कीर्ति आजाद ने सोशल मीडिया पर लिखा कि बिना किसी का नाम लिए उन्होंने कहा कि मूर्खों को सिलेक्शन प्रक्रिया में नहीं घुसना चाहिए।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा– जय शाह चयनकर्ता नहीं हैं, उन्हें अजीत अगरकर को जिम्मेदारी क्यों देनी चाहिए कि वे अन्य चयनकर्ताओं से बात करें और उन्हें समझाएं कि विराट कोहली को टी20 टीम में जगह नहीं मिल रही है। इसके लिए 15 मार्च तक का समय दिया गया था। सूत्रों की मानें तो अजीत अगरकर न तो खुद को और न ही दूसरे चयनकर्ताओं को मना पाए। जय शाह ने रोहित शर्मा से भी पूछा लेकिन रोहित ने कहा कि हमें किसी भी कीमत पर विराट कोहली चाहिए। विराट कोहली टी20 वर्ल्ड कप खेलेंगे और इसकी आधिकारिक घोषणा टीम चयन से पहले की जाएगी। मूर्खों को चयन प्रक्रिया में स्वयं को शामिल नहीं करना चाहिए।

# अमेलिया और सोफी इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती टी-20 मैच नहीं खेलेंगी न्यूजीलैंड क्रिकेट

**वेलिंग्टन (एजेंसी)।** अमेलिया केर और सोफी डिवाइन इंग्लैंड के खिलाफ 19 मार्च से डुनेडिन में शुरु हो रही पांच टी-20 श्रृंखला के शुरुआती मैच में न्यूजीलैंड की महिला का हिस्सा नहीं होंगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने एक बयान में कहा, भारत में चल रहे विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर टीम के लिए खेल रही केर शुरुआती टी-20 मैच में हिस्सा लेने के लिए समय पर न्यूजीलैंड नहीं लौट पाएंगी।



वहीं न्यूजीलैंड की सफेद गेंद की महिला कप्तान सोफी डिवाइन रॉयल चैलेंसर्ज बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए नियमित स्टार्टर रहीं हैं। वह रविवार को विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स से मुकाबला करेंगी। एनजेडसी ने 22 मार्च को नेल्सन में होने वाले दूसरे टी-20 के लिए केर की उपलब्धता की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि डिवाइन रविवार को डब्ल्युपीएल फाइनल के तुरंत बाद भारत छोड़कर अपनी जोड़ीदार के साथ टीम के साथ उपलब्ध रहेंगी।

न्यूजीलैंड ने प्रतिस्थापन के रूप में बल्लेबाज जॉर्जिया प्लिमर को टीम में बुलाया है और क्वीन्सटाउन में इंग्लैंड ए के खिलाफ दूसरे मैच के बाद न्यूजीलैंड ए टीम से एक दूसरे खिलाड़ी का भी चयन किया जाएगा। डिवाइन और केर के अनुपलब्ध होने पर सुजी बेट्स शुरुआती टी-20 मैच में न्यूजीलैंड की टीम का नेतृत्व करेंगी।

न्यूजीलैंड के मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा, 'श्रृंखला की शुरुआत के लिए हमारे साथ केर और सोफी का न होना स्पष्ट रूप से निराशाजनक है। उन्होंने कहा, 'हम जानते हैं कि पिछले कुछ समय से ऐसा हो रहा है इसलिए हमने सभी परिदृश्यों के लिए योजना बनाई है और सकारात्मक बात यह है कि इससे अन्य खिलाड़ियों को इंग्लैंड की मजबूत टीम के खिलाफ खुद को परखने का मौका मिलेगा।

इंग्लैंड के भी चार खिलाड़ी अपनी डब्ल्यूपीएल में खेलने के कारण पांच में से पहले तीन टी-20 के लिए अनुपलब्ध हैं। ऐलिस कैप्सी (दिल्ली कैपिटल्स), सोफी एक्लेस्टोन (यूपी वारियर्स), नेट साइवर-ब्रंट (मुंबई इंडियंस) और डैनी व्याट (वॉरियर्स) केवल चौथे टी-20 से पहले टीम के साथ जुड़ेंगी। वहीं आरसीबी के खेल रही केट क्रॉस को केवल एकदिवसीय श्रृंखला के लिए टीम में चुना गया है। मुंबई इंडियंस टीम का हिस्सा रही इस्सी वोंग को किसी भी टीम में जगह नहीं मिली।

# वॉटसन-सैमी ने पीसीबी को दिया झटका

### पाकिस्तान के कोच बनने का प्रस्ताव ठुकराया



**कराची (एजेंसी)।**ऑस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला शेन वॉटसन और वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान डेरेन सैमी ने पाकिस्तान का मुख्य कोच बनने का प्रस्ताव ठुकरा दिया है जिससे पीसीबी की विदेशी कोच की तलाश अब भी पूरी नहीं हुई। सैमी ने पीसीबी (पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड) को बताया कि वह पहले से ही वेस्टइंडीज बोर्ड के साथ सीमित ओवरों की टीम के मुख्य कोच के रूप में अनुबंधित हैं। वॉटसन इस बात से खफा हो गए कि उनके प्रस्तावित पैकेज के विवरण का खुलासा पाकिस्तान मीडिया और सोशल मीडिया पर हो गया। वह पीसीबी के प्रस्ताव को ठुकराने के बाद शनिवार रात को स्वदेश लौट गए।

इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया कि पीसीबी के वरिष्ठ अधिकारियों ने पीएसएल मैचों के दौरान कराची में वॉटसन के साथ विस्तृत बातचीत की थी और उन्हें मुख्य कोच पद की पेशकश की थी। उन्होंने बताया, 'वॉटसन ने शुरू में दिलचस्पी दिखाई थी और प्रस्ताव स्वीकार करने के लिए कुछ वित्तीय और अन्य शर्ते रखी थीं। बोर्ड ने वॉटसन की वित्तीय मांगों को कमोबेश स्वीकार करने के बाद यह पूर्व खिलाड़ी इस बात से खुश नहीं था कि उसके प्रस्तावित पैकेज का विवरण पाकिस्तान मीडिया और सोशल मीडिया में लीक हो गया। वॉटसन ने इसके बाद विनम्रतापूर्वक इस प्रस्ताव को ठुकराते हुए कहा कि आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) और मेजर क्रिकेट लीग (अमेरिका) में कमेंटेटर के रूप में उनकी पूर्व प्रतिबद्धताएं हैं। इसके साथ ही वह सिडनी में अपने परिवार को अधिक समय देना चाहते हैं। पाकिस्तान की मीडिया के मुताबिक पीसीबी ने वाटसन को दो मिलियन डॉलर (लगभग 16.60 करोड़ भारतीय रुपए) सालाना देने के लिए तैयार हो गया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ 14 अप्रैल से शुरू होने वाली पांच मैचों की घरेलू टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए बोर्ड अब किसी घरेलू कोच को अंतरिम आधार पर नियुक्त करना चाहता है।

## सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज ट्रेविस हेड को आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद



**हैदराबाद (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने उम्मीद जताई है कि आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में वह सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहेंगे। हेड सनराइजर्स की टीम के अभ्यास शिविर से जुड़ गए हैं। ऑस्ट्रेलिया की वनडे विश्व कप की जीत में अहम भूमिका निभाने वाला यह 30 वर्षीय बल्लेबाज 6 साल बाद आईपीएल में खेलेगा। सनराइजर्स हैदराबाद के रविवार को 'एक्स' पर पोस्ट किए गए वीडियो में हेड ने कहा, 'मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं। वापसी करके अच्छा लग रहा है। उम्मीद है कि मेरे लिए यह सत्र अच्छा होगा। टीम अच्छी लग रही है। उम्मीद है कि मैं टीम के लिए अपना योगदान दूंगा। मैं खचाखच भरे स्टेडियम में खेलने को लेकर रोमांचित हूं। सनराइजर्स की कमान इस बार ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस संभाल रहे हैं। सनराइजर्स ने 2016 में ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर की अगुवाई में खिताब जीता था।

## गुलवीर ने 10,000 मीटर दौड़ में 16 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता एथलीट गुलवीर सिंह ने कैलिफोर्निया के सैन जुआन कैपिस्ट्रानो में द टेन प्रतियोगिता में पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में 16 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए अपनी हीट में दूसरा स्थान हासिल किया।



इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने शनिवार को अपनी इस स्पर्धा में 27 मिनट, 41.81 सेकंड का समय लेकर सुरेंद्र सिंह के 2008 में बनाए गए 28 मिनट, 02.89 सेकंड के रिकॉर्ड को तोड़ा। गुलवीर का यह प्रयास हालांकि ओलंपिक के क्वालिफिकेशन के लिए पर्याप्त नहीं था। पेरिस ओलंपिक खेलों का क्वालिफिकेशन समय 27 मिनट है और इस तरह से यह भारतीय एथलीट 41 सेकंड के अंतर से इसे हासिल करने से चूक गया। इस स्पर्धा में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय खिलाड़ी कार्तिक कुमार 28 मिनट, 01.90 सेकंड का समय लेकर नौवें स्थान पर रहे। उनका समय भी सुरेंद्र सिंह के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड से बेहतर है। भारत के एक अन्य एथलीट अविनाश साबले इसी स्पर्धा में अपनी दौड़ पूरी नहीं कर पाए। वह 15वें लैप में 6000 मीटर की दूरी पूरी करने के बाद हट गए थे।

# पिता का अधूरा सपना करेगा अराइजीत सिंह, विराट से लेते हैं प्रेरणा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उनके दादा ने हॉकी खेली, पिता और उनके तीनों भाइयों ने भी हॉकी खेली लेकिन कोई भारतीय टीम में जगह नहीं बना सके और अब इस खानदान में हॉकी खेलने वाले अकेले खिलाड़ी अराइजीत सिंह हुंडल पेरिस ओलंपिक के लिए राष्ट्रीय टीम में जगह बनाकर सबका अधूरा सपना पूरा करना चाहते हैं। अराइजीत ने इंटरव्यू में कहा, 'अगर मैं पेरिस ओलंपिक टीम में जगह बना पाता हूं तो हमारे घर पर त्योहार जैसा माहौल होगा। सबके चेहरे पर ऐसी खुशी होगी जो मैंने भी कभी नहीं देखी होगी। मैं भी वैसी खुशी देखना चाहता हूं और अपनी ओर से जान लड़ा दूंगा।

ओलंपिक तैयारियों के सिलसिले में ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले भुवनेश्वर में चल रहे राष्ट्रीय शिविर में शामिल ड्रैग फ्लिकर और स्ट्राइकर हुंडल ने इस साल दक्षिण अफ्रीका दौरे पर सीनियर टीम में पदार्पण किया। 20 साल के हुंडल ने दिसंबर में कुआलालम्पुर में खेले गए जूनियर विश्व कप में कोरिया के खिलाफ एक हैट्रिक समेत भारत के लिये सर्वाधिक चार गोल किए थे।

उन्होंने कहा, 'पूरे परिवार का सपना है कि मैं ओलंपिक खेलूं। दादाजी हॉकी खेलते थे। पापा के तीन भाई थे और सभी राष्ट्रीय स्तर पर हॉकी खेले हैं। सभी को हॉकी के आधार पर ही नौकरी मिली लेकिन भारतीय टीम में कोई जगह नहीं बना सका। उन्होंने कहा, 'मेरे पापा 1999 में राष्ट्रीय शिविर में थे लेकिन पारिवारिक कारणों से उन्हें बीच में शिविर छोड़कर जाना पड़ा। आखिरी अब मैं ही रह गया हूं क्योंकि मेरे अलावा अब परिवार में कोई नहीं खेलता। लेकिन मुझे यकीन है कि मैं उनके सपने पूरे करूंगा।



एलपीयू से बीए कर रहे अराइजीत ने सीनियर स्तर पर खेलने के बारे में कहा, 'जूनियर से बिल्कुल अलग है सीनियर हॉकी। मैने तीन चार साल जूनियर हॉकी खेली और दो विश्व कप भी खेल चुका हूं। पिछले विश्व कप में मेरे प्रदर्शन को देखकर ही सीनियर टीम में चयन हुआ। उन्होंने कहा, 'मुझे दक्षिण अफ्रीका में पदार्पण का मौका मिला और फिर भारत में एफआईएच प्रो लीग में नीदरलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसी बड़ी टीमों के खिलाफ मौका दिया। यह हमारी खुशकिस्मती है कि हमें सीनियर करियर की शुरूआत में ही ओलंपिक की तैयारी के लिए लगाए गए शिविर में जगह मिली है।

राउरकेला में नीदरलैंड के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में गोल करने वाले हुंडल ने कहा कि उन्होंने दबाव के बारे में सोचे बिना अपना स्वाभाविक खेल दिखाया। हुंडल ने कहा, 'मैदान में काफी दर्शक थे और मैने सोचा नहीं था कि मौका मिलेगा। लेकिन जब मिला तो मैने सोचा कि यही मौका है जब कुछ कर दिखाना है और यह गंवा दिया तो पछतावे के सिवा कुछ नहीं मिलेगा। मुझे सीनियर खिलाड़ियों ने भी समझाया कि दबाव में नहीं आना है और स्वाभाविक खेल दिखाना है।

उन्होंने कहा कि टीम में जूनियर और सीनियर खिलाड़ियों का तालमेल जबर्दस्त है जिससे काफी मदद मिल रही है। उन्होंने कहा, 'बांडिंग बहुत अच्छी है जूनियर और सीनियर खिलाड़ियों की। कोई भी सवाल होते हैं या नर्वस होते हैं तो बेहिचक उनके पास जाकर पूछते हैं। मैदान पर गलती होने पर डांटते भी हैं और अच्छा खेलने पर हौसलाअफजाई भी करते हैं।% टीम में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के बारे में उन्होंने कहा, 'यह अच्छी बात है कि जूनियर खिलाड़ी सीनियर को अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रेरित कर रहे हैं और सीनियर्स को देखकर जूनियर अतिरिक्त प्रयास कर रहे हैं। यह स्वस्थ प्रतिस्पर्धा टीम के लिए जरूरी भी है। अगर हम एक दूसरे को पुश नहीं करेंगे तो टीम का प्रदर्शन ग्राफ ऊपर कैसे जाएगा।

आम तौर पर ड्रैग फ्लिकर डिफेंडर होते हैं लेकिन वह लीक से हटकर स्ट्राइकर होते हुए ड्रैग फ्लिक कैसे करने लगे। यह पूछने पर उन्होंने कहा, 'मैं बचपन से स्ट्राइकर ही रहा हूं लेकिन एक बार ड्रैग मारने का ट्राय किया तो मुझे बहुत मजा आया। इसके बाद ड्रैग फ्लिक पर फोकस किया और धीरे धीरे सीखता गया। उन्होंने कहा, 'हमारे कप्तान हरमनप्रीत मेरे फेवरिट है। उनकी शैली तो कॉपी नहीं करता लेकिन तकनीकी तौर पर बहुत कुछ सीखता हूं उनसे।%

हॉकी के अलावा क्रिकेट के शौकीन हुंडल के पसंदीदा खिलाड़ी विराट कोहली है जिनसे उन्हें काफी कुछ सीखने को मिलता है। उन्होंने कहा, 'मेरे फेवरिट क्रिकेटर विराट कोहली है क्योंकि उनके तेवर, आक्रामकता और आत्मविश्वास प्रेरित करने वाले हैं। उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उनके इंटरव्यू देखता हूं कि मैच में कैसे खेलते हैं और विरोधी खिलाड़ियों को कैसे जवाब देते हैं।

# इस आईपीएल खुलकर खेलें रोहित शर्मा, मुंबई को होगा सीधा फायदा : आरोन फिंच

**नई दिल्ली(एजेंसी)।**आस्ट्रेलिया के पूर्व टी20 कप्तान आरोन फिंच का मानना है कि कप्तानी का बोझ नहीं होने से रोहित शर्मा अब खुलकर बल्लेबाजी करेंगे जिसका 5 बार के आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस को फायदा मिलेगा। रोहित शर्मा की अगुवाई में मुंबई ने 5 खिताब जीते लेकिन अब उनकी जगह हार्दिक पंड्या को कप्तान नियुक्त किया गया है। फिंच ने कहा कि रोहित के लिए अब एकमात्र चुनौती मैदान पर उतरकर पारी का अच्छी तरह से आगाज करना है जैसा कि वह भारत और मुंबई की तरफ से कई वर्षों से कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जब आप टीम की कप्तानी कर रहे होते हो तो आप जहां भी जाते हो टीम के कप्तान होते हो। आप



इसके बारे में बहुत अधिक सोच सकते हो लेकिन अब आप स्वतंत्र होकर खेल सकते हो जिसका उन्हें और मुंबई इंडियंस को फायदा मिलेगा। कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम पिछले सत्र में सातवें स्थान पर रही थी लेकिन फिंच को उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क के जुड़ने से इस बार यह टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी।

उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इस बार केकेआर की टीम पिछली बार की तुलना में अच्छा प्रदर्शन करेगी। जब आपके पास मिशेल स्टार्क जैसा खिलाड़ी हो तो किसी भी टीम के प्रदर्शन में सुधार होता है। वह टीम को शुरू में कुछ महत्वपूर्ण विकेट दिला सकते हैं तथा पावरप्ले में यह किसी भी टीम के लिए महत्वपूर्ण होता है। यही नहीं डेथ ओवरों में भी उसकी गेंदबाजी असाधारण है।

मेरे परिवार पर असर पड़ रहा है

# धनश्री वर्मा ने तोड़ी चुप्पी, प्रतीक उटेकर से रिश्ते पर तोड़ी चुप्पी

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय स्पिनर युजवेंद्र चहल की पत्नी धनश्री वर्मा ने इंस्टाग्राम पर लाइव होकर कोरियोग्राफर प्रतीक उटेकर के साथ रिश्ते पर चुप्पी तोड़ी है। धनश्री ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो संदेश पोस्ट किया, जिसमें कहा कि लोगों की इस सुगबुगाहट के कारण उनके परिवार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। प्रतीक और धनश्री की तस्वीर वायरल होने पर सोशल मीडिया पर खूब कमेंट आए थे। यह तस्वीर डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा के सीजन 11 के बाद फराह खान द्वारा आयोजित पार्टी के दौरान खींची गई थी। इस पार्टी में युजी चहल भी मौजूद थे।



बहरहाल, लाइव आकर धनश्री ने कहा कि अपने इंस्टाग्राम को फिर से शुरू करने से पहले, मुझे लगा कि मुझे कुछ चीजें साझा करने की ज़रूरत है, इसलिए मैं बोलूंगी। मैंने इसे लिखा है। इसे पढ़ा है। आप इसके बारे में कैसा महसूस कर रहे हैं? पहले पूछना और इंसान बनना, फिर कुछ राय सामने रखना इतना आसान है। मैं अपने जीवन में कभी भी ट्रोल या मीम्स से प्रभावित नहीं हुई। लेकिन हालिया ट्रोल को नजरअंदाज करना आसान नहीं है। इस बार इसका मुझ पर असर इसलिए पड़ा है क्योंकि इसका असर मेरे परिवार और करीबियों पर पड़ा है।

धनश्री ने कहा कि मंच से दूर रहना शांतिपूर्ण है। चूंकि आप सभी को सोशल मीडिया पर अपने दिल और चरित्र को व्यक्त करने की आजादी है, इसलिए आप हमारी और हमारे परिवारों की भावनाओं को नजरअंदाज करना भूल जाते हैं। इसके कारण सोशल मीडिया से डिटॉक्स लेने का निर्णय लिया गया और मुझ पर विश्वास करें, यह बहुत शांतिपूर्ण था। लेकिन इससे मुझे यह भी एहसास हुआ कि अगर हम इस माध्यम को इतना नकारात्मक बना देते हैं, तो हम केवल बड़े पैमाने पर नफरत फैला रहे हैं।

27 वर्षीया ने कहा कि अपने पेशे को देखते हुए मैं सोशल मीडिया से ज्यादा समय तक दूर नहीं रह सकतीं, लेकिन उन्होंने कुछ भी अपमानजनक या आहत करने वाला पोस्ट करने से पहले संवेदनशीलता बरतने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया मेरे काम का एक प्रमुख हिस्सा है और मैं इसे छोड़ नहीं सकती। यही कारण है कि मैंने आज साहस जुटाया है और अपना रचनात्मक पक्ष आज यहां रखा है।

हार्दिक पांड्या पर पहली बार बोले आशीष नेहरा

# हमने उसे मनाने की कोशिश नहीं की

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा कहा कि उन्होंने हार्दिक पंड्या को मुंबई इंडियंस में वापसी नहीं करने के लिए कभी मनाने की कोशिश नहीं की लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग में उन्हें इस स्टार ऑलराउंडर के अनुभव की कमी खलेगी। गुजरात टाइटंस ने हार्दिक की अगुवाई में अपने पदार्पण वर्ष में ही आईपीएल का खिताब जीता था जबकि पिछले साल टीम फाइनल में पहुंची थी। हार्दिक हालांकि आगामी सत्र के लिए कप्तान के तौर पर मुंबई इंडियंस से जुड़ गए हैं।

नेहरा ने कहा कि किसी भी खेल में आपको आगे बढ़ना होता है। हार्दिक पंड्या और (चोटिल)



मोहम्मद शमी जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की जगह भरना आसान नहीं होता है। लेकिन इससे सीख मिलती है और इसी तरह से टीम आगे बढ़ती है। उन्होंने कहा कि मैंने हार्दिक को टीम में बने रहने के लिए कभी मनाने की कोशिश नहीं की। आप जितना अधिक खेलते हो उतना आपको अनुभव मिलता है। अगर वह किसी अन्य टीम में जाते तो मैं उन्हें रोकता। वह यहां 2 साल तक खेले, लेकिन वह ऐसी टीम में वापस जा रहे थे जिसके लिए वह 5-6 साल तक खेले थे।

नेहरा से पूछा गया कि वह शुभमन गिल को एक कप्तान के रूप में कैसे देखते हैं तथा वह उस टीम का किस तरह से नेतृत्व करेंगे जिसमें कई सीनियर खिलाड़ी हैं। नेहरा ने कहा कि एक कप्तान के रूप में मैं देखना चाहता हूं कि वह कैसे काम करता है और केवल मैं ही नहीं पूरा भारत यह देखना चाहता है क्योंकि वह इसी तरह का खिलाड़ी है। उन्होंने कहा कि वह तीनों प्रारूप में खेलना और अच्छा प्रदर्शन करना चाहता है, इसलिए एक फ्रेंचाइजी के रूप में हम उसे एक कप्तान के बजाय एक इंसान के रूप में बेहतर बनने में मदद करना चाहेंगे।

नेहरा ने इस संदर्भ में हार्दिक का उदाहरण दिया जिन्हें 2022 में कप्तान के रूप में टीम से जोड़ा गया था। उन्होंने कहा कि हार्दिक के गुजरात टाइटंस से जुड़ने से पहले उन्हें किसी टीम की कप्तानी करने का अनुभव नहीं था। आईपीएल में 10 टीम खेलती हैं और आपको नए कप्तान देखने को मिलेंगे। श्रेयस अय्यर और यहां तक की नितीश राणा ने भी कोलकाता नाइट राइडर्स की कप्तानी की। यह देखना होगा कि कौन खिलाड़ी कप्तान के रूप में आगे बढ़ता है।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री ने दिखाई दरियादिली... सड़क हादसा देख रुकवाया काफिला



**पणजी , एजेंसी।** गोवा में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। यहां एक ट्रक घाटी में गिर गया। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और पांच बच्चों सहित 13 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। समाचार एजेसी पीटीआई ने पुलिस के हवाले से बताया कि यह हादसा दक्षिण गोवा जिले के क्यूपेम शहर के पास हुआ है। सभी लोग ट्रक पर सवार थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि चालक ने ट्रक से नियंत्रण खो दिया था, जिसके बाद ट्रक पलट गया और घाटी में गिर गया। उन्होंने कहा कि ट्रक में सवार लोग उसमें दब गए। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच बच्चों और तीन महिलाओं सहित 13 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हालांकि, हादसे के बाद मौके से गुजर रहे मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने घायलों की मदद की। बता दें कि गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और समाज कल्याण मंत्री सुभाष फल देसाई चुनाव प्रचार के बाद रास्ते से गुजर रहे थे। इस दौरान उन्होंने रास्ते में एक्सीडेंट देख अपने काफिले को रोका और घायलों की मदद की। पुलिस ने बताया कि घायल लोगों को ट्रक से बाहर निकाला गया और पणजी के पास गोवा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### सीएए का उद्देश्य प्रताड़ितों को राहत देना, उपराष्ट्रपति धनखड़ ने संविधान का दिया हवाला

**हैदराबाद , एजेंसी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि सीएए का उद्देश्य किसी भी मौजूदा नागरिक के अधिकारों का उल्लंघन किए बिना पड़ोसी देशों में सताए गए धार्मिक अल्पसंख्यकों को राहत प्रदान करना है। कान्हा शांति वनम में वैश्विक आध्यात्मिक महोत्सव को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि सीएए के संबंध में, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोग ऐतिहासिक संदर्भ और पड़ोस में सताए गए अल्पसंख्यकों पर सीएए के कारण पड़ने वाले सुखद प्रभाव को पहचानने में विफल रहे। संविधान न्याय के मूल्यों को स्थापित करता है उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय संविधान धर्मनिरपेक्षता, समानता और न्याय के मूल्यों को स्थापित करता है। सीएए के माध्यम से हाल के कदमों का उद्देश्य किसी भी मौजूदा नागरिक के अधिकारों का उल्लंघन किए बिना सताए गए धार्मिक अल्पसंख्यकों को राहत प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, अन्यायपूर्ण और असमान विकास, धर्म या विश्वास के आधार पर दमन, असहिष्णुता, भेदभाव और हिंसा बढ़ने से विश्व परिदृश्य चिंताजनक है। इस स्थिति में हमारा भारत जो मानवता के छठे हिस्से का ठिकाना है, आशा की एक किरण है। हमारी सभ्यता के लोकाचार के केंद्र में सर्व धर्म समभाव का सिद्धांत है।

### लक्जरी होटल को लगाया चूना, फिर बीएमडब्ल्यू से पहुंचा आर्मी हेडक्वार्टर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय सेना के पूर्वी कमान मुख्यालय फोर्ट विलियम में एक धोखेबाज के एंट्री करने की कोशिश का मामला सामने आया है। कोलकाता स्थित इस हेडक्वार्टर में यह शख्स खुद को हाई-रैंक ऑफिसर बताकर घुसने की फिराक में था। हांलाकि, उसकी चाल तभी नाकाम हो गई जब वह अधिकारियों के एंट्री रजिस्टर में अपनी डिटेल नहीं लिख सका। यह नटवरलाल खुद को सेना का मेजर बता रहा था। इतना ही नहीं, वह एक काले रंग की बीएमडब्ल्यू कार से फोर्ट विलियम पहुंचा था जिसे एक ड्राइवर चला रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक, एंट्री गेट पर इस शख्स ने अपने फोन पर एक आईडी कार्ड दिखाया। इस आइडी कार्ड पर 5वीं गोरखा राइफल्स (फ्रंटियर फोर्स) यूनिट के मेजर एमएस चौहान का नाम लिखा था। इस दौरान उससे अधिकारियों के एंट्री रजिस्टर में अपनी डिटेल लिखने के लिए कहा गया। मगर, वह महज अपना मोबाइल नंबर ही लिख पाया।

# अरविंद केजरीवाल के लिए सिर्फ सीटों की लड़ाई नहीं, चेहरा बचाने की भी जंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल अपने सियासी चढ़ाव पर हैं। उन्होंने बीते 12 वर्षों में बगैर किसी राजनीतिक पृष्ठभूमि या परिवार के नई पार्टी आप को राष्ट्रीय पटल पर लाकर खड़ा कर दिया है।

आम आदमी पार्टी ने जिस कांग्रेस सरकार के खिलाफ आंदोलन कर राजनीति की सीढ़ियां चढ़ी, आज उसी कांग्रेस के साथ चार राज्यों में गठबंधन कर आप लोकसभा चुनाव लड़ रही है। इन सबके बीच अरविंद केजरीवाल की चुनौती अपनी ईमानदार छवि को बरकरार रखने की है। जिस भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़कर वह राजनीति में आए, आज खुद वह उन्हीं आरोपों में घिरे हैं। उनकी पार्टी के कई वरिष्ठ नेता भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में करीब एक वर्ष से जेल में है। यह लोकसभा चुनाव उनके लिए सिर्फ राजनीतिक लड़ाई नहीं है बल्कि जीत के साथ जनता के बीच अपनी छवि को सही साबित करने की चुनौती है।

संगठन मजबूत करने से लेकर प्रचार और इंडिया गठबंधन के साथ चलना भी उनके सामने एक बड़ी चुनौती है। दिल्ली में अगले वर्ष विधानसभा चुनाव होने हैं। केजरीवाल लगातार तीन बार 2013, 2015 फिर 2020 में प्रचंड बहुमत लाकर दिल्ली के मुख्यमंत्री की कुर्सी पर काबिज हैं।

केजरीवाल ने 2 अक्तूबर 2012 को राजनीतिक दल बनाने की घोषणा की थी। नवंबर 2012 में आम आदमी पार्टी के नाम से दल की घोषणा की। 2013 में कांग्रेस के समर्थन से दिल्ली के मुख्यमंत्री बने। हालांकि 49 दिन में यह सरकार गिर गई। वर्ष 2015 में दिल्ली में 70 में से 67 सीट जीतकर सरकार बनाई। 2020 में 62 सीट जीतकर दिल्ली के मुख्यमंत्री बने। 2022 में पंजाब में 92 सीट जीतकर आप की सरकार बनी। गुजरात में पार्टी ने पांच विधानसभा और गोवा में 2 विधानसभा सीट पर जीत हासिल की। 2023 में राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिला।

अरविंद केजरीवाल का जन्म 16 अगस्त 1968 में हरियाणा के हिसार जिले में हुआ। 1989 में आईआईटी खड़गपुर से इंजीनियरिंग की डिग्री ली। फिर 1992 में आईआरएस सेवा के लिए चयनित हुए। आठ साल नौकरी करने के बाद उन्होंने 2000 में नौकरी छोड़ने का फैसला किया। फिर सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून को लेकर काम किया। वर्ष 2010 में उन्होंने इंडिया अगेंस्ट करप्शन की शुरुआत की। 2010 में भ्रष्टाचार के खिलाफ अन्ना आंदोलन से जुड़े। वर्ष 2012 में उन्होंने राजनीतिक पारी की शुरुआत की।



गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र में 26 मार्च को दूसरे चरण में मतदान होगा। इस बार सांसद चुनने के लिए 26 लाख से ज्यादा लोग मतदान करेंगे। पांच विधानसभा क्षेत्र के इस लोकसभा में सबसे ज्यादा मतदाता नोएडा विधानसभा के हैं। पिछले दो चुनावों में भाजपा ने जीत दर्ज की है।

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 26 लाख 20 हजार मतदाता मतदान करेंगे, जिसमें 14 लाख 21 हजार पुरुष और 11 लाख 98 हजार महिला मतदाता होंगे। मतदान के लिए 2669 बूथ होंगे। गौतमबुद्धनगर में नोएडा, दादरी, जेवर, खुर्जा और सिकंद्राबाद विधानसभा शामिल है। खुर्जा और सिकंद्रबाद बुलंदशहर जिले का हिस्सा हैं। गौतमबुद्धनगर और बुलंदशहर चुनाव अधिकारी ने जनवरी तक के आंकड़ें जारी किए हैं। लिहाजा चुनाव से पहले इसमें मामूली फेरबदल की संभावना है। पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले इस बार करीब 3 लाख 40 हजार मतदाता ज्यादा होंगे। पिछली बार 22.41 लाख मतदाताओं ने मतदान किया था। 2019 लोकसभा चुनाव में 60.49 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया था। वहीं 2014 में 60.39 प्रतिशत लोग लोकतंत्र के पर्व में शामिल हुए थे।

गौतमबुद्धनगर लोकसभा (पहले खुर्जा) बनने के बाद से तीन लोकसभा चुनाव में दो बार भाजपा ने जीत दर्ज की है। पहले चुनाव में बसपा ने जीत हासिल की थी। 2009 लोकसभा चुनाव में करीब 15 हजार मतों से हार के बाद 2014 में भाजपा ने समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार को 2,80, 212 मतों के अंतर से हराया। वहीं 2019 में जीत का अंतर और बढ़ गया। इस चुनाव में डॉ. महेश शर्मा ने बसपा उम्मीदवार को 3, 36, 922 मतों से मात दी। इस चुनाव में बसपा और सपा में गठबंधन था।

लोकसभा चुनाव में महिला मतदाताओं के प्रतिशत दर में इजाफा हुआ है। पिछले चुनाव में जिले में महिला मतदाता की दर 802 थी, जो इस बार 815 हो गई है। वहीं युवा मतदाताओं की दर 0.26 से बढ़कर 1.30 प्रतिशत हो गई है। 80 वर्ष से अधिक उम्र के सीनियर सिटिजन मतदाता 1.45 प्रतिशत है। वहीं, दिव्यांग मतदाताओं का प्रतिशत 0.45 रहा है। पिछले चुनाव में बूथ नंबर 619, 620 व शारदा विश्वविद्यालय, झुंडपुरा, जेजे कॉलोनी आदि को सबसे कम मतदान हुआ था। डीएम ने बताया कि विश्वविद्यालय के बने बूथ में ऐसे युवा मतदाता को शामिल किया गया था, जो कॉलेजों में पढ़ाई करने के बाद बाहर रह रहे थे। वे यहां वोट डालने ही नहीं पहुंचे। कई इलाकों में बीएलओ की गलतियों से मतदान प्रतिशत घटा। इस बार बीएलओ को अपने अपने क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदाताओं के नाम सूची में शामिल करने का प्रमाण पत्र भी देना होगा।




## साल 2024 बनाएगा नया रिकॉर्ड, दुनियाभर में 400 करोड़ से ज्यादा मतदाता डालेंगे वोट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साल 2024 लोकतांत्रिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय बनने की ओर बढ़ रहा है। दरअसल, इस साल दुनिया के 60 देशों में मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करके एक नया रिकॉर्ड बनाने वाले हैं। कहा जा सकता है कि दुनिया की आधी से अधिक आबादी इस बार मतदान करने वाली है। संभावना जताई जा रही है कि 4 बिलियन यानी 400 करोड़ मतदाताओं के शामिल होने की उम्मीद है। अलग-अलग देशों में राष्ट्रपति से लेकर विधायी और स्थानीय चुनाव शामिल होंगे। 2024 का चुनावी कैलेंडर विविध प्रकार के मील के पत्थर प्रस्तुत करता है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत ने भी लोकसभा चुनाव 2024 की पूरी तैयारी कर ली है। मुख्य चुनाव आयोग ने 16 मार्च को चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी। 18वीं लोकसभा चुनाव का आयोजन 19 अप्रैल से 1 जून तक सात चरणों में किया जाएगा। वहीं, मतगणना 4 जून को किया जाएगा। चुनाव आयोग के मुताबिक, लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भारत में कुल मतदाताओं की संख्या 96.8 करोड़ है। बता दें कि 2019 में देश में मतदाताओं की संख्या 89 करोड़ 78 लाख के करीब थी। कुल मतदाताओं में से महिला मतदाताओं की संख्या 47.1 करोड़ है, पुरुष मतदाताओं 49.7 करोड़ और लगभग 48,000 ट्रांसजेंडर मतदाता है। वहीं, फर्स्ट टाइम वोटर्स की संख्या 1.82 करोड़ है। मतदाताओं के लिए चुनाव आयोग ने खास तैयारियां की हैं। इस साल चुनाव के लिए 1.48 लाख पोलिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। इन सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं रखी गई हैं। इसके अलावा, लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाताओं के लिए 55 लाख ईवीएम का इस्तेमाल करेंगे।

इसके साथ ही, इस साल पोस्टल बैलेट के जरिए 19.1 लाख सेवा कार्मिक और अन्य मतदाता वोट करेंगे, जो चुनावी ड्यूटी पर तैनात रहेंगे।

# मैं करियर बनाने नहीं आया, पीएम पद की रेस पर बोले गडकरी; फडणवीस पर भी खुलकर बात

**मुंबई, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के संबंधों को लेकर खूब चर्चा होती है। उन्होंने तमाम चर्चाओं पर खुद ही जवाब दिया है। उन्होंने बताया है कि पीएम मोदी और फडणवीस के साथ उनके कैसे संबंध हैं। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री पद के लिए उम्मीदवार बनने की रेस में शामिल होने की अटकलों पर भी विराम लगा दिया है।



गडकरी ने फडणवीस के साथ मतभेदों की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि वह फडणवीस के गुरु थे। साथ ही गडकरी ने यह भी कहा कि वह राजनीति में करियर बनाने के लिए नहीं आए हैं। वह एक जमीनी स्तर के कार्यकर्ता और आरएसएस स्वयंसेवक बना रहना पसंद करते हैं। पीएम मोदी के बारे में पूछे जाने पर गडकरी ने कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने काफी अच्छा काम किया था। 2014 में उन्हें पीएम कैंडिडेट घोषित करने के कारण बीजेपी को 2014 का चुनाव जीतने में मदद मिली थी। 2019 में भी हमने उनके नेतृत्व में अपना शानदार प्रदर्शन दोहराया। आज दस साल बाद हम यह कह पाने की स्थिति में हैं कि भाजपा ने एक दशक में जो हासिल किया, कांग्रेस पिछले 60-65 वर्षों में भी नहीं कर सकी। देश की जनता ने मोदी सरकार पर भरोसा जताया है। एक बार फिर रिकॉर्ड अंतर से हमें चुनेंगे। गडकरी ने कहा कि हम निश्चित तौर पर 400 का आंकड़ा पार करेंगे।

इस सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि राजनीति सामाजिक-आर्थिक सुधारों का एक साधन है। इसलिए मेरा पदों को लेकर कोई आकर्षण नहीं है। पीएम मोदी के साथ मेरे रिश्ते बहुत मधुर हैं।

इस सवाल के जवाब में गडकरी ने कहा कि ऐसी अटकलें लगती हैं कि फडणवीस के साथ कुछ मुद्दों पर एकमत नहीं हैं। मैंने फडणवीस के राजनीतिक प्रवेश की पहल उनके पिता से मिलने के बाद की थी। जब एक ही क्षेत्र से दो बड़े नेता हों तो लोग कयास लगाते रहते हैं। मैं इस मामले में हस्तक्षेप नहीं करता हूं। ना ही मेरी कोई शिकायत है। हमारे बीच कोई मतभेद नहीं है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले भी मुझसे सलाह लेते हैं। मैं उनसे कहता हूं कि नफा-नुकसान पर विचार करने के बाद ही निर्णय लें।

इस सवाल के जवाब में गडकरी ने कहा कि मैं कभी भी प्रधानमंत्री पद की दौड़ में नहीं था। आज मैं जो कुछ भी हूं, उससे संतुष्ट हूं। मैं दृढ़ विश्वास के साथ एक प्रतिबद्ध भाजपा कार्यकर्ता हूं। मैं हिसाब-किताब लगाते रहने वाला नेता नहीं हूं। मैं सबका साथ सबका विकास में विश्वास करता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार सराहनीय काम कर रही है। मुझे विश्वास है कि हम मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार केंद्र में फिर से सरकार बनाएंगे।

# इजरायल ने दक्षिणी सीरिया में हवाई हमले को दिया अंजाम, एक सैनिक की मौत

**बेरूत , एजेंसी।** इजरायल ने रविवार (17 मार्च) को दक्षिणी सीरिया में कई स्थानों पर हवाई हमले किए। इस हमले में सीरिया का एक सैनिक घायल हो गया। राज्य समाचार एजेंसी ने एक अनाम सैन्य अधिकारी का हवाला देते हुए कहा कि हवाई सुरक्षा ने कुछ मिसाइलों को मार गिराया, जो इजरायल के कब्जे वाले गोलान हाइट्स की दिशा से आई थीं।



ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के अधिकारी ने कहा कि इजरायली की ओर से दमिश्क के उत्तर-पूर्व में कलामौन पहाड़ों में दो सैन्य स्थलों पर भी हमला किए। पिछले हफ्ते इजरायली सेना ने कहा था कि उसने पिछले पांच महीनों में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर 4,500 हमले किए हैं, जिनमें से अधिकांश लेबनान में थे, जबकि कुछ सीरिया में थे। युद्ध के बीच संघर्षविराम को लेकर फिलहाल अच्छे संकेत मिल रहे हैं। कतर में मौजूद इजरायली खुफिया एजेंसी के प्रमुख डेविड बर्निया ने कतर के प्रधानमंत्री और मिस्त्र के अधिकारियों से मुलाकात के बाद इस आशय के संकेत दिए। गाजा में अभी तक के युद्ध में मारे जाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 31,553 हो गई है। इजरायली सुरक्षा बलों ने वेस्ट बैंक में शनिवार को भी एक युवक को मारा है। इसके अतिरिक्त लेबनान में इजरायल के हवाई हमले में हमास के दो नेता मारे गए हैं।

## रूस के राष्ट्रपति पद के मतदान के अंतिम दिन यूक्रेन का बड़ा ड्रोन अटैक, मॉस्को पर किए लगातार हमले

**मॉस्को, एजेंसी।** रूस में राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान किए गए और माना जा रहा है कि अगले 6 सालों के लिए व्लादिमीर पुतिन ही देश में शासन करेंगे। चुनावी माहौल के बीच यूक्रेन ने रविवार को मॉस्को पर लगातार ड्रोन हमले किए। रूसी रक्षा मंत्रालय ने रात भर में 35 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराने की सूचना दी, जिनमें मॉस्को क्षेत्र में चार ड्रोन शामिल थे। हालांकि, इस हमले में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने कहा कि कोई हताहत या क्षति नहीं हुई है। दो अन्य ड्रोन मॉस्को के इस क्षेत्र में दागे गए रक्षा मंत्रालय के अनुसार, अन्य दो ड्रोन मॉस्को के ठीक दक्षिण में कलुगा क्षेत्र और मॉस्को के उत्तर-पूर्व में यारोस्लाव क्षेत्र में दागे गए। यारोस्लाव क्षेत्र पर हमले, यूक्रेन द्वारा अब तक किए गए सबसे दूर के हमलों में से कुछ थे। यह इलाका यूक्रेनी सीमा से लगभग 800 किलोमीटर (500 मील) दूर स्थित है। सुरक्षा परिषद की शुक्रवार की बैठक के दौरान उन्होंने प्रतिज्ञा की दुश्मन के उन हमलों को न तो दंडित किया गया है और न ही छोड़ा जाएगा। मुझे यकीन है कि हमारे लोग, रूस के लोग, और भी अधिक एकजुटता के साथ इसका जवाब देंगे।रूसी सेनाओं ने अपनी मारक क्षमता पर भरोसा करते हुए, अग्रिम पंक्ति में कुछ धीमी और वृद्धिशील बढ़त हासिल की है, जबकि यूक्रेन ने रूस के अंदर अधिक ड्रोन हमलों और सीमा पार छापे के साथ मुकाबला किया है। शनिवार को, नियमित हमलों का सामना करने वाले रूसी सीमावर्ती शहर बेलगोरोड में यूक्रेनी गोलाबारी में दो लोग मारे गए और तीन अन्य घायल हो गए। रूसी सेना ने यह भी दावा किया कि उसने शनिवार को यूक्रेनी तोड़फोड़ और टोही समूहों द्वारा सीमा पार घुसपैठ के एक और प्रयास को विफल कर दिया। रूसी स्वयंसेवी कोर -जिसमें यूक्रेनी सेना के साथ लड़ने वाले रूसी भी शामिल हैं। ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया जिसमें 25 रूसी सैनिकों को पकड़ने का आरोप लगाया गया। दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी। युद्ध शुरू होने के बाद से क्षेत्र में सीमा पार हमले छिटपुट रूप से हुए हैं।

# पीटीआई-एसआईसी का विलय सर्वोत्तम निर्णय

## पीटीआई अध्यक्ष बैरिस्टर गोहर अली खान ने फैसले पर जताई खुशी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ और सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के विलय पर पीटीआई के अध्यक्ष बैरिस्टर गोहर अली खान ने बयान दिया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ने मौजूद परिस्थितियों में गंभीर और सर्वोत्तम निर्णय लिया।

दरअसल, उनका यह बयान पीटीआई और एसआईसी विलय पर पार्टियों के अंदर से कुछ परस्पर विरोधी आवाजें उठने के बाद आया है। उन्होंने कहा कि न केवल आरक्षित सीटें, बल्कि हम अपने स्वतंत्र उम्मीदवारों से भी सुरक्षा प्राप्त करना चाहते थे, क्योंकि किसी राजनीतिक दल में विलय से दलबदल भी रुक जाएगा। गोहर ने पीटीआई के संस्थापक इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के खिलाफ 190 मिलियन यूरो के घोटाले मामले की सुनवाई के बाद



अदियाला जेल के बाहर मीडिया से बात करते हुए यह बात कही। द न्यूज इंटरनेशनल के अनुसार, उन्होंने दोहराया कि पीटीआई-एसआईसी विलय बहुत विचार-विमर्श के बाद लिया गया सबसे अच्छा निर्णय था। पीटीआई अध्यक्ष गोहर ने आगे उम्मीद जताई कि शीर्ष अदालत इमरान खान की पार्टी को न्याय प्रदान करेगी, जिसे महिलाओं और अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित सीटें पाने के योग्य होने के कारण खारिज कर दिया गया था। उन्होंने विस्तार से बताया कि पीटीआई की नजर कुल 80 सीटों पर है, जिनमें महिलाओं के लिए 67 आरक्षित सीटें और अल्पसंख्यकों के लिए 11 सीटें शामिल हैं। गोहर ने कहा कि वे यह जानने के लिए शीर्ष अदालत से संविधान के अनुच्छेद 51 की व्याख्या भी मांगेंगे कि क्या किसी पार्टी को जीतने वाली सीटों के अनुपात से अधिक आरक्षित सीटें मिल सकती हैं या नहीं। गोहर ने घोषणा की कि पीटीआई को आरक्षित सीटें देने से इनकार करने के पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) के फैसले को बरकरार रखने वाले पेशावर उच्च न्यायालय (पीएचसी) के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जाएगी। इससे पहले गुरुवार को, पीटीआई को एक बड़ा झटका लगा जब पीएचसी ने ईसीपी के फैसले को चुनौती देने वाली पीटीआई समर्थित एसआईसी की याचिका को खारिज कर दिया, जिसने पार्टी को आरक्षित सीटें देने से इनकार कर दिया था। द न्यूज इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, अदालत ने आगे कहा कि याचिकाएं सर्वसम्मति से खारिज कर दी गईं। इसके अलावा, उन्होंने विदेशों में चल रहे विरोध प्रदर्शनों से किसी भी तरह के जुड़ाव को भी खारिज कर दिया और स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी का अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक (डब्ल्यूबी) मुख्यालय के बाहर हाल के प्रदर्शनों में कोई हिस्सा नहीं था। बैरिस्टर गौहर ने कहा कि अगर विदेशी पाकिस्तानी कुछ बना रहे हैं तो यह उनका अपना फैसला होगा। उल्लेखनीय है कि द न्यूज इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान में 2024 के आम चुनावों में कथित अनियमितताओं के खिलाफ विदेशों से आए कई पीटीआई कार्यकर्ताओं ने वाशिंगटन में आईएमएफ और डब्ल्यूबी मुख्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। एक सवाल के जवाब में पीटीआई अध्यक्ष गोहर ने कहा कि पार्टी ने आईएमएफ से पाकिस्तान को वित्तीय सहायता देना बंद करने के लिए नहीं कहा; हालाँकि, इसने स्वीकार किया कि पार्टी ने वैश्विक ऋणदाता से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और अपने धन के पारदर्शी आवंटन के लिए अपनी प्रतिबद्धताओं को वापस लेने का आग्रह किया।

## पाकिस्तान एओओए ने कबूला- ईयू ने व्यावसायिकता की कमी कारण पाकिस्तानी एयरलाइंस पर लगाए प्रतिबंध

**पेशावर एजेंसी।** पाकिस्तान के एयरक्राफ्ट ओनर्स एंड ऑपरेटर्स एसोसिएशन ने हाल ही में विमानन उद्योग की असफलताओं पर प्रकाश डालते हुए एक श्वेत पत्र जारी किया, जिसमें व्यावसायिकता की कमी को जिम्मेदार ठहराया गया । डॉन की रिपोर्ट के अनुसार व्यावसायिकता की कमी के परिणामस्वरूप पायलट लाइसेंस संबंधी समस्याएं पैदा हुईं, जिसके कारण यूरोपीय संघ (ईयू) देशों ने अपने क्षेत्रों में पाकिस्तानी एयरलाइंस के संचालन पर प्रतिबंध लगा दिया है। श्वेत पत्र में, एओओए ने उद्योग के भीतर उपयुक्त पदों पर सही व्यक्तियों को रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने उद्योग की गिरावट के विभिन्न कारणों को रेखांकित किया और इसे सुधारने के लिए उपाय प्रस्तावित किए। एओओए ने कहा कि मामले की संवेदनशीलता को न समझने के कारण पूर्व विमानन मंत्री गुलाम सरवर खान को नागरिक उड्डयन प्राधिकरण द्वारा गलत जानकारी दी गई कि कई पायलटों के पास फर्जी लाइसेंस हैं। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, इसने पूरे उद्योग को नष्ट कर दिया और पाकिस्तानी एयरलाइंस को यूरोप और संयुक्त राज्य अमेरिका में परिचालन से प्रतिबंधित कर दिया गया। एओओए ने अपनी रिपोर्ट में अफसोस जताया, पायलटों की हालिया सजा फर्जी लाइसेंस की अनुपस्थिति को साबित करती है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादक: रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129